ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • आषाढ़ कृष्ण पक्ष 03 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 07 जून 2023 • वर्ष-24 • अंक- 124 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



ऑस्ट्रेलिया अब भारत को हल्के में नहीं ...

पेज 10 पर

## झारखंड में 10 जून तक लू का अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में अभी मौसम का मिजाज और गर्म होगा। धूप तेज होगी, तापमान बढ़ेगा और राज्य के कई हिस्सों में लू चलेगी। थोड़ी बारिश से भले ही कुछ जिलों के तापमान में गिरावट दर्ज की गई हो लेकिन मौसम विभाग लू को लेकर लगातार अलर्ट जारी कर रहा है।

इस मौसम में सावधान रहने, बेवजह धूप में बाहर ना निकलने और बढ़ते तापमान में खुद को सुरक्षित रहने की अपील की है। झारखंड के जिन इलाकों में तापमान बढ़ रहा है उनमें उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और



साहिबगंज जैसे इलाके हैं, जहां तापमान में वृद्धि हो रही है। इन इलाकों में लू चल रही देवघर में अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री के आंकड़े को पार कर रहा है।

गढ़वा में 40.7, गिरिडीह में 40.2, गोड्डा में 43.4, पाकुड़ में 41.7, साहिबगंज में 40.3, पूर्वी सिंहभूम में 41.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अभी स्पष्ट तौर पर चेतावनी दी है कि तापमान के बढ़ने से गर्म हवा और लू का खतरा बढ़ रहा है। राज्य के उत्तर-पूर्व तथा दक्षिण-पूर्व इलाकों के लिए लू की चेतावनी है। अगले चार दिनों तक राज्य में मौसम शुष्क रहने की संभावना जाहिर की गयी है।

मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने मंगलवार को बताया कि झारखंड के कुछ हिस्सों में आठ जून तक लू की स्थिति रहेगी। मौसम विभाग ने 10 जून तक के लिए अलर्ट जारी की है। भीषण गर्मी के बीच सोमवार को कुछ जिले में बारिश हुई थी। रांची से सटे खूंटी जिले में 6.5 मिलीमीटर वर्षा के बाद तापमान में 0.4 डिग्री कि गिरावट दर्ज की गयी। खूंटी का तापमान आज 39.1 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया।

## झारखंड में 26 हजार सहायक आचार्य की होगी नियुक्ति

### शिक्षा सचिव ने कहा- इसी सप्ताह भेजी जायेगी अधियाचना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के सरकारी स्कूलों में खाली पड़े शिक्षकों के पदों को भरने को लेकर राज्य सरकार गंभीर है। इसके तहत सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जहां 2016 से लंबित करीब दस हजार हाईस्कूल शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया जारी है। वहीं, सहायक आचार्य के करीब 26 हजार पदों पर नयी नियुक्ति शुरू करने की तैयारी की गई है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से होने वाले चयन के लिए शिक्षा विभाग ने तैयारी पूरी कर ली है। शिक्षा सचिव के रवि कुमार के अनुसार इसी सप्ताह अधियाचना झारखंड कर्मचारी चयन आयोग को



भेज दिया जाएगा। इसके अलावे जून के अंत में हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति 2016 के तहत विभिन्न विषयों के करीब 4 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की तैयारी की जा रही है। इन शिक्षकों का सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन सहित अन्य विभागीय प्रक्रिया की जा रही है। ऐसे होगी सहायक आचार्य की नियुक्तिः राज्य सरकार के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में 50 हजार से अधिक रिक्तियां हैं जिस वजह से शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहा है। इन विद्यालयों में सहायक आचार्य की नियुक्ति करने की हरी झंडी दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने सबसे पहले दी थी। जगरनाथ महतो की पहल पर सरकार के विभिन्न विभागों में फाइलें घूमती रही। जिला स्तर पर आर्थिक रूप से कमजोर यानी ईडब्ल्यूएस का आरक्षण व्यवस्था नहीं होने के कारण यह लटकता रहा बाद में सरकार ने 10% ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षण का प्रावधान कर जिला स्तर पर रोस्टर क्लीयरेंस कराया तत्पश्चात शिक्षा विभाग पूरी तरह से सहायक आचार्य की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी में है। इसके तहत एक से 5 वर्ग के लिए 20,825 पद वहीं कक्षा 6 से 8 के लिए 29175 पदों पर नियुक्ति की जायेगी। जेएसएससी के द्वारा 26,000 पद के लिए होने वाली परीक्षा में वर्ष 2013 और 2016 में जेटेट पास परीक्षार्थी शामिल होंगे। राज्य सरकार के आरक्षण प्रावधान के तहत इस नियुक्ति प्रक्रिया में 60% सीटें आरक्षित रहेंगी। इस नियुक्ति प्रक्रिया में पारा शिक्षक, बीआरपी, सीआरपी, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के शिक्षकों के लिए आरक्षण की व्यवस्था होगी।

## NEWS इन ब्रीफ

### ट्रिपल टेस्ट के लिए आयोग गठन का प्रस्ताव तैयार

**रांची।** झारखंड में होने वाले नगर निकाय चुनाव से पहले राज्य सरकार ट्रिपल टेस्ट करवाने वाली है। इसके तहत ओबीसी आरक्षण की सीमा तय करने के लिए आयोग का गठन किया जाएगा। नगर विकास विभाग ने आयोग के गठन का प्रस्ताव तैयार कर लिया है। यह प्रस्ताव कैबिनेट से मंजूरी के लिए लंबित है। आयोग में अध्यक्ष और सदस्य कौन होंगे। यह अभी सामने नहीं आया है लेकिन हाई कोर्ट के किसी सीटिंग या रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में आयोग बनाने का प्रस्ताव तैयार हुआ है। अपने गठन के बाद डेढ़ से दो महीने के अंदर आयोग ओबीसी आरक्षण की सीमा तय करने के लिए सर्वे कर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगा। नगर निकाय चुनाव में देर होने से झारखंड को 15वें वित्त आयोग की मदद से वंचित होना पड़ सकता है। शहरी निकायों के विकास के लिए झारखंड ने करीब 1600 करोड़ रुपये का दावा वित्त आयोग से किया है। झारखंड में 48 नगर निकायों में चुनाव कराया जाना है। इनमें से 34 निकायों का कार्यकाल अप्रैल 2023 में खत्म हो चुका है। वहीं 13 निकायों में पिछले तीन साल से चुनाव लंबित है।

### डॉ आरके गुप्ता बने रिम्स के प्रभारी निदेशक



**रांची।** डॉ कामेश्वर प्रसाद के निदेशक पद से इस्तीफे के बाद रिम्स निदेशक को लेकर लगाए जा रहे कयास पर विराम लग गया है। आई डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ आरके गुप्ता को रिम्स की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। उन्होंने प्रभार ग्रहण कर लिया है। रिम्स निदेशक के प्रभार के लिए चार सीनियर डॉक्टरों के नाम विभाग को भेजे गए थे। जिसमें मेडिसीन विभाग के एचओडी डॉ विद्यापति, आई डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ आरके गुप्ता, मेडिसीन विभाग के सीबी शर्मा और एनाटोमी के डॉ एके दूबे के नाम शामिल थे।

### मणिपुर मुठभेड़ में तीन जवान शहीद

**इंफाल।** मणिपुर में संदिग्ध उग्रवादियों के साथ हुई भीषण मुठभेड़ में बीएसएफ का एक और असम राइफल्स के दो जवान शहीद हो गए।

### दुमका में पति को मार डाला, गिरफ्तार

**दुमका।** जिले के रानेश्वर थाना क्षेत्र के बांकाकेन्द्र गांव में पत्नी ने पति के सिर पर सरिया से वार कर मौत के घाटा उतार दिया। मृतक रविनाथ टुडू (26) है। पुलिस आरोपित पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार पति.पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। पत्नी ने सरिया लेकर पति पर वार कर दिया। रविनाथ के कान में गंभीर चोट आई और वह लहुलहान हो गया। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

# राजधानी में युवक की गोली मारकर हत्या

### गैंगवार में हत्या की आशंका

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के एदलहातु में बिट्टू खान नाम के युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मिली जानकारी के अनुसार बिट्टू खान एदलहातु के टोंटे चौक के पास स्थित सरना स्थल के पास खड़ा था। इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधियों ने उस पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। बिट्टू खान को 4 से ज्यादा गोलियां लगी इसके बाद अन्य लोगों ने उसे आनन-फानन में अस्पताल भेजा लेकिन वहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। गोलीबारी की सूचना पाकर बरियातू पुलिस मौके पर पहुंच मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है शहर से बाहर जाने वाले रास्तों को सील कर पुलिस चेकिंग अभियान चला रही है। मिली जानकारी के अनुसार बिट्टू खान हाल में ही जेल से बाहर आया था। आशंका है कि गैंगवार को लेकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया है।



**छह महीने पहले ही जेल से निकला था बिट्टू**

**बिट्टू खान** पर कुख्यात गैंगस्टर कालू लामा की रेकी कर हत्या कराने का आरोप लगा था। उस दौरान बिट्टू खान को गिरफ्तार कर लिया गया था। छह महीना पहले ही वह जेल से बाहर आया था। बिट्टू खान कालू लामा गिरोह के निशाने पर था। मंगलवार को जैसे ही कालू लामा गिरोह के गुर्गों को मौका मिला। उन्होंने बिट्टू खान के घर से कुछ ही दूरी पर उसे गोलियो से भून डाला।

**मोराबादी मैदान में हुई थी कालू लामा की हत्या**

**गौरतलब** है कि दो साल पहले रांची के मोराबादी मैदान में कालू लामा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। लव कुश शर्मा गिरोह के द्वारा कालू लामा की हत्या करवाई गई थी। बिट्टू खान पर आरोप था कि उसी ने रेकी कर अपराधियों को यह बताया था कि कालू लामा मोराबादी स्थित शिबू सोरेन के आवास के पास बैठा हुआ है जिसके बाद उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## प्रिंस खान के गिरोह ने फिर एक कारोबारी को मारी गोली

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

खाड़ी के देश में रहकर धनबाद में गैंग ऑपरेट करने वाले वासेपुर के प्रिंस खान के आतंक राज के आगे पुलिस बेबस है। अब एक और कारोबारी इस गैंग का निशाना बना है। धनबाद के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में ठाकुर मोटर्स नामक प्रतिष्ठान के मालिक सच्चिदानंद ठाकुर को प्रिंस खान के गुर्गे ने गोली मारी है। सोमवार रात हुए इस हमले के बाद उन्हें इलाज के लिए दुगार्पुर रेफर किया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। ठाकुर धनबाद के बरवाअड्डा के ही रहने वाले हैं। नया बाजार स्थित अपनी दुकान बंद कर जब वह भाई के साथ बाइक पर घर जा रहे थे, इसी बीच रानी बांध धईया के पास अपराधियों ने उन्हें पीठ में गोली मार दी। ठाकुर की धनबाद में तीन दुकानें हैं। उनके पास प्रिंस खान का नाम लेकर धमकी भरे फोन पहले से आ रहे थे। इस संबंध में उन्होंने बैंक मोड़ थाने में शिकायत भी दर्ज कराई थी।



ठाकुर को गोली मारे जाने के कुछ ही देर बाद प्रिंस खान के गुर्गे और शूटर मेजर ने पर्चा जारी कर इसकी जिम्मेदारी ली। उसने लिखा कि ठाकुर मोटर्स के मालिक को हमने खुद ठोका है, क्योंकि वह हमारे कॉल को नजरअंदाज कर रहा था और पुलिस के पास केस कर यह साबित करने की कोशिश कर रहा था कि मेजर की गोली से बच जाएगा। पर्चे में लिखा गया है कि जिस किसी के भी पास मेजर का कॉल जा रहा है, वह छोटे सरकार से मैनेज कर ले। बता दें कि प्रिंस खान ने खुद को छोटे सरकार घोषित कर रखा है और रंगदारी के लिए कारोबारियों, ठेकेदारों को धमका रहा है। बीते एक जून को उसके गुर्गों ने धनबाद के दो होटलों में बमबारी कर दहशत फैलाई थी।

उसके गिरोह में पिछले दो सालों में गोलीबारी, हत्या और रंगदारी वसूली की दर्जनों वारदात को अंजाम दिया है। बीते 3 मई को उसके गुर्गों ने वासेपुर के पुराने गैंगस्टर फहीम के बेटे इकबाल खान और उसके साथी गोलू पर गोलियां बरसाई थीं। इसमें गोलू मारा गया था, जबकि इकबाल खान गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। सीआईडी की जांच में यह बात सामने आ चुकी है कि वासेपुर का मोस्ट वांटेड गैंगस्टर प्रिंस खान विदेश भाग गया है। उसने खाड़ी के किसी देश में पनाह ले रखी है और वहीं से धनबाद में अपना गैंग ऑपरेट कर रहा है। पुलिस ने दो दिन पहले प्रिंस खान और अमन सिंह नामक गैंगस्टर के गिरोह के 9 अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था, लेकिन इसके बावजूद प्रिंस के नाम पर आतंक का नेटवर्क कमजोर नहीं पड़ा है।

### ईडी की 33 घंटे तक चली छापेमारी खत्म

## सीलबंद पीले रंग के लिफाफे के साथ अधिकारी रांची रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग के बालू व्यवसायी संजय सिंह के मिशन रोड स्थित आवास पर 33 घंटे तक ईडी की छापेमारी चली। ईडी के अधिकारी मंगलवार की शाम करीब 4.45 बजे रांची के लिए निकल गये। ईडी छापेमारी में पांच सीलबंद पीले रंग के लिफाफे में दस्तावेज भी अपने साथ ले गई। तीन गाड़ी से ईडी की टीम संजय सिंह के आवास पर सोमवार की सुबह 7:00 बजे दस्तक दी थी। उसके बाद से लगातार छापेमारी का दौर चल रहा था। महिला सुरक्षा बल की




उपस्थिति में छापेमारी की गई। सील बंद लिफाफा में ले जानेवाले दस्तावेज के बारे में ईडी ने किसी भी तरह की जानकारी नहीं दी। 33 घंटे की छापेमारी के दौरान किसी भी व्यक्ति को घर के अंदर जाने की इजाजत नहीं दी गई थी । वहीं उनके आवास के गार्ड भी 33 घंटे अंदर ही रहे। साथ ही किसी को बाहर भी निकलने नहीं दिया गया।

## जोनल कमांडर सहित दो नक्सली गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

पुलिस ने भाकपा माओवादी के जोनल कमांडर नागेंद्र उरांव उर्फ चुलबुल उर्फ डॉक्टर तथा सदस्य गोदन कोरबा को गिरफ्तार कर लिया है। जोनल कमांडर नागेंद्र पांकी का रहने वाला है। इस पर लातेहार के अलावा आसपास के जिलों में दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। दस्ता सदस्य गोदन गढ़वा के भंडरिया का रहने वाला है। लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि भाकपा माओवादी का एक दस्ता बूढ़ा पहाड़ के इलाके में सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए जमा हुआ है।

पुलिस की एक टीम बनाकर छापेमारी की गई। पुलिस ने दो लोगों को संदिग्ध अवस्था में जंगल में घूमता हुआ पाया। पुलिस को देखते ही दोनों व्यक्ति भागने लगे लेकिन पुलिस ने उन्हें चारों ओर से घेरकर धर दबोचा। पूछताछ में पता चला कि पकड़े गए लोगों में एक नागेंद्र उरांव है।

**पलामू में टीएसपीसी उग्रवादी गिरफ्तार**

**पलामू।** जिले की छतरपुर पुलिस ने थाने से सटे जपला मोड़ पर बस पकड़ने के लिए खड़े उग्रवादी संगठन टीएसपीसी (तृतीय प्रस्तुति कमेटी) के सक्रिय सदस्य मंटू उर्फ तारकेश्वर कुमार उर्फ छेदी (21) को गिरफ्तार कर लिया। मंटू के खिलाफ छतरपुर और नौडीहा बाजार थाना में एक-एक मामले दर्ज हैं। छतरपुर के थाना प्रभारी शेखर कुमार मंगलवार को बताया कि पांच जून को गुप्त सूचना मिली थी कि मंटू उर्फ तारकेश्वर कुमार उर्फ छेदी आज शाम बाहर भागने की फिराक में है। पुनः शाम में गुप्त सूचना मिली कि मंटू जपला मोड़ के पास बस का इंतजार कर रहा है। सूचना पाते ही मंटू को जपला मोड़ से गिरफ्तार किया गया। मंटू ने अपराध कबूल किया है। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## सुप्रीमो दिनेश गोप की रिमांड अवधि खत्म, जेल

**रांची।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच एनआईए के विशेष न्यायाधीश मधुरेश प्रसाद वर्मा के कोर्ट में पेश किया गया। एनआईए के आग्रह को देखते हुए कोर्ट ने दिनेश गोप को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेजने का आदेश दिया। एनआईए आवश्यकता पड़ने पर फिर से बाद में दिनेश गोप को रिमांड पर ले सकती है। इससे पूर्व सोमवार को एनआईए ने दिनेश गोप को एक दिन के लिए पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया था।

### फैक्ट्री विस्तार के लिए पेड़ों की कटाई की योजना पर उबले लोग , महिलाओं का ऐलान

## जान देंगे पर पेड़ नहीं कटने देंगे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पांच जून को पर्यावरण दिवस पर जहां एक तरफ पेड़-पौधों और जंगलों को बचाने के नारों के साथ जुलूस-जलसों का जोर रहा, वहीं दूसरी तरफ झारखंड के रामगढ़ में इसके अगले ही दिन वन विभाग की टीम एक प्राइवेट फैक्ट्री के विस्तार के लिए 'पेड़ों के बलिदान' का प्रस्ताव लेकर गांव पहुंच गई। ग्रामीणों को इसकी खबर मिली, तो वे उबल पड़े। इलाके के सैकड़ों स्त्री-पुरुष मौके पर इकट्ठा हो गए। महिलाएं पेड़ों से चिपक गईं और ऐलान कर दिया कि एक भी पेड़ को काटने की कोशिश हुई तो पहले उनकी जान लेनी पड़ेगी। बताया गया कि रामगढ़ के कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत बूढ़ाखाप में आलोक स्टील इंडस्ट्रीज नामक एक फैक्ट्री



है। फैक्ट्री के पास वन भूमि और ग्रामीणों की जमीन है। फैक्ट्री प्रबंधन ने प्रदूषण नियंत्रण संयंत्र की स्थापना वन भूमि में करने की योजना बनाई है और इसके लिए वन विभाग को प्रस्ताव सौंपा है। विभाग ने इस प्रस्ताव के अनुरूप पेड़ों की गिनती के लिए मंगलवार को टीम भेजी। जैसे ही पेड़ों की गिनती शुरू हुई, पूरे इलाके में इसकी खबर फैली। देखते-देखते सैकड़ों लोग जुट आए और वन विभाग एवं फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ नारे लगाने लगे। महिलाएं पेड़ों से चिपक गईं और वन विभाग की टीम को इसकी गिनती करने से रोक दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि इस फैक्ट्री के प्रदूषण से वे पहले से परेशान हैं।

फैक्ट्री से निकलने वाले धुएं और गुबार से फसलें खराब हो रही हैं। गांव में कई तरह की बीमारियां फैल रही हैं और अब इसके विस्तार के लिए जंगल की कुबार्नी देने की तैयारी हो रही है, लेकिन यह किसी हाल में नहीं होने दिया जाएगा। रामगढ़ के डीएफओ मनीष कुमार ने इस बाबत पूछे जाने पर बताया कि फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा विभाग से किए गए पत्राचार के आलोक में विभाग की टीम पेड़ों की गिनती करने के लिए गई है। फैक्ट्री प्रबंधन वन भूमि में प्रदूषण नियंत्रण संयंत्र लगाना चाहता है, ताकि फैक्ट्री से हो रहे प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। ग्रामीण वहां इसका प्रोटेस्ट कर रहे हैं।

## आईपीएस में प्रोन्नत होंगे डीएसपी रैंक के अफसर

### एसपी से डीआईजी प्रमोशन छह माह से लंबित

**यूपीएससी में 19 जून को होगी सलेक्शन कमेटी की बैठक**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड पुलिस में डीएसपी रैंक के अफसरों एसपी रैंक में प्रोन्नति मिलेगी। यूपीएससी ने प्रमोशन के लिए सलेक्शन कमेटी की बैठक 19 जून को रखी है। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को उपस्थित होना है। जेपीएससी के दूसरे व तीसरे बैच के वरीय अफसरों को एसपी रैंक में प्रोन्नति मिलेगी। झारखंड पुलिस में 2017, 2018, 2019 और 2020 बैच की रिक्तियों को लेकर बैठक होगी। वर्तमान में राज्य पुलिस में प्रोन्नति से भरे जाने वाले 45 पदों में 24 पद रिक्त हैं। इन रिक्तियों को ही इस बार के प्रोन्नति से भरा जाना है। यूपीएससी के सलेक्शन कमेटी की बैठक के बाद प्रोन्नति से भरे जाने वाले आईपीएस के सभी पद भर जाएंगे। राज्य सरकार के गृह विभाग ने डीएसपी रैंक के अफसरों की वरीयता सूची व एसीआर भी यूपीएससी को भेज दिया है। एक तरफ जहां डीएसपी से एसपी रैंक में अफसरों की प्रोन्नति होनी हैए वहीं दूसरी तरफ 2009 बैच के आईपीएस अधिकारियों को राज्य सरकार ने अबतक डीआईजी रैंक में प्रोन्नति नहीं दी है। देशभर में 2009 बैच के आईपीएस अफसरों की प्रोन्नति दे दी है। झारखंड एकमात्र राज्य हैए जहां प्रोन्नति छह माह की देरी के बाद भी नहीं मिल पायी है। वर्तमान में 2009 बैच में तीन अधिकारी जैप 2 कमांडेंट इंद्रजीत महथा, धनबाद एसएसपी संजीव कुमार व मुसाबनी एसपी संजय रंजन सिंह कार्यरत हैं। संजय रंजन सिंह की सेवा भी महज कुछ माह बची है। ऐसे में ससमय प्रोन्नति नहीं मिलने से उन्हें वित्तीय हानि होगी।

### जांच टीम ने नावाडीह गांव का किया दौरा

# कुंए से पानी नहीं देना समाज के लिए दुर्भाग्यपूर्ण



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
सिल्ली प्रखंड अंतर्गत मंगलवार 6 जून को माकपा जांच टीम का नवाडीह दौरा किया। दौरे के दौरान छूआ - छूत के लिए कुंए से पानी नहीं उठाने देना, आजाद भारत में पानी मांग कर पीना चिंता का विषय है। छूआ- छूत , सामाजिक कुप्रथा के खिलाफ सरकार अभियान चलाये एवं लोहरा समुदाय के लिए शीघ्र बोरिंग की व्यवस्था करने की उठायी मांग।4 सदस्यीय माकपा जांच टीम में झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सह माकपा राज्य सचिव मंडल सदस्य सुफल महतो, ज़िला किसान सभा सचिव दिवाकर सिंह मुंडा, राज्य कौंसिल सदस्य निलकांत मुंडा, ब्रांच सचिव विजय मुंडा द्वारा पिड़ीत लोहरा समुदाय एवं ग्रामीणों मे मिल कर घटना से रूबरू हुए। पिड़ित परिजनों में सुभाष लोहरा,बुटू देवी,सीमा देवी, शिवचरण लोहरा,कमला देवी, सावित्री देवी गोबिंद लोहरा से मिल कर जानकारी ली। ज्ञातव्य है कि 4-5 दिन पूर्व यह घटना प्रकाश में आया ।लोहरा समुदाय तीन पिढ़ी दर पिढ़ी से लोहरा गाड़ी से पानी पीते आरहे थे , गर्मी से सूख जाने के कारण मजबूर हो कर एक महतो के कुंए से पानी लेने के लिए गए लेकिन उन्हें पानी उठाने से मना कर दिया गया ,कहा गया हम कुंए से पानी उठा कर दे सकते हैं लेकिन कुंए से पानी उठाने नहीं दे सकते। इस बीच प्रशासन के हस्तक्षेप के वावजूद लोहरा समुदाय के लोगों को पानी मांग कर पीने एवं खाना बनाने के लिए विवस हैं। 11 लोहरा परिवार में 9 परिवार आवास से बंचीत है, रोजगार कार्ड में एक दिन भी काम नहीं दिया गया तथा घासी गाड़ी गंदा पानी में किसी तरह नहाने के लिए मजबूर हैं।।आजादी के 75 साल बाद भी छूआ - छूत का जड़ कितना गहरा है चिंता का विषय है। जनप्रतिनिधि एवं सरकार इसे रोकने में बिफल रहे हैं। साथ ही न्यूनतम पेयजल सुविधा देने में भी बिफल रही है। इस मुद्दे पर माकपा छूआ- छूत एवं सामाजिक कुप्रथा के खिलाफ जनअभियान चलाएगी। यथाशीघ्र पेयजल सुविधा की मांग करती है।

### जिले में पहले सूर्य मंदिर का हुआ उद्घाटन

**गोड्डा।** बलबड्डा गांव में जिले के पहले सूर्य मंदिर उद्घाटन किया गया। इस मौके पर गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे, भागलपुर के सांसद अजय मंडल और विधायक दीपिका पांडेय सिंह मौजूद रहीं। सूर्य मंदिर के उद्घाटन के मौके पर नौ दिवसीय सूर्य महारुद्र यज्ञ का आयोजन हुआ। जिसमें बनारस समेत देश के कई इलाकों से आए साधु-संतों ने हिस्सा लिया। इस दौरान गंगा आरती के मौके पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त पहुंचे। गौरतलब है कि बलबड्डा का इतिहास काफी पुराना है। इस गांव का ऐतिहासिक महत्व है, जो आजादी से पूर्व तक बलबड्डा स्टेट कहां जाता था। शुरूआत में यहां राजे राजवाड़े हुआ करते थे, बाद में यहां जमींदारी प्रथा रह गई।

# डीसी ने किया प्रतिभाओं को सम्मानित कहा- इनसे प्रेरणा लेने की जरूरत



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
पूर्वी सिंहभूम उपायुक्त विजया जाधव ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले शहर के 4 प्रतिभाओं को सम्मानित किया है। सम्मान समारोह उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान डीसी ने उनकी उपलब्धि की प्रशंसा की। यूपीएससी में 114वीं रैंक लाने वाले जमशेदपुर बारीडीह निवासी मनीष भारद्वाज को सम्मानित किया। डीसी ने कहा कि निश्चित ही आपकी यह उपलब्धि जिले व शहरवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। भारद्वाज ने जमशेदपुर से ही 10वीं और 12वीं की शिक्षा पूरी की थी। उसके बाद बेंगलुरू से इंजीनियरिंग की। पूर्व में भारतीय रेल में भी कॉमर्शियल इंस्पेक्टर के पद पर अपनी सेवा दे चुके हैं। वर्ष 2019 में बिहार लोक सेवा आयोग में चयनित होने के बाद बेगुसराय में एलआरडीसी के पद पर कार्यरत हैं। 23 मई 2023 को माऊंट एवरेस्ट फतह करने वाली पर्वतारोही सह टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन में सीनियर इंस्ट्रक्टर के पद पर कार्यरत अस्मिता दोरजी को उनकी उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। अस्मिता का जन्म नेपाल के एवरेस्ट क्षेत्र में स्थित थेसू गांव में एक शेरपा परिवार में हुआ है। उनके पिता ने 1984 में बछेंद्री पाल के साथ माउंट एवरेस्ट पर चढ़कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की थी।

# इनकम टैक्स रिफंड को लेकर मैसेज भेज रहे साइबर अपराधी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
साइबर अपराधी आम लोगों से ठगी करने का कोई भी मौका हाथ से नहीं जाने देते हैं। अब तो साइबर अपराधियों की नजर लोगों के इनकम टैक्स रिफंड पर भी पड़ चुकी है। ऐसे में साइबर क्राइम ब्रांच और साइबर दोस्त के द्वारा बकायदा वीडियो मैसेज बनाकर और उसका प्रचार-प्रसार कर इनकम टैक्स रिफंड को लेकर हो रहे फजीवाड़े के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। आपके मोबाइल पर अगर इस तरह का कोई भी मैसेज आता है तो आप सावधान हो जाएं और भूल कर भी लिंक को क्लिक न करें। अगर आप ऐसा करते हैं तो आपका गोपनीय पासवर्ड और दस्तावेज साइबर अपराधियों के पास पहुंच जाएंगे। फिर आपके खाते से रुपये की निकासी शुरू हो जाएगी। चुकी वर्तमान समय में जिन लोगों ने भी इनकम टैक्स फाइल किया है, उसके रिफंड का समय आ चुका है। ऐसे में इस मौके को भुनाने के लिए साइबर अपराधियों ने इंटरनेट पर अपना जाल बुना है जो भी इस जाल में फसेंगे उनके खाते से पैसे गायब होने तय हैं। वीडियो मैसेज के जरिए अलर्ट जारीः इनकम टैक्स रिफंड को लेकर साइबर अपराधियों के द्वारा भेजे जा रहे मैसेज और लिंक लगातार लोगों के मोबाइल पर पहुंच रहे हैं। मतलब साफ है साइबर अपराधी इनकम टैक्स रिफंड का झांसा देकर आयकर दाताओं को चूना लगाने की फिराक में हैं। ऐसे में रिफंड लेने के चक्कर में अगर गलती से भी मैसेज और मेल में भेजे गए लिंक को आप क्लिक करते हैं तो आप साइबर ठगी के शिकार हो जाएंगे। ऐसे में साइबर क्राइम ब्रांच के द्वारा लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए बकायदा एक शॉर्ट वीडियो में बनाया गया है। जिसमें साइबर अपराधियों के सभी क्रियाकलापों का विस्तार से विवरण दिया गया है। वीडियो को पब्लिक डोमेन में डाला गया है। आयकर दाता सावधान हो सके। दरअसल, साइबर अपराधी आयकर विभाग के आधिकारिक ईमेल और वेबसाइट से मिलते-जुलते नामों से मैसेज भेज रहे हैं।

### हाईवा ने कार और ऑटो को मारी टक्कर दो की मौत

**दुमका।** मंगलवार को भीषण सड़क हादसे से पूरे इलाका सहम गया। यहां हाईवा ने कार और ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें दो की लोगों की मौत मौके पर ही हो गयी। वहीं हादसे में दो अन्य घायल हुए हैं। दुमका जिले में शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के बरमसिया गांव में दुमका की ओर जा रही एक अनियंत्रित हाईवा ने एक कार को टक्कर मार दी। इसके बेकाबू होकर आगे जा रही एक ऑटो को भी पीछे से जोरदार धक्का मारा। इस भीषण टक्कर से ऑटो पर सवार एक बालक और एक महिला की मौत हो गई। हादसे में मारी गयी महिला की पहचान नहीं हो पाई है जबकि 12 वर्षीय बालक का नाम विमल मुर्मू है जो शिकारीपाड़ा थाना के सहरजोरी गांव का रहने वाला था। वो अपनी मां के साथ छात्रवृत्ति लेकर अपने घर वापस लौट रहा था। इस दुर्घटना में विमल की मां गंभीर रूप से घायल हुई है।

### झारखंड में दम तोड़ रही उज्ज्वला योजना

# एक बार फिर सरकार की तरफ टकटकी लगाए देख रहे लोग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजस्थान सरकार के द्वारा रियायती दर पर महज 500 रुपये में गैस सिलिंडर उपलब्ध कराए जाने के बाद झारखंड के लोगों को भी उम्मीद जग गई है कि यहां भी महंगे गैस सिलिंडर से मुक्ति दिलाने का प्रयास सरकार करेगी। इसके पीछे दोनों राज्यों में कहीं ना कहीं सत्ता में कांग्रेस का होना माना जा रहा है। चुनाव पूर्व गैस सिलिंडर की यह राजनीति पुराना है। 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले 2018 में केन्द्र की मोदी सरकार ने पीएम उज्ज्वला योजना की शुरूआत कर खूब वाहवाही लूटी थी। उज्ज्वला योजना के माध्यम से बीपीएल कार्ड धारक की महिलाओं को मुफ्त में गैस कनेक्शन के साथ एक सिलिंडर मुहैया कराना था। जिसका संचालन पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा किया जाता है। देश के अन्य राज्यों की तरह झारखंड में भी इसकी शुरूआत तामझाम के साथ की गई। 36 लाख से ज्यादा गैस कनेक्शन उज्ज्वला योजना से विभिन्न कंपनियों को प्राप्त हुए। शुरूआत में गैस सब्सिडी के तहत पैसा वापस होने की वजह से गरीबों को भी रियायती दर पर गैस सिलिंडर मिलते थे, मगर जैसे ही सब्सिडी समाप्त की गयी वैसे ही उज्ज्वला योजना के तहत गैस लेने वाले ग्राहकों की संख्या कम होती चली गई। हालत यह है कि अब करीब 7 लाख उज्ज्वला योजना के ग्राहक ही गैस सिलिंडर हर महीने लेते हैं। उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलिंडर बुकिंग नहीं होने के पीछे गैस सिलिंडर का अप्रत्याशित दाम माना जा रहा है। वर्तमान समय में घरेलू गैस सिलिंडर का मूल्य 1160 रुपए है। जिसपर कहने को सब्सिडी 37 रुपए ग्राहकों को भेजी जाती है, मगर ऐसा होता नहीं है। एक गरीब परिवार जो रोजी रोटी की तलाश में दिनभर भटकता है उसके लिए हर महीने 1160 रुपए गैस सिलिंडर पर खर्च करना बेहद ही मुश्किल है। सबसे ज्यादा चिंताजनक स्थिति ग्रामीण क्षेत्रों की है जहां उज्ज्वला योजना के तहत शहरी क्षेत्रों की तुलना में काफी कम बुकिंग गैस सिलेंडर की होती है। इसके अलावा गैस कनेक्शन धारियों को भी सिलेंडर की बुकिंग रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से करने की व्यवस्था है, उज्ज्वला योजना से जुड़े गैस कनेक्शन धारियों के मोबाइल नंबर या तो बदल चुके हैं या बंद हैं। ऐसे में ना तो इनके द्वारा सिलेंडर की बुकिंग कराई जाती है और ना ही उन्हें गैस मिल पाता है।क्या कहते हैं लोगः गैस वितरक आफताब हुसैन की मानें तो जागरूकता की कमी की वजह से उज्ज्वला योजना से जुड़े गैस कनेक्शन धारियों के द्वारा सिलेंडर की बुकिंग नहीं हो पाती है। इसके पीछे बड़ी वजह मोबाइल नंबर भी है। गैस कंपनियों के प्रावधान के अनुसार अगर 180 दिन तक गैस सिलेंडर की बुकिंग किसी ग्राहक के द्वारा नहीं की जाती है तो उनका कनेक्शन अप्रभावी हो जाता है।

### जनसेवकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल 28वें दिन भी जारी

**गोड्डा।** जिले में चल रहे जनसेवकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल सोमवार को 28वें दिन भी जारी रहा। ग्रेड पे घटाए जाने के विरोध में तथा अपने 11 सूत्री मांगों के समर्थन में झारखण्ड राज्य के सभी जनसेवक नौ मई से हड़ताल पर हैं। उल्लेखनीय है कि जनसेवक कृषि कार्य के अतिरिक्त प्रखंडों में प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड सांख्यिकी पर्यवेक्षक, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सहायक गोदाम प्रबंधक, बीएलओ सुपरवाइजर आदि का प्रभार संभालते हैं। इनके हड़ताल के कारण विकास की गति धीमी हो गई है। बावजूद इसके सरकार इनके मांगों के प्रति असंवेदनशील हैं। जनसेवक संघ के गोड्डा जिला अध्यक्ष नंदलाल पंडित ने कहा कि 09 जून को कृषि मंत्री के विधानसभा क्षेत्र जरमुंडी में राज्य के सभी जनसेवक एकत्रित होंगे और बासुकीनाथ में न्याय यात्रा निकालेंगे।

# बच्चे भी नशा में अपनी जिन्दगी को कर रहे बर्बाद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी रांची में जगह जगह पर छोटे छोटे बच्चे नशा करते नजर आते हैं। सभी बच्चे नाबालिग हैं और सब की उम्र 8 वर्ष से 16 वर्ष तक की है। राजधानी के किशोरगंज, मेन रोड, अल्बर्ट एक्का, सुजाता चौक सहित कई चौक चौराहों पर छोटे बच्चे नशे का सेवन करते देखे जा सकते हैं। वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि बच्चे नशे में सराबोर हैं। जानकारी के अनुसार सभी बच्चे प्रतिबंधित सिरप का सेवन करते हैं। पिछले दिनों रांची में एटीएस की टीम ने भी एम्फैटेमिन नाम के ड्रग्स के साथ तस्कर गिरफ्तार किया था। झारखंड की एटीएस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की लगातार कार्रवाई से यह तो स्पष्ट होता है कि रांची में नशे का कारोबार खुलकर हो रहा है। इस नशे की जद में राजधानी के नौनिहाल लगातार आ रहे हैं।शहर की कई जगहों पर नशे का कारोबारः ईटीवी भारत की टीम ने भी इसकी जानकारी ली। जिसमें ये पाया गया कि कई जगहों पर प्रतिबंधित सिरप, गांजा और ब्राउन शुगर जैसे मादक पदार्थ मिल रहे हैं। लोगों को आसानी से यह सभी नशीली पदार्थ उपलब्ध हो जाता है, जो कहीं ना कहीं व्यक्ति के स्वास्थ्य पर सीधा असर करता है। नाबालिगों के स्वास्थ्य पर करता सीधा असरः वैसे नाबालिग जो खतरनाक ड्रग्स का सेवन करते हैं, उनके स्वास्थ पर बुरा असर पड़ रहा है। इसको लेकर राजधानी के वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉक्टर अशोक प्रसाद बताते हैं कि नाबालिगों को नशीली पदार्थ के सेवन की आदत से समय रहते नहीं रोका जाना चाहिए। अगर समय रहते आदत नहीं छुड़ायी गयी तो यही आदत आगे चलकर खुद के साथ साथ समाज और परिवार के अन्य लोगों को भी परेशान कर सकती है।मोनोचिकत्सक डॉ। अशोक प्रसाद बताते हैं कि कम उम्र से अगर किसी को नशे की लत हो जाए तो वही व्यक्ति आगे जाकर दूसरे के जानमाल को भी हानि पहुंचा सकता है। डॉक्टर ने कहा कि बतौर वरिष्ठ मनोचिकित्सक उनकी तरफ से भी सरकार को कई बार समाज के लोगों को नशे से दूर करने के लिए काउंसलर बहाल करने का सुझाव दिया गया है। बाल संरक्षण आयोग मामले पर गंभीरः बाल संरक्षण आयोग के वरिष्ठ सदस्य उज्वल तिवारी को भी इस मामले से अवगत कराया गया। इस पर उन्होंने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि निश्चित रूप से ऐसी तस्वीर राजधानी में देखने को मिलती है जो कहीं ना कहीं लोगों को विचलित भी कर रही है। उन्होंने बताया कि राजधानी के बच्चे को नशे के जद से निकालने के लिए वो खुद गंभीर हैं। वो अपने आयोग के सभी पदाधिकारियों को स्पष्ट दिशा निर्देश दिए हुए हैं कि बच्चों को नशे की लत से निकालने के लिए जितने भी प्रयास हैं।

### दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोपी को 7 साल की सजा

**खूंटी।** युवती के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने के मामले में खूंटी कोर्ट ने सजा सुनाई है। खूंटी व्यवहार न्यायालय के प्रथम बेंच के न्यायाधीश संजय कुमार द्वितीय के द्वारा अड़की थाना कांड संख्या 39/15 में दोषी एतवा मुंडा को धारा 376/511 भादवि में 7 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 20 हजार रुपया जुमार्ने की सजा सुनाई गई है। साथ ही धारा 354(इ) में 5 वर्ष के सश्रम करावास एवं 10 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई गई है। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनते हुए और पीड़िता के दिए गए बयान और साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाया। आठ सालों से जेल में बंद आरोपी को न्यायालय ने सजा सुनाई।
क्या है पूरा मामलाः पीड़िता की शिकायत और दिए बयान के अनुसार आरोपी उसके घर में जबरन घुसकर उसके साथ छेड़खानी करने लगा। घर में कोई नहीं रहने के कारण एतवा मौके का फायदा उठाते हुए उसे जमीन में पटक कर उसके साथ गंदी हरकत करने की कोशिश कर रहा था। पीड़िता की चीख पुकार सुनकर पड़ोस के लोग पहुंच गए। जिससे उसकी इज्जत लुटने से बच गई। पीड़िता के बयान पर अड़की थाना में 14 नवंबर 2015 को 39/15 केस दर्ज किया गया।

# विकास कार्य में एक गलती बनी मुसीबत, घरों में कैद हुए लोग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सुबह उठते ही आप अपने घर के मुख्य द्वार के सामने गहरा गड्ढा खोदा हुआ देखे तो निश्चित रूप से आपका गुस्सा सातवें आसमान पर होगा। क्योंकि सुबह के समय लोग अपने दिन भर की रुटीन के साथ घर से निकलते हैं, लेकिन अगर घर से निकलने का ही रास्ता बंद हो तो व्यक्ति को गुस्सा आना लाजमी है। कुछ ऐसा ही हो रहा है राजधानी रांची के कोकर स्थित खोड़ा टोली में। दरअसल कांटा टोली से बूटी मोड़ तक नगर विकास विभाग की तरफ से विकास कार्य के अंतर्गत सड़क का चौड़ीकरण किया जा रहा है। जिसको लेकर जगह-जगह गड्ढे खोद दिए गए हैं। मंगलवार सुबह कोकर के खोड़ा टोली के लोगों के लिए नगर विकास विभाग का विकास कार्य आफत बन गया। क्योंकि सोमवार की रात सड़क किनारे जितने भी घर थे उन घरों के सामने ठेकेदारों के द्वारा गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया। जिस वजह से लोगों का मैन एंट्रेंस पूरी तरह से ब्लॉक हो गया है। गोड्डा जिले में प्रशासनिक पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित स्मिता टोप्पो ने अपनी परेशानी साझा करते हुए कहा कि वह अपनी छुट्टी खत्म करने के बाद गोड्डा जिले में ड्यूटी ज्वाइन करने जा रही थी, लेकिन जैसे ही वह गाड़ी निकालने के लिए अपने गेट के सामने पहुंची तो उन्होंने देखा कि पूरा रास्ता ब्लॉक हो गया है। घर से निकलने के लिए भी ठेकेदारों के द्वारा जगह नहीं छोड़ा गया है, ऐसे में अगर किसी व्यक्ति इमरजेंसी सिचुएशन का सामना करना पड़े तो उसके लिए समस्या और बड़ी हो जाएगी।जानकारी देते संवाददाता हितेशवहीं, अपना दुकान चला रहे हैं पिंटू गुप्ता बताते हैं कि जैसे ही वह सुबह दुकान खोलने पहुंचे तो उन्होंने देखा कि उनके दुकान के सामने भी गड्ढा खोद दिया गया है, जिस वजह से रास्ता पूरा ब्लॉक है।

### आय | टाटा से मिलेगी बस्तियों में बिजली

# विधायक सरयू राय ने की इसकी पहल



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
टाटा लीज क्षेत्र और इससे सटे अन्य बस्तियों में जुस्को का विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने को लेकर विधायक सरयू राय ने पहल की है। बिजली कनेक्शन के लिए बनी कमेटी की बैठक बिष्टुपुर स्थित विद्युत महाप्रबंधक कार्यालय में महाप्रबंधक श्रवण कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सरयू राय विशेष रूप से शामिल हुए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि मोहरदा, मुराकाटी क्षेत्र में जुस्को की बिजली सबस्टेशन का कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। मोहरदा ओड़िया स्कूल मैदान में सब स्टेशन के लिए सभी आवश्यक सामग्री (सीटीएसएस) जुस्को ने खरीद ली है। सिर्फ सब स्टेशन स्थल के लिए अपर आयुक्त और सड़क में केबल बिछाने के लिए पथ निर्माण विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया बची है। बैठक के दौरान ही विधायक ने अनापत्ति प्रमाण पत्र यथाशीघ्र निर्गत करने के लिए संबंधित अधिकारियों से बात की। बैठक में जुस्को के अधिकारियों ने सरयू राय को बताया कि छायानगर-चंडीनगर, निर्मलनगर के लिए सब स्टेशन निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है। विधायक ने अधिकारियों से उक्त सब स्टेशन निर्माण के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। बागुननगर क्षेत्र में विद्युत क्षमता को 2 केवीए से बढ़ाकर 10 केवीए करने के लिए विधायक की पहल पर बागुननगर में एक नया सब स्टेशन का निर्माण पूरा हो गया है। पावर भी चार्ज कर लिया गया है। क्षेत्र के निवासियों को बिजली कनेक्शन देने के लिए फॉर्म वितरण किया जा रहा है। अभी तक 200 लोगों ने फार्म जमा भी कर दिया है, जिन्हें जुस्को द्वारा शीघ्र बिजली देने के लिए एलटी नेटवर्क डेवलप किया जा रहा है। विधायक ने बागुननगर के ह्यडीह्ल ब्लॉक को भी बिजली देने की बात कही। विधायक ने जुस्को के अधिकारियों को बिरसानगर क्षेत्र में बिजली देने का प्रस्ताव दिया और इसके लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन भी दिया। जुस्को के अधिकारियों ने बिरसानगर क्षेत्र में जल्द ही बिजली की संभवना का सर्वे कराने की बात कही। बारीडीह बस्ती, शक्तिनगर, शांतिनगर, बागुनहातु, लक्ष्मीनगर, प्रेमनगर, रामाधीन बगान, गायत्रीनगर को भी जुस्को की बिजली देने के लिए सर्वे का कार्य जारी है। बारीडीह बस्ती में जुस्को बिजली के लिए सबस्टेशन स्थल का भी सर्वे किया जा रहा है। विधायक ने गोलमुरी के केबल टाऊन और केबल बस्ती के प्रत्येक घरों को अलग-अलग बिजली प्रदान करने की प्रगति की जानकारी मांगी। जिसपर जुस्को के अधिकारियों ने बताया कि केबल टाऊन, डीएस फ्लैट क्षेत्र में अलग-अलग बिजली देने के लिए इनकैब के प्रोफेशनल को पत्राचार किया गया था। मामला एनसीएलटी में होने के कारण अभी तक एनओसी प्राप्त नहीं हुआ है।

### रेलवे स्टेशन पर मूल प्रमाण पत्र खोया

**मुरी।** मुरी रेलवे स्टेशन पर छोटा मुरी निवासी सिमरन कुमारी उम्र 23 वर्ष, पिता जितेंद्र प्रसाद साव का रांची जाने के लिए ट्रेन पर चढ़ने के क्रम में दसवीं, बारहवीं तथा स्नातक का मूल प्रमाण पत्र स्टेशन परिसर में कहीं गिर गया। सिमरन कुमारी ने काफी खोजबीन किया तथा लोगों से भी पूछताछ किया परंतु सर्टिफिकेट नहीं मिला। इस संदर्भ में उन्होंने राजकीय रेल थाना मुरी में एक सनहा दर्ज कराया है।

### चूल्हा प्रमुख के साथ बैठक संपन्न, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सोमवार को ब्राह्मणडीह गांव में चूल्हा प्रमुख के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से आंजसू पार्टी द्वारा संचालित सभी कार्यों पर चर्चा, हर गांव में सभी चूल्हा प्रमुखों को दिशा निर्देश दिया गया कि गांव के अंतिम व्यक्ति तक जाएं और उन्हें हर कार्यों की जानकारी दें। साथ ही साथ हर घर में पानी, वृद्धा पेंशन, बीपीएल, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता, उज्जवला योजना, स्मार्ट क्लास, संगठन की मजबूती आदि मुद्दों पर चर्चा की गई।


**कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी**

पत्रांक......................खूँटी, दिनांक..................

**E-Tender Notice**

(Through E-Procurement mode only www.jharkhandtenders.gov.in)
very short E-Tender Reference No. KNP/11/2023-24

1. Details of the work:

| Sl. | Name of work | BOQ (Estimated) Cost (Rs.) | Cost of BOQ | Earnest Money | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Installation of 3 nos. 12 Mtr. High Mast Light in Different ward, under Nagar Panchayat, Khunti 2023-24 | 13,87,606/- | 5,000/- | 2% of BOQ amount | 02 Months |
| 2 | Construction of 1000 Nos. R.C.C slab (1M X 0.9M), Under Nagar Panchayat, Khunti 2023-24 | 24,47,571/- | 5,000/- | 2% of BOQ amount | 02 Months |
| 3 | Construction of 1000 Nos. R.C.C slab (0.75M X 0.6M), Under Nagar Panchayat, Khunti 2023-24 | 12,11,932/- | 5,000/- | 2% of BOQ amount | 02 Months |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय : दिनांक 10.06.2023 को 5:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 17.06.2023 को 3:00 बजे अपराह्न।
4. बैंक ड्राफ्ट आदि जमा करने की अंतिम तिथि एवं स्थान : दिनांक 21.06.2023 को 2:00 बजे अपराह्न तक, नगर पंचायत, खूँटी।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान : दिनांक 21.06.2023 को 3:00 बजे अपराह्न, कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी।
6. निविदा आमंत्रण करने वाले कार्यालय का नाम एवं पताः कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी।
7. ई–मेल पता : npkhunti2006@gmail.com
8. विज्ञापनदाता दूरभाष संख्या : 7461059733

नोटः– प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, नियम एवं शर्तें तथा अन्य विवरणी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय अवधि में या वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है। ह0/–

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, खूँटी

PR 299333 Urban Development(23-24)#D

# लालपुर बाजार में चलाया गया अतिक्रमण अभियान







**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
लालपुर स्थित डिस्टलरी पुल से कोकर के बीच सब्जी विक्रेताओं के खिलाफ मंगलवार को अतिक्रमण अभियान चलाया गया। इसके विरोध में कुछ देर के लिए बड़ी संख्या में सब्जी विक्रेताओं ने सड़क पर बैठ कर कोकर- लालपुर मार्ग को जाम कर दिए। लेकिन फिर निगम के अधिकारियों और पुलिस ने सड़क जाम तुरंत हटवाया। मौके पर टाउन वेंडिंग कमिटी (टीवीसी) मेंबर शर्मिला नेवार ने कहा कि जब तक दुकान बनाकर स्थाई रूप से सब्जी विक्रेताओं को नहीं दिया जाएगा। तब तक हम लोग दूसरे जगह सब्जी लगाने नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि निगम के कर्मियों से हमने आदेश की कॉपी मांगी तो आदेश की कॉपी भी नहीं दिखाया गया। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि इस रोड पर करीब 400- 450 परिवार अलग-अलग सब्जी की दुकान लगाते हैं। सब्जी विक्रेताओं का कहना था कि जिस तरह से मछली, मीट और अंडा बेचने वालों के लिए अलग से मार्केट बनाकर इलाके को अतिक्रमण मुक्त कराया गया, वही सुविधा सब्जी विक्रेताओं को भी मिलनी चाहिए। सब्जी मार्केट तैयार करने के बाद ही उन्हें हटाना चाहिए। नगर निगम की विजिलेंस टीम मंगलवार को लालपुर पहुंची और सब्जियों को जब्त करना शुरू किया। 407 ट्रक में सब्जी विक्रेताओं की सब्जी को जबरन जब्त किया गया। सब्जी विक्रेता संघ की पुतुल देवी ने बताया कि गरीबों पर अत्याचार किया जा रहा है। बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए सब्जी विक्रेताओं को हटाना अन्याय है। इस दौरान प्रशासन और सरकार के खिलाफ सब्जी विक्रेताओं ने जमकर नारेबाजी की। विक्रेताओं का कहना है कि निगम के अधिकारी जब चाहते हैं तब आकर हमलोगों का सामान इधर से उधर कर देते हैं या अपनी गाड़ी पर लादकर ले जाते हैं जिससे सब्जी विक्रेताओं को काफी नुकसान का सामना करना पड़ता है। हमलोगों के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे इस मामले का समाधान निकल सके। इस बार हमलोगों मानने वाले नहीं हैं निगम को कोई न कोई रास्ता तो निकालना ही होगा नहीं तो हम सभी विक्रेता आन्दोलन के लिए बाध्य हो जायेंगे। सिर्फ हमलोगों को अब तक आश्वासन ही दिया जा रहा है लेकिन उपर पर कोई काम सही ठंग से नहीं हो पा रहा है। बरसात के दिनों में हमलोगों को कितनी परेशानी होती है इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है। जब पूरे जोर की बारिश होती है बोरे पर रखे सब्जी बहकर नाले में चले जाते हैं। जिसका रोजी-रोटी यही है तो वह कहां जायेंगे। पानी भींगकर भी हमलोगों को बेचना पड़ता है, नहीं भूखे पेट सोना पड़ेगा।

**क्या कहते हैं अधिकारी :** इस संबंध में रांची नगर निगम के अपर प्रशासक कुमार सिंह पाहन ने कहा कि शहरी यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए लालपुर सब्जी मंडी के दुकानदारों को शिफ्ट किया जा रहा है। सब्जी विक्रेता नगर निगम के अधिकारियों का सहयोग करें ताकि शहर को जाम मुक्त बनाया जा सके। वहीं दूसरी ओर नगर निगम की विजिलेंस टीम अतिक्रमण मुक्त कर आगे बढ़ी। इसमें कुछ दुकानदार चुन्ना भट्ठा के सड़क के किनारे सब्जी की दुकान लगा कर बैठ गए।

## रांची के तैमारा घाटी में धू-धूकर जला ट्रेलर, बाल-बाल बचा ड्राइवर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची से जमशेदपुर जाने वाली सड़क पर तैमारा घाटी में हादसा कोई आम बात नहीं है। लेकिन इस बार एक चूना पत्थर लदा एक ट्रेलर में आग लगने से वो अचानक धू-धूकर जल उठा। ड्राइवर और खलासी ने समय रहते ट्रेलर से कूदकर अपनी जान बचाई। ड्राइवर रौनक कुमार सिंह के मुताबिक यह ट्रेलर जयपुर से चूना पत्थर लेकर जामदा, ओड़िशा जा रही थी। लेकिन दशम फॉल थाना क्षेत्र स्थित तैमारा घाटी से गुजरते वक्त गाड़ी का गियर बॉक्स फट गया था। इसकी वजह से डीजल लीक करने लगा और गाड़ी में आग लग गयी। इस दौरान ड्राइवर और खलासी ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन देखते ही देखते पूरी गाड़ी आग की लपटों से घिर गई। इसके बाद तत्काल ही फायर ब्रिगेड की टीम को आग की सूचना दी गयी। इस दौरान तैमारा घाटी में कुछ देर के लिए गाड़ियों का परिचालन बाधित रहा। यह घटना मंगलवार दोपहर करीब एक बजे के आसपास की है। फिलहाल रांची जमशेदपुर रोड पर यातायात को बहाल कर दिया गया है। फायर ब्रिगेड के कर्मी ने बताया कि गाड़ी का केबिन पूरी तरह जल चुका है।

### गुरूजी की अध्यक्षता में राज्य समन्वय समिति की बैठक आयोजित

# जनआंकाक्षाओं को पूरा करना प्राथमिकता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद भाजपा विरोधी दल ऊर्जा से लबरेज दिख रहे हैं। कर्नाटक वाली जीत को दोहराने के लिए चुनावी राज्यों में वोट के गणित का फार्मूला निकालने का दौर शुरू हो चुका है। इसकी आहट झारखंड में भी नजर आने लगी है। झामुमो, कांग्रेस और राजद के गठबंधन से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बनी सरकार भी 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी एकता की गांठ को और मजबूत करने में जुटी हुई है। जनता की जरूरतों को पूरा करने के लिए झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की अध्यक्षता में उनके आवास पर 10 जून को 11 बजे राज्य समन्वय समिति की बैठक बुलाई गई है। इसमें भाग लेने के लिए सभी सदस्यों, विशेष आमंत्रित सदस्यों और



आमंत्रित सदस्य को पत्र भेजा गया है। पलायन के मुद्दे पर किया जाएगा फोकसः खास बात है कि गठनबंधन की सरकार बनने के बावजूद समन्वय समिति को बनाने में तीन साल लग गए। समन्वय समिति के सदस्य के रूप में मंत्री का दर्जा पा चुका प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बताया कि पलायन को रोकने के लिए और क्या कुछ किया जा सकता है, इस पर फोकस किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गुरूजी के मार्गदर्शन में जनआंकाक्षाओं को पूरा करना सरकार की प्राथमिकता है। लिहाजा, वैसे तमाम मसलों पर चर्चा होगी। जहां तक बोर्ड और निगम की बात है तो इस पर मुख्यमंत्री के रांची लौटने के बाद चर्चा होगी।

### क्यों बनायी गई थी राज्य समन्वय समिति

दरअसल चुनाव पूर्व गठबंधन के दौरान ही तीनों सत्ताधारी दलों ने ऐलान कर रखा था कि जीत मिलने पर एक समन्वय समिति बनाकर सरकार काम करेगी। लेकिन सरकार बनने के साथ ही कोरोना की एंट्री और कल्याणकारी योजनाओं की जरूरत बदलने, सरकार को अस्थिर करने जैसे मामलों की वजह से समिति का गठन लटकता चला गया। लेकिन प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय इसकी जरूरत का मुद्दा बार-बार उठाते रहे। पिछले दिनों कुछ मामलों को लेकर बैकफुट में सरकार के आने के बाद समन्वय समिति गठित की गई थी। गठन के बाद एक बैठक हुई थी, जिसमें कोई बड़ा फैसला नहीं लिया गया था। लिहाजा, 10 जून को बुलायी गई बैठक में लोक कल्याणकारी योजनाओं पर समिति सरकार को अपने विचारों से अवगत कराएगी। मजदूरों के पलायन को रोकने के लिए योजना बनाने का सुझाव दिया जा सकता है। साथ ही उपलब्ध संसाधनों के आधार पर जनहित में कैसे काम हो सकते हैं, इसपर भी सुझाव दिया जा सकता है। आपको बता दें कि नवंबर 2022 में राज्य समन्वय समिति का गठन हुआ था। इसमें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झामुमो नेता सरफराज अहमद, झामुमो नेता विनोद पांडेय के अलावा फागु बेसरा और योगेंद्र महतो को सदस्य का दर्जा दिया गया था।

## झारखंड राज्य वुशु तकनीकी सह जजेस सेमिनार संपन्न

**रांची।** झारखंड राज्य वुशु तकनीकी सह जजेस सेमिनार आज यहां सरला बिरला यूनिवर्सिटी के हॉस्टल परिषर में संपन्न हो गया। आज इस सेमिनार के समापन के अवसर पर झारखंड वुशु एसोसिएशन के वाईस प्रेसिडेंट मिथलेश साहू सहित शैलेन्द्र दुबे,अमरेंद्र दत्त द्विवेदी,शिवेंद्र दुबे,दीपक गोप सहित संघ के कई वरीय अधिकारी उपस्थित थे जिन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। **सेमिनार में निम्न खिलाड़ियों और कोचेस ने भाग लिया:** निशांत तिरकी, कृष्णा कच्छप, ध्रुव द्विवेदी, राकेश उरांव, प्रशांत गोराई, सोमनाथ सिंह, शशिकांत महतो, इन्द्रशिष रॉय, मनीष मुंडा,मोहम्मद जावेद, संजीव सेन, सोनू कुमार मलिक, शांतनु सेन, बासुदेव टोप्पो,अशोक उरांव,भास्कर कुमार ठाकुर, ऋषभ शुक्ला, लक्ष्मी कुमारीं, कंचन तिग्गा, श्रेया कुमारीं, पूर्णिमा लिंडा, तरामुनि बाखला, पल्लवी गाड़ी,संजना उरांव, अंकिता कुजूर, कोमल कुमारी, बिमला टोप्पो हैं।

# लेखिका मेघा रानी को मिली डॉक्टरेट की मानद उपाधि

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची की मेघा रानी को वर्ल्ड ह्यूमन राइट्स प्रोटेक्शन कमीशन (डब्ल्यूएचआरपीसी) ने मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया है। दिल्ली के अंबेडकर भवन में आयोजित समारोह में मेघा रानी को उपाधि दी गयी। मेघा रानी को उनकी लेखनी के लिए मिनिस्ट्री ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स भारत सरकार मान्यता प्राप्त डब्ल्यूएचआरपीसी की ओर से मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। कई सालों से मेघा लेखन के क्षेत्र में काम कर रही हैं। पिछले साल भी उन्हें वन इंडिया वीमन अचीवमेंट अवॉड्र्स की ओर



से वन इंडिया एंगेजिंग लिटरेचर अवॉर्ड दिया गया। यह अवार्ड उनके आर्टिकल्स मातृभाषा हिंदी में लिखने के लिए दिया गया। मेघा ने अभी हाल में अस्तित्व एक नारी का टाइटल से किताब लिखी है। बहुत जल्द ही इसका विमोचन किया जायेगा। मेघा बहुत सारी पब्लिकेशन और पत्रिका के साथ कार्य किया है। उनके राइटप्स नेशनल बुक ऑफ रिकॉड्र्स में दर्ज हैं, जिनके लिए उन्हें मेडल और प्रशस्ति पत्र भी मिल चुके हैं। उल्लेखनीय है कि कई सालों से मेघा लेखन कार्य कर रही हैं। उनके द्वारा लिखित शास्वत, सृजन, श्रीकृष्ण लीला भी लेखनी का हिस्सा है। श्रीकृष्ण लीला की मेघा सहायक लेखिका है। इस किताब के लिए दो रिकॉर्ड दर्ज है। इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड और वर्ल्ड बुक रिकॉर्ड। मेघा के राइटप्स नेशनल बुक ऑफ रिकाड्र्स में भी दर्ज है, जिनके लिए उन्हें मेडल और प्रशस्ति पत्र भी मिल चुके हैं।

## मुख्य सचिव से मिले बंधु तिर्की, कई मुद्दों पर की बात

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से पूर्व मंत्री और प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने मंगलवार को मुलाकात की। तिर्की ने कहा कि मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से हुई उनकी मुलाकात में कई अहम मुद्दों पर सकारात्मक बातचीत हुई। मुख्य सचिव ने उन्हें शीघ्र ही प्रभावी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। तिर्की ने कहा कि लातेहार में टाना भगतों द्वारा वहां के कचहरी परिसर में जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा के लिए किए जा रहे शांतिपूर्ण आंदोलन पर कार्रवाई करते हुए लगभग 200 लोगों को नामजद और 300 अज्ञात लोगों पर गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इस संदर्भ में मुख्य सचिव सिंह ने यह आश्वासन दिया कि लातेहार के उपायुक्त से प्रतिवेदन मंगवाने के बाद इस मामले पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। तिर्की ने कहा कि झारखंड में विभिन्न स्थानों पर बड़ी संख्या में रहनेवाले अनुसूचित जनजाति चीक बड़ाईक लोगों में अधिकांश के खेवट और खतियान में विभिन्न तरीके से जाति दर्ज होने के कारण उनके वंशजों को अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र मिलने में कठिनाई हो रही है। इस मामले पर भी मुख्य सचिव ने आश्वासन दिया कि इस मामले में अपेक्षित कदम उठाए जाएंगे।

## विकास विरोधी है सरकार : दीपक प्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने मंगलवार को राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास विरोधी सरकार है। मुख्यमंत्री सहित सत्ताधारी दल के मंत्रियों को केवल अपने पद और परिवार की चिंता है लेकिन राज्य के लोग मजबूत हों, गांव और गरीब की हालात में सुधार हो, इसकी चिंता नहीं है। दीपक ने कहा कि राज्य सरकार गठबंधन के नेताओं को खुश करने के लिए बोर्ड निगम का गठन कर रही है लेकिन राज्य के महत्वपूर्ण संवैधानिक आयोग का गठन नही कर रही। राज्य के महिला आयोग, वित्त आयोग, लोकायुक्त, सूचना आयुक्त जैसे



पद वर्षों से रिक्त हैं। उन्होंने कहा कि वित्त आयोग के महत्वपूर्ण पद रिक्त रहने के कारण केंद्रीय अनुदान नही मिलने की आशंका बनी हुई है। साथ ही कहा कि केंद्र सरकार वित्त आयोग की अनुशंसाओं के आलोक में राज्य वित्त आयोग को पैसा आवंटित करती है। फिर ये पैसे पंचायती राज संस्थाओं, नगर पालिकाओं को आवंटित होते हैं। उन्होंने कहा कि आज राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष विहीन, कर्मचारी विहीन हैं, जिसके कारण अगले दो वित्तीय वर्षों में राज्य की पंचायती राज संस्थाओं को केंद्र सरकार से अनुदान के रूप में मिलने वाली 2736 करोड़ के अनुदान पर राज्य सरकार की अकर्मण्यता से ग्रहण लगने की संभावना है। इसमें टाइड और अनटाइड दोनों फंड समाहित हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की मंशा नगर निकाय चुनाव को टालने की है। इसीलिए ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया को राज्य सरकार ने प्रारंभ नहीं कराया है।

### आय | व्यावसायिक खेती विषय पर 28 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

# बटन मशरूम की खेती से जुडें छात्र-छात्राएं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पौधा रोग विज्ञान विभाग द्वारा संचालित मशरूम उत्पादन ईकाई में बटन मशरूम की व्यावसायिक खेती विषय पर 28 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। इस कार्यक्रम में रांची जिले के 12 किसानों के साथ रांची कृषि महाविद्यालय के अंतिम वर्ष के कुल 20 छात्र-छात्राएं भी रूरल एग्रीकल्चरल वर्क एक्सपीरियंस (रावे)- एक्सपीरियंस लर्निंग प्रोग्राम के तहत शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन डीन एग्रीकल्चर डॉ. डीके शाही ने किया। मौके पर उन्होंने बटन मशरूम की व्यावसायिक खेती को भूमिहीन किसानों एवं युवाओं के लिए ग्रामीण एवं शहरी रोजगार का सरल उद्यम बताया। कहा कि इसकी खेती में बड़ी आसानी से कम लागत में दोहरा लाभ लिया जा सकता है। इस अवसर पर मशरूम उत्पादन ईकाई के प्रभारी डॉ एन कुदादा ने अन्य मशरूम की अपेक्षा बटन मशरूम उत्पादन की प्रक्रिया की जटिलता पर




प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों संग कृषि स्नातक छात्रों को बटन मशरूम उत्पादन की दीर्घ अवधि (28 दिनों वाली) तकनीक से अवगत कराया। मौके पर डॉ राकेश कुमार, डॉ पीबी साहा एवं केयरटेकर (मशरूम यूनिट) मुनी प्रसाद भी मौजूद थे। कार्यक्रम के पहले दिन सभी प्रतिभागियों को बटन मशरूम उत्पादन के लिए खाद तैयार करने की व्यावहारिक विधि से प्रशिक्षित किया गया। जैविक और अजैविक पदार्थो को मिश्रित करने की विधि को स्वयं से करने को बताया गया। प्रतिभागियों को बताया गया कि खाद निर्माण की अवधि 24-28 दिनों की होगी। इस दौरान जैविक और अजैविक पदार्थों के मिश्रण की 8 बार पलटाई होगी। मिश्रण के तीसरे पलटाई में जिप्सम तथा सातवें पलटाई में फ्यूराडान मिलाने की विधि के बारे में बताया जायेगा। आठवीं पलटाई के बाद तैयार खाद का विसंक्रमण, बिजाई एवं कैमिंग आदि विधि सहित बटन मशरूम उत्पादन की जानकारी पौधा रोग वैज्ञानिकों द्वारा दी जाएगी। बताते चले कि कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह के निर्देश पर 20 कृषि स्नातक छात्र-छात्राओं को एक्सपीरियंस लर्निंग प्रोग्राम के तहत विभिन्न प्रकार के मशरूम उत्पादन प्रौद्योगिकी से उद्यमिता विकास हेतु जोड़ा गया है। छात्रों को अबतक ओयस्टर मशरूम एवं दुधिया मशरूम उत्पादन की तकनीकी में प्रशिक्षित किया गया है। इन्हें विभिन्न मशरूम उत्पादन के साथ विपणन तथा उद्यमिता के विभिन्न आयामों से भी अवगत कराया जा रहा है। मशरूम की व्यावसायिक खेती के लिए ईच्छुक युवक - युवतियाँ, गृहणी, किसान, उत्पादक एवं संस्थाएँ अगले ट्रेनिंग के लिए निबंधन करा सकते है।

## कांटाटोली में पाइप फटा, पानी को तरसी दो लाख की आबादी

**रांची।** कांटाटोली में फ्लाइओवर निर्माण के दौरान मंगलवार को रुक्का-हटिया मेन राइजिंग पाइपलाइन को तोड़ दिया गया। इस वजह से हजारों लीटर पानी सड़क पर बहकर बर्बाद हो गया, साथ ही दो लाख से ज्यादा आबादी को हटिया पाइपलाइन से देर शाम तक पानी की आपूर्ति नहीं हो सकी। यह समस्या ब्रिज निर्माण में लगी एजेंसी जुडको की लापरवाही के कारण हुई। पाइप क्षतिग्रस्त होने के कारण रांची शहर के घनी आबादी व वीआइपी इलाकों में जलापूर्ति पूरी तरह ठप रही। अचानक आपूर्ति ठप होने से लोगों के बीच पानी को लेकर हाहाकार मच गया। खबर लिखे जाने तक बड़े इलाके में जलापूर्ति ठप रही। ज्ञात हो कि जुडको और पेयजल स्वच्छता विभाग में आपसी तालमेल का अभाव है, जिस कारण आए दिन निर्माण कार्य के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होती रहती है। दूसरी ओर लो वोल्टेज की समस्या के कारण रांची शहर की बड़ी आबादी को बाधित जलापूर्ति का सामना करना पड़ता है। भीषण गर्मी में पानी नहीं मिलने से लोगों की समस्या बढ़ जाती है और उनका दैनिक कार्य प्रभावित हो जाता है।

### मॉडल पर शादी का दबाव बनाने वाला तनवीर भागा विदेश

# इंस्टाग्राम चैट से खुल रहे कई राज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मॉडल का यौन शोषण करने और शादी के लिए धर्मांतरण का दबाव डालने का आरोपी तनवीर खान संभवतः विदेश भाग गया है। मॉडल ने पुलिस को तनवीर के साथ इंस्टाग्राम चैट का ब्योरा उपलब्ध कराया है, जिसमें उसने कहा था कि वह विदेश जा रहा है। इस चैट में इस बात के भी सबूत हैं कि वह मॉडल पर शादी के लिए दबाव बना रहा था। रांची पुलिस की एक टीम ने पिछले दिन मुंबई जाकर पीड़िता मॉडल का बयान दर्ज किया था। इस दौरान उसने पूरी आपबीती बयां की है कि कैसे तनवीर ने अपना नाम यश बताकर उसे झांसे में लिया और किस तरह ब्लैकमेल करते हुए उसका यौन शोषण करता रहा। पीड़िता इसी हफ्ते रांची आकर धारा 164 के तहत बयान दर्ज करा सकती है। उसने पुलिस को बताया है कि तनवीर की करतूतों के संबंध में उसके पास कई साक्ष्य हैं, जिन्हें वह रांची आकर उपलब्ध



कराएगी। इस बीच रांची पुलिस ने तनवीर की तलाश में रांची में विभिन्न स्थानों से लेकर बिहार के शेरघाटी स्थित उसके पैतृक आवास में भी दबिश दी है, लेकिन अब तक वह पकड़ से बाहर है। हालांकि उसने वीडियो जारी कर खुद को निर्दोष बताया है। उसका कहना है कि मॉडल उसके न्यूड फोटो-वीडियो वायरल कर उसे ब्लैकमेल कर रही है। बता दें कि मूल रूप से बिहार के भागलपुर की रहने वाली मॉडल ने रांची में मॉडलिंग इंस्टीट्यूट चलाने वाले तनवीर पर धर्म और असली पहचान छिपाकर उसे ब्लैकमेल करने, नशा देकर रेप करने, जान मारने की कोशिश करने और उसका धर्म बदलकर शादी के लिए दबाव डालने का आरोप लगाते हुए मुंबई के वसोर्वा थाने में लिखित शिकायत की थी। चूंकि घटनास्थल रांची है, इसलिए वसोर्वा पुलिस ने मानवी के लिखित आरोपों पर जीरो एफआईआर दर्ज करते हुए इसे रांची पुलिस को ट्रांसफर कर दिया था। रांची पुलिस गोंदा थाने में एफआईआर दर्ज कर मामले की तफ्तीश कर रही है।

# 31 शिक्षकों का सर्विस बुक गुम होने पर आरजेडीई ने लिया संज्ञान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** कोडरमा में डीएसई ऑफिस से 31 शिक्षकों का सर्विस बुक गुम हो जाने का मामला सामने आया. जिसके बाद उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के क्षेत्रीय संयुक्त शिक्षा निदेशक (आरजेडीई) ने संज्ञान लिया है। उन्होंने कोडरमा के डीएसई से एक सप्ताह के अंदर पूरा ब्योरा मांगा है। दरअसल 19 मई को डीएसई ने कोडरमा थाने में मामला दर्ज कराया कि 31 शिक्षकों की मूल सेवा पुस्तिका( ओरिजिनल सर्विस बुक) गुम हो गई है। उन्हें इस बात की जानकारी डीएसई ऑफिस में काम कर रहे लिपिक कुंदन कुमार राय ने दी। 10 मार्च को जब कुछ शिक्षक सेवा पुस्तिका मांगने आए, तो उस वक्त से खोजबीन शुरू हुई, लेकिन सर्विस बुक नहीं मिला। 10 मई तक सिर्फ एक शिक्षक की ही सेवा पुस्तिका मिली। डीएसई ने शिक्षकों को आश्वस्त किया है कि 15 जून तक उनकी नई सेवा पुस्तिका खोलकर उन्हें उपलब्ध करा दी जाएगी। इस संबंध में झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा है कि पूरे मामले में साजिश रची गई है, एक साथ इतने शिक्षकों का सर्विस बुक डीएसई ऑफिस से कैसे गुम हो सकता है। उन्होंने आरजेडीई से पूरे मामले की निष्पक्षता से उच्चस्तरीय जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के साथ यह दुर्भाग्य है कि उनके मामले में इतने दिनों तक किसी ने ध्यान नहीं दिया। विभाग के स्थानीय स्तर से लेकर राज्य स्तर तक इस बात की गुहार लगाई गई। इस मामले में न संबंधित लिपिक और न पदाधिकारी पर कार्रवाई की गई। ऐसे में शिक्षकों का सर्विस बुक गुम होना सीधा साजिश की तरफ इशारा करता है।

# 'लर्निंग और एक्सपीरियंस शेयरिंग' मीटिंग का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मोमेंटम रूटीन इम्यूनाइजेशन प्रोजेक्ट ने स्थानीय एनजीओ पार्टनर्स आईएसएपी और प्लान इंडिया के सहयोग से 'लर्निंग और एक्सपीरियंस शेयरिंग' मीटिंग का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस मीटिंग में प्रोजेक्ट द्वारा कोविड-19 वैक्सीन के सबसे कठिन और दूरस्थ क्षेत्रों तक सफलतापूर्वक पहुँचने के प्रयासों पर प्रकाश डाला गया। इस मीटिंग में झारखंड के सभी एनजीओ पार्टनर्स के महत्वपूर्ण योगदान का सम्बोधन किया गया, जिसमें आईएसएपी, प्लान इंडिया, टीसीआई फाउंडेशन, एसएमआरसी और हेल्पएज शामिल रहे। इस एक्सपीरियंस शेयरिंग में विशिष्ट मेहमानों और अन्य विकास साझेदारों की उपस्थिति दर्ज की गई। इस इवेंट में कम्युनिटी की वार्ता, विशेष फोटो गैलरी और कोविड-19 वैक्सीनेशन से मिलने वाली सीखों पर पैनल चर्चा शामिल रही। वैक्सीनेशन ड्राइव की सफलता पर बोलते हुए, डॉ. गोपाल के. सोनी, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, मोमेंटम रूटीन इम्यूनाइजेशन ट्रांसफॉर्मेशन एंड इक्विटी प्रोजेक्ट, ने कहा, ₹यह हमारे संयुक्त प्रयासों का ही परिणाम है कि हम झारखंड में कमजोर आबादी के वैक्सीनेशन को प्राथमिकता देते हुए कोविड-19 वैक्सीनेशन में महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल करने में सक्षम रहे हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### गोदाम से 18 हजार क्विंटल अनाज गायब है : आजसू

**गिरिडीह।** एफसीआई गोदाम जमुआ में व्याप्त अनियमितता के खिलाफ आजसू प्रखंड कमिटी ने 06 जून को धरना दिया. इसके पूर्व कार्यकताओं ने जमुआ बाजार में पैदल मार्च निकाला। धरना में कार्यकारी जिलाध्यक्ष शंकर यादव ने कहा कि फरवरी 2023 तक एफसीआई गोदाम में 18 हजार क्विंटल अनाज बैकलॉग दिखाया जा रहा है। यह अनाज कहां गायब हुआ, इसकी जांच कर दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई होनी चाहिए। जून माह का अनाज उठाव कर लिया गया है पर अप्रैल का अनाज नहीं बांटा गया है। उन्होंने जमुआ के एमओ व एजीएम की कार्यशैली पर नाराजगी जतायी। धरना के दौरान डीसी के नाम एक ज्ञापन बीडीओ को सपा सौंपा। कार्यक्रम में शंकर यादव, गौतम सागर राणा, अजय कुमार द्विवेदी, मो जावेद, खुशी दास, सुजीत सिंह, चमक गोस्वामी आदि मौजूद थे।

### बाबूलाल ने सीएम को लिखा पत्र

**रांची।** देवघर की चारूशीला ट्रस्ट की जमीन की अवैध तरीके से बिक्री पर पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने सवाल उठाया है। ट्रस्ट की आठ एकड़ जमीन बेचने के मामले में शामिल प्रत्येक व्यक्ति को चिन्हित कर कार्रवाई की मांग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को चिट्ठी लिखकर की गई है। बाबूलाल ने सीएम को लिखे पत्र में बताया है कि ट्रस्ट की आठ एकड़ जमीन एसपीटी एक्ट के बावजूद सतनीवाला परिवार को बेच दी गई। साल 2021 में जनकपुर मौजा के जमीन की जब बिक्री की जा रही थीए तब नन सेलेबल जमीन होने की बात कह स्थानीय सीओ और एसडीओ ने डीसी के समक्ष आपत्ति जतायी थी। बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री को लिखा है कि वरीय अफसरों की आपत्ति के बाद भी डीसी ने सतनीवाला परिवार को एलपीसी जारी कर दिया। जिसके बाद सतनीवाला परिवार के पक्ष में जमीन की डीड हो गई। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व के जजमेंट का हवाला देते हुए पत्र में देवघर डीसी की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं। साथ ही कथित तौर पर इस घोटाले की जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है।

### लंबित योजनाओं को जल्द पूर्ण करें : महेंद्र

**गिरिडीह।** जिले के गांवा प्रखंड सभागार में 06 जून को बीडीओ महेंद्र रविदास की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मनरेगा, आवास योजना, अमृत सरोवर, यूडीआईडी, पेंशन सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गयी। बीडीओ ने निमार्णाधीन आवासों को जल्द पूर्ण करने व सभी पुरानी योजनाओं को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीओ भिखदेव पासवान, ऐई निखिल मंडल, जेई सुनील मंडल, हरिश्चंद्र मरांडी, कन्हाय राम, संतोष मरांडी, नन्दकिशोर सिन्हा, राकेश कुमार, बिनोद राय, रूपाश्री सिंह, मुन्नी कुमारी, चन्दन कुमार, प्रभु हाजरा, रविन्द्र वर्णवाल, पप्पू रजक, मुकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## रांची में शुरू हो रहा क्रिएटिव राइटिंग कार्यशाला

# 15 से 22 जून तक चलेगा वर्कशॉप



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डॉ. रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान (टीआरआई) में क्रिएटिव राइटिंग की कार्यशाला शुरू होने जा रही है। इस कार्यशाला का आयोजन टीआरआई और अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग संयुक्त रूप से आयोजित कर रही है। यह 15 से 22 जून तक चलेगा। रचनात्मक लेखन कार्यशाला रांची में लगेगा। इस आठ दिवसीय कार्यशाला में नए आदिवासी युवाओं के आवेदन आमंत्रित हैं। प्रतिभागी की उम्र 21 से 35 वर्ष होनी चाहिए। वे झारखंड के किसी आदिवासी समुदाय के सदस्य हों। पूर्व से ही प्रतिष्ठित पत्रिकाओं आदि में प्रकाशित रचनाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी। विशेष रूप से संवेदनशील आदिवासी समूहों (पीवीटीजी) के युवा सदस्यों और झारखंड के दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इस कार्यशाला में भाग लेने वाले युवा 9 जून तक अपनी संक्षिप्त जानकारी और लेखन का एक नमूना 200 शब्दों में लिखा हुआ और आवेदन पत्र पर आदिवासी युवाओं के लिए रचनात्मक लेखन कार्यशाला विषय शीर्षक के साथ जमा करें। टीआरआई के निदेशक रणेंद्र ने बताया कि चयनित उम्मीदवारों को 12 जून तक सूचित किया जाएगा। रांची के बाहर के प्रतिभागियों के रहने की व्यवस्था संस्थान करेगा। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय और क्षेत्रीय साहित्यकार, फिल्मकार, नाटककार आदि प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करेंगे। यहां अनुवाद पर भी समानांतर कार्यशाला संचालित होगी।

### इनसे सीखेंगे हुनर

टीआरआई के निदेशक रणेंद्र ने बताया कि झारखंडके आदिवासी युवा अधिकतर कविताएं ही लिखते हैं। कहते हैं। हमारी कोशिश है कि अन्य क्रिएटिव क्षेत्रों में भी युवा अच्छा प्रदर्शन करें। इसलिए हम इस सात दिन के वर्कशॉप में देश और राज्य के कई जाने माने लेखन और रचनाकार शामिल होंगे जो युवा लेखकों को ट्रेन करेंगे। इनमें पंकज मित्र, अनिल यादव, ऋषिकेष शुलभ, हरेराम मीणा, देव प्रसाद मिश्र , जसिंता केरकेट्?टा, महादेव टोप्पो वंदना टेटे नाटककार अजय मलकानी, रवि भूषण, अश्विनी पंकज आदि के नाम शामिल हैं।

## एचडीएफसी बैंक मोहराबादी शाखा ने एलपीजी गैस फायर सेफ्टी का दिया प्रशिक्षण




**रांची।** एचडीएफसी बैंक की मोहराबादी शाखा ने रतन हाइट्स में एलपीजी गैस फायर सेफ्टी ऑनसाइट प्रशिक्षण आयोजित किया। रतन हाइट्स के सभी निवासियों ने इस गतिविधि में भाग लिया। महिला निवासी ने गतिविधि को अधिक रोचक पाया और गतिविधि में अधिक से अधिक भाग लिया। रतन हाइट्स के सचिव जयशंकर जयपुररिया ने एसडीएफसी को इस पहल के लिए धन्यवाद दिया। झारखंड स्टेट फायर ऑफिस के सहयोग से एचडीएफसी ने एलपीजी गैस फायर वर्कशॉप का आयोजन किया। झारखंड राज्य सर्किल प्रमुख अभिषेक कुमार ने कार्यशाला की सराहना की और गठबंधन सहयोगी के रूप में समर्थन के लिए झारखंड राज्य अग्निशमन कार्यालय को धन्यवाद दिया। मोहराबादी शाखा प्रबंधक प्रवीण कुमार एवं शाखा के अन्य कर्मचारी गतिविधि के दौरान उपस्थित रहे।

## गोमिया विधायक ने पीसीसी पथ का किया उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बेरमो।** गोमिया शिव मंदिर से धुर्वा मोड़ के बजरंग बली मंदिर तक चार सौ फीट पीसीसी पथ का उद्घाटन 06 जून को गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज व पलिहारी गुरुडीह मुखिया सपना कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। पीसीसी पथ 15 वें वित्त आयोग मद से बनाया गया है। मौके पर विधायक ने कहा कि पूरे गोमिया विधानसभा क्षेत्र में विकास की योजनाएं धरातल पर उतारा जा रहा है और लोगों को उनकी बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। इस पीसीसी पथ का निर्माण होने से पोस्ट ऑफिस मोड़ का ट्रैफिक दबाव कम होगा। मौके पर पंसस सुशीला देवी, संदीप स्वर्णकार, सोनी देवी, आंनद नायक, रविंद्र प्रसाद, उमाशंकर नायक, राजेंद्र प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### गिरिडीह : लंबित विकास कार्यों को जल्द पूर्ण करें : बीडीओ

**गिरिडीह।** जिले के पीरटांड प्रखंड सभागार में बीडीओ दिनेश कुमार की अध्यक्षता में 06 जून को समीक्षा बैठक हुई। बीडीओ ने प्रखंड क्षेत्र में संचालित पेंशन योजना, स्वच्छता अभियान, आवास योजना, मनरेगा सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों व कर्मियों को योजनाओं को स-समय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। कार्यान्वित योजनाओं में पारदर्शिता रखने की भी चेतावनी दी गई। अधूरा आवास, मनरेगा आदि के लंबित कामों को जल्द पूरा करने को कहा गया। बैठक में बीडीओ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि समन्वय बनाकर संबंधित कार्यों को जल्द पूर्ण करें। बैठक में प्रखंडस्तरीय अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## बीसीसीएल को उत्पादन-उत्पादकता में मिला उत्कृष्टता का तीसरा पुरस्कार

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** कोयला मंत्रालय व कोल इंडिया की ओर से नई दिल्ली के एक होटल में आयोजित समारोह में कोयला मंत्री ने वर्ष 2022-23 में सुरक्षा, उत्पादन एवं उत्पादकता, संधारणीयता (सस्टेनेबिलिटी), गुणवत्ता एवं ईआरपी कार्यान्वयन पांच क्षेणियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कंपनियों के सीएमडी को पुरस्कार प्रदान किया। इसके साथ ही वृहद, बड़े, मध्यम और छोटे क्षेत्रों की श्रेणी में वर्ष भर बेहतर प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रीय महाप्रबंधकों को भी पुरस्कृत किया गया। बीसीसीएल को उत्पादन एवं उत्पादकता की श्रेणी में कंपनी स्तर पर तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। कोयला मंत्री प्रल्हाद जोशी के हाथों से कोयला सचिव अमृत लाल मीणा, अध्यक्ष कोल इंडिया प्रमोद अग्रवाल एवं कोयला मंत्रालय के अवर सचिव एम नागराजू की उपस्थिति में यह पुरस्कार बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता और निदेशक तकनीकी (संचालन) संजय कुमार सिंह ने प्राप्त किया। इसके साथ ही मध्यम श्रेणी के क्षेत्रों श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बीसीसीएल के लोदना, बस्ताकोला, कुसुंडा और बलॉक-क्कक्षेत्रों के महाप्रबंधकों को भी कोयला मंत्री द्वारा ट्राफी और प्रमाण-पत्र के साथ सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार लोदना क्षेत्र से बीके सिन्हा, बस्ताकोला से निर्झर चक्रवर्ती, कुसुंडा से श्री वीके गोयल और ब्लॉक-क्क से श्री चितरंजन कुमार ने प्राप्त किया।

### गिरिडीह : अपूर्ण 795 पीएम आवासों को 30 जून तक पूरा करने का निर्देश

गिरिडीह। जिले के गांडेय प्रखंड सभागार में 06 जून को बीडीओ विजय कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गई. बैठक में प्रखंड में चल रहे विकास योजनाओं पर चर्चा की गई. बताया गया कि प्रखंड में 795 पीएम आवास अधूरा पड़ा है, जिसे बीडीओ ने 30 जून तक पूर्ण करने का आदेश दिया. वहीं बुधवार को जिला में होने वाले सामाजिक आकेक्षण के संबंध में सभी मनरेगा अधिकारियों को निर्देश दिए गए. साथ ही वर्ष 2019, 20 व 21 की योजनाओं का पूर्ण भुगतान कर योजना को बंद करने का निर्देश दिया गया. बैठक में बीपीओ फरीदुल हसन, मनीषा टुडू, प्रखंड के सभी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, जेई आदि मौजूद थे.

### ठाकुर मोटर्स के मालिक को अपराधियों ने गोली मारी, हालत गंभीर

**धनबाद।** नया बाजार स्थित ठाकुर मोटर्स के मालिक संजीवानंद ठाकुर को अपराधियों ने धैया -सुशनीलेवा हीरक रोड में गोली मार दी। घायल संजीवानंद ठाकुर को असर्फी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां घायल संजीवानंद की गंभीर स्थिति को देखते हुए दुगार्पुर मिशन अस्पताल ( पश्चिम बंगाल) रेफर कर दिया गया है। संजीव आनंद ठाकुर बरवाअड्डा कमल कटेसरिया के पीछे के रहने वाले हैं। नया बाजार से अपनी दुकान बंद कर घर जा रहे थे, इसी बीच अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। सूत्रों के हवाले से पता चला कि उन्हें एक गोली लगी है। संजीव को गोली फ्लावर मिल रानी बांध धईया के पास मारी गई है। सूचना मिलने के बाद बरवाअड्डा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई है। गोली मारने की घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। नया बाजार में सोमवार रात लगभग 8:30 बजे दुकान बंद कर संजीवानंद ठाकुर मेमको मोड़ अपने घर जा रहे थे। तभी धैया स्थित रामायण निवास के पास बाइक सवार अपराधियों ने दो राउंड फायरिंग की। एक गोली संजीवानंद ठाकुर की पीठ में फंसी हुई है। गोली मारने के के बाद अपराधी भाग निकले।

# बेरमो में कलश यात्रा के साथ महायज्ञ शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**बेरमो।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत हजारी बस्ती के बैध टोला में सात दिवसीय श्री श्री 1008 श्री रुद्र चंडी महायज्ञ का आयोजन भक्तिमय माहौल में शुरू हो गया। 06 जून को 251 कन्याओं व महिलाओं ने गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली। यात्रा यज्ञ मंडप से शुरू होकर हजारी मोड़ होते हुए छिलका पुल के समीप बोकारो नदी तट पर पहुंची। जहां पूरे विधि-विधान से कलश में जल भरकर यज्ञ मंडप लाया गया. यज्ञस्थल पर पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश व देवी-देवताओं का आह्वान के बाद पूजन का कार्यक्रम शुरू हुआ। इस दौरान अरणि मंथन, अग्नि स्थापना, हवन, पूजन, पारायण पाठ, महाआरती, पुष्पांजलि आदि का कार्यक्रम जारी है। वहीं रात्रि में जगतगुरू पीठाधीश्वर स्वामी दीनदयालु सरस्वती जी महाराज प्रवचन देंगे। कार्यक्रम में विधायक डॉ लंबोदर महतो, पूर्व विधायक माधवलाल सिंह, आकाशलाल सिंह, देवनारायण प्रजापति, शिवशंकर दुबे, चंदना डे, बुधेश्वर प्रजापति, कुलदीप प्रजापति, नन्दकिशोर प्रजापति, बिनोद प्रजापति, उत्तम प्रसाद आदि शामिल थे।

### बेरमो : बाइक की डिक्की से चोरों ने उड़ाए 55 हजार रूपए

**बेरमो।** गोमिया थाना क्षेत्र के स्वांग वन-वी मार्केट में 06 जून को सीसीएल कर्मी रंजीत कुमार की बाइक की डिक्की से अपराधियों ने पचपन हजार रुपए टपा लिए। चोरी की यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। बता दें कि सीसीएल कर्मी रंजीत कुमार एसबीआई आईइएल से रुपए निकालकर बाइक के डिक्की में रखकर अपने क्वार्टर स्वांग लौट रहे थे। स्वांग वन-वी मार्केट में वह अपनी बाइक खडी कर सामान खरीदने गए. कुछ ही मिनट के बाद जब वापस लौटे तो बाइक की डिक्की खुली थी और रुपये गायब थे।

### धनबाद : सिंदरी की महिला ने दो युवकों पर लगाया मारपीट व छेड़खानी का आरोप

**धनबाद।** सिंदरी के डोमगढ़ में रहने वाले बबलू कुमार की पत्नी गंगा देवी ने रांगामाटी के दो युवकों दीपक राय व तनु चौधरी पर गाली-गलौज कर मारपीट व छेड़खानी का आरोप लगाते हुए 6 जून को सिंदरी थाने में लिखित शिकायत दी है। पुलिस दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। महिला थाने में दिए आवेदन में कहा है कि उसने आरोपी दीपक राय से 40 हजार रुपए सूद पर लिए थे। उसमें से 25 हजार रुपए वह लौटा चुकी है। दोनों आरोपी युवक 5 जून की रात करीब 9 बजे बाइक से उसके आवास पर आए और गाली-गलौज करते हुए सूद का पैसा मांगने लगे। इस दौरान दोनों ने उसके साथ जोर-जबर्दस्ती करने की कोशिश करते हुए मारपीट की। हत्या करने की धमकी भी दी। युवकों ने उसके पास से तीन हजार रुपए नकद व गले से सोने की चेन छीन ली और फरार हो गए। इधर, पकड़े गए युवकों ने पुलिस के समक्ष शिकायत करने वाली महिला को पहचानने से इंकार किया। कहा कि महिला के बारे में वे कुछ नहीं जानते हैं।

### धनबादः किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोप में नाबालिग के खिलाफ मामला दर्ज

**हजारीबाग।** प्रखंड के जंगलपुर गांव की मस्जिद टोला की 14 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला मंगलवार 6 जून को सामने आया है। गोविंदपुर पुलिस ने किशोरी के पिता के बयान के आधार पर पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। प्राथमिकी के अनुसार आरोपी भी नाबालिग है। 17 वर्षीय आरोपी मस्जिद टोला निवासी नईमुद्दीन अंसारी का पुत्र है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने नईमुदीन को हिरासत में लेकर छापामारी शुरू कर दी है. प्राथमिकी के अनुसार घटना 18 मई की है. आरोपी एवं पीड़िता का घर आमने-सामने है, इसका फायदा उठाते हुए आरोपी ने घटना को अंजाम दिया।

# जमीन की ऑनलाइन इंट्री तक किसान करेंगे आन्दोलन



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** जमीन की ऑनलाइन इंट्री कराकर रसीद प्राप्त होने तक संघर्ष की घोषणा के साथ जिले के झंडा मैदान में 06 जून को किसान पंचायत का आयोजन किया गया। मंच के अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि जमीन की ऑनलाइन रसीद प्लाट नंबर व रकवा को दशार्ते हुए निर्गत करने तक किसानों का संघर्ष जारी रहेगा। इसकी सुविधा नहीं रहने से कई योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जमीन संबंधी विवाद भी बढ़ता जा रहा है। मंच के जिला सचिव विजय कुमार ने कहा कि भूदान, बंदोबस्ती की जमीन की जमाबंदी कराने और ऑनलाइन रसीद देने में अधिकारी कोताही न बरतें। देवचंद्र यादव ने कहा कि कई जमीनों को प्रतिबंधित सूची में डाल दिया गया है, इसे मुक्त किया जाना चाहिए। मंच ने उतराधिकार दाखिल खारिज, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड आदि में घूस नहीं देने पर जोर दिया। पंचायत में ओडिशा रेल हादसा में मरे लोगों के प्रति शोक व्यक्त कर रेल मंत्री से इस्तीफे की मांग की। मंच की ओर से राजनैतिक दल बनाने के लिए चयनित 24 संस्थापक सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर विजय कुमार, दासो मुर्मू, संचित कुमार, टीपन ठाकुर, जोगेश्वर ठाकुर, नबी अंसारी, फुसम हंसदा, बेबी देवी, खुशबू देवी, चिंतामणि सिंह,कुदरत अली, सुजीत दास, छत्रधारी सिंह, देवचन्द्र यादव, थांभी मंडल, अन्ना मुर्मू, परशुराम वर्मा, दिनेश कुमार वर्मा, कोलेश्वर सोरेन आदि मौजूद थे।

## झारखंड कृषि ऋण माफी योजना की उपायुक्त ने की समीक्षा

# काम में तेजी लाएं : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने परियोजना निदेशक आत्मा से झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत रामगढ़ जिले में अब तक किए गए कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान परियोजना निदेशक आत्मा के द्वारा उपायुक्त एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई कि झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत रामगढ़ जिले में कुल 13079 लाभुकों का चयन किया गया है।



जिनमें 8623 लाभुकों को योजना के माध्यम से लाभान्वित किया गया है शेष लाभुकों को योजना के माध्यम से लाभान्वित करने हेतु कार्य किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि वर्तमान में कुल 1146 लाभुकों का ईकेवाईसी किया जाना बाकी है। इस संबंध में उपायुक्त ने परियोजना निदेशक आत्मा को तीव्र गति से कार्य करते हुए जल्द से जल्द शेष लाभुकों का ईकेवाईसी का कार्य पूर्ण कर सभी लाभुकों को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया।

### शिक्षक के घर नगद सहित पांच लाख के आभूषण की चोरी

**हजारीबाग।** हजारीबाग-कटकमदाग थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचशील कॉलोनी स्थित शिक्षक अर्जुन चौधरी के घर से नगद समेत पांच लाख की चोरी होने का मामला मंगलवार को प्रकाश में आया है। भुक्तभोगी घर बंद करके परिवार सहित तीन जून को बिहार के पूर्णिया गया हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल पुलिस कटकमदाग पुलिस स्थल पर पहुंची। घटना स्थल के बगल स्थित शैलेश सिंह के घर लगे सीसीटीवी कैमरा को पुलिस ने खंगाली। हालांकि सीसीटीवी कैमरे में किसी की तस्वीर कैद नहीं पाया गया। भुक्तभोगी शिक्षक अर्जुन चौधरी ने बताया कि घर के अंदर घुसने के लिए चोरों ने तीन दरवाजे में लगे ताला को तोड़कर प्रवेश किया। कमरे के अलमीरा तोड़कर उसमें रखे 70,000 नगद और 3.5 लाख के आभूषण चुरा कर ले गए।

## अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासन ने एक बार फिर कसी कमर, फिर हुआ माइकिंग

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** देर संध्या मंगलवार को एनएचएआई के 1003 वाहन ने बरही चौक सहित चारो रोड पर अतिक्रमित क्षेत्र खाली करने को लेकर माइकिग अभियान चलाया गया । विदित हो कि पिछले कई महीनों से बरही चौक प्रायः जाम से घिरा रहता है । जिससे न केवल सामान्य वाहन या व्यक्ति अपितु छात्र, कर्मचारी और एंबुलेंस को भी जाम में फंसना पड़ता है । चौक सहित बाजार क्षेत्र को अतिक्रमणमुक्त बनाने को लेकर को बरही प्रशासन एक बार फिर सख्त हुआ है । एनएचएआई ने बरही चौक सहित सड़क पर लगने वाले ठेला, मछली दुकान, मुर्गा दुकान आदि को माइकिंग करवाकर खाली करने का




निर्देश दिया है । इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने बताया कि सभी अतिक्रमणकारियों को दो दिनो के मोहलत दिया गया है । इसके बावजूद भी यदि अतिक्रमित क्षेत्र खाली नही किया गया तो दंडात्मक करवाई करते हुए स्थल खाली करवाया जायेगा । इक कार्य में होने वाले क्षतिपूर्ति के लिए अतिक्रमणकारी स्वय जिम्मेवार होंगे

**NEWS इन ब्रीफ**

### नाबालिग के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**बरही।** चौपारण में नाबालिग के अपहरण के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस संबंध में चौपारण थाना प्रभारी शंभूनंद ईश्वर ने बताया कि पीड़िता के लिखित आवेदन के आधार पर 29 मई को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उसी के आधार पर चौपारण स्थित बसरिया के शशि कुमार पिता राज कुमार पासवान को गिरफ्तार किया गया। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### यौन शोषण के आरोपी को भेजा गया जेल

**बरही ।** शादी के झांसा देकर यौन शोषण करने के आरोप में ने पंकज कुमार दास पिता विरेंद्र कुमार दास को जेल भेज दिया गया। उक्त जानकारी इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने दी । उन्होंने बताया कि उक्त कारवाई के भुक्तभोगी पीड़िता के लिखित आवेदन पर किया गया है । आरोपी ग्राम असना इन्दवा थाना तिलैया जिला कोडरमा का रहने वाला है । जिसके विरुद्ध आईपीसी की धारा 376, 364 के तहत बरही थाना कांड संख्या 261/23 दिनांक 06/06/23 दर्ज किया गया है।

### झील से मिला अज्ञात युवक का शव

**हजारीबाग।** हजारीबाग के गांधी प्रतिमा स्थित झील से एक अज्ञात युवक का शव लोहसिंगना पुलिस ने मंगलवार को बरामद किया है। युवक की पहचान अब तक नहीं हो पायी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि झील में एक युवक का शव देख इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। लोहसिंगना थाना पुलिस और मुर्दा कल्याण समिति के नीरज कुमार ने शव को झील से निकालकर शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजा। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि जब तक मृतक की पहचान नहीं हो जाती, तब तक कुछ कहना जल्दबाजी होगी।

## विधायक ने नल जल योजना का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के शिलाडीह पंचायत अंतर्गत काली मंडप के समीप विधायक अमित कुमार यादव ने हर घर, जल नल योजना का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमुख रेणु देवी, उपप्रमुख, सुरजी देवी, मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, भोला प्रसाद, सुनील पाण्डेय, श्याम सिंह, समीम अंसारी, पंसस ज्योति कुमारी, राजकुमार गिरी उपस्थित थे। विधायक ने कहा कि इस योजना के तहत हर घर तक निःशुल्क स्वच्छ जल पहुंचेगा। उन्होंने सवेंदक को शीघ्र कार्य शुरू करने और समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। कहा कि नल जल योजना हमारे प्रदेश की दशा और दिशा बदलने में अहम



भूमिका निभाएगी। इस योजना से सभी ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। यह देश की एक महत्वकांक्षी योजना है। लोगों को शुद्ध जल मुहैया कराने का लक्ष्य है। इस अवसर पर रीतलाल प्रसाद, अर्जुन पाण्डेय, मुकेश कुमार पाण्डेय, जिवालाल रविदास, परमेश्वर साहू, भोला प्रसाद, जगदीश राम, उपमुखिया सहदेव पासवान, एकलाख अंसारी, मुस्तकीम अंसारी, बिजय सिंह, दीपक कुमार, शंकर ठाकुर, अनिल कुमार आजाद, विजय यादव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## अब्दुल हकीम अफजली फरीदी की सलाना उर्स मनाने को लेकर बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** कोनहाराखुर्द ग्राम स्थित बाबा शाह अब्दुल हकीम अफजली फरीदी की सलाना उर्स पाक मनाने को लेकर बैठक हुई। जिसकी सदारत पीरे तरिकत हजरत मौलाना सैयद शाह अरशद अफजली आस्ताना शेरपुर नवादा ने किया। बैठक में आगामी 25 जुन को होने वाली उर्स मुबारक सफल बनाने को लेकर कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से उर्स कमेटी के सदर मो नसीम खान तथा सेक्रेट्री मो यासिन खान को चुना गया।जबकी उर्स कार्यक्रम की सरपरस्ती हजरत मौलाना सैयद शाह अरशद अफजली, हजरत मौलाना सैयद शाह फैजानु हुदा कादरी पिण्ड शरीफ तथा हाजी मो शमीम खान करेंगे। उर्स पाक पर नमाजे ऐशा पैगाम इस्लाम सह फैलाने अफजली कांफ्रेंस तथा सुबह तालिमे निस्वां कांफ्रेंस महिलाओ के लिए आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर बैठक में अफताब खान, इम्तियाज भारती, इसरार खान, जसीम खान, सत्तार खान, गफ्फार खान, शाहीद शोख, जाहीद खान, आबिद खान, वसिम अकरम, हाजी फहीम खान, मो मेराज राजू, रिजवान, ईरफान, गुफरान, महताब खान, सद्दाम, वारिश, सन्नी खान, नाजा खान, प्रवेज, फिरोज, दानिश, कलीम खान, अयुब खान, रउफ खान, मिनहाज खान, सरफराज अहमद, अयुब खान, बबलू खान समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### नवप्रोन्नत 25 पुलिस अवर निरीक्षकों को पुलिस अधीक्षक ने उत्तरदायित्व के प्रति मार्गदर्शन दिया



**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार कक्ष में मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन कर 25 नवप्रोन्नत पुलिस अवर निरीक्षक को पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे द्वारा रैंक लगाकर नए पद के उत्तरदायित्व के प्रति मार्गदर्शन दिया गया। इस क्रम में पुलिस अधीक्षक ने नव प्रोन्नत अवर निरीक्षकों को बताया की वे अपने कर्तव्य के प्रति जागरूक रहें, अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें तथा आम लोगों के साथ विनम्रता एवं प्रोफेशनल तरीके से व्यवहार करें। इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ ,पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय ,परिचारी प्रवर, परिचारी एवं सभी शाखा प्रभारी शामिल थे ।

### अपने ही जमीन पर मकान बनाने पर लगाया रोक, न्याय की लगाई गुहार



**बरही ।** बधिया जवाड़ निवासी मकबूल आलम ने थाना में आवेदन देकर अपने ही जमीन पर कार्य करवाने से रोकने व थाना में झूठा शिकायत करने का आरोप लगाया है । आवेदन में बताया कि उनके पिता के द्वारा 1980 में खरीदे गए जमीन, जिसपर वेलोग वर्षो से घर बनाकर रह रहे थे । मकान जर्जर हो जाने के कारण उसे तोड़कर नया बनाने का काम किया जा रहा था । लेकिन उनके गांव के छत्रु महतो ने उनके जमीन पर अपना हक बताते हुए जबरन काम करने से मना कर दिया और उनके खिलाफ थाना में लिखित शिकायत भी किया । जिससे थाना के पदाधिकारी द्वारा काम रुकवा दिया गया है । मामले के संबंध में शिकायतकर्ता ने बताया कि निर्माण स्थल का खाता नंबर 52 प्लॉट नंबर 556 जो 45 डिसमिल का था, उसमे आधा उनका हिस्सा है । परंतु उनकी मर्जी के बिना ही जमीन खरीद लिया गया है, जो अवैध है । पूर्व मुखिया टेकलाल यादव ने बताया कि दोनो पक्षों ने वार्ता हो गई है, शीघ्र ही फैसला कर मामले का निष्पादन कर लिया जायेगा ।

## ह्यूमन केयर चेरिटेबल ट्रस्ट ने किया भिक्षाटन




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** बिहार और झारखंड में संचालित ह्यूमन केयर चैरिटेबल ट्रस्ट ने सोमवार की देर संध्या बरही चौक पर भिक्षाटनअभियान चलाया। अभियान प्रमुख गणेश परमार ने बताया कि उनके ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य छोटे छोटे लावारिस और लाचार नन्हे बच्चों को सुरक्षा प्रदान करना है । उनके लिए दो जून की रोटी उपलब्ध करवाना है । इसके लिए वे लोग पूरे राज्य में भिक्षाटन कर रहे है । जिसमे लोगो का भरपूर सहयोग मिल रहा है । सहयोग से प्राप्त राशि से उन मासूमों के लिए रोटी बैंक की स्थापना की जा रही है । जिसकी सहायता से उन्हे भोजन की व्यवस्था की जाती है । उन्होंने लोगो से अपील किया जिस प्रकार बर्थडे, मैरेज डे, फ्रेंड्स डे इत्यादि मनाए जाते है ऐसे लाचार बच्चो के लिए रोटी डे भी मनाया जाना चाहिए । जिसमे लोग अपनी सामर्थ्य के अनुसार बढ़-चढ़कर दान दे सके । उन्होंने बताया कि वर्तमान में उनकी संस्था 50,000 अनाथ बच्चों को रोटी उपलब्ध करवा रहा है । भिक्षाटन में संस्थान के मृत्युंजय, राहुल कुमार, शिखा बानो आदि शामिल थे । इस भिक्षाटन में बरही चौक के कई समाजसेवी राहुल राणा, संतोष निषाद, राजा निषाद, राधा निषाद, मासूम , सलमान खान, कलाम आलम, गणेश केसरी, अमीत सोनी , बबलू केसरी, चांद अंसारी आदि लोग ने स्वेच्छा से सहयोग किया ।

### पुलिस ने बालू लदा ट्रैक्टर को किया जब्त


**बरकट्ठा।** थाना पुलिस ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त किया हैं। मामले की जानकारी थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने कहा कि अंचल अधिकारी और बरकट्ठा थाना के द्वारा संयुक्त रूप से अवैध बालू ,गिट्टी व कोयला के खनन एवं परिवहन के रोकथाम हेतु संयुक्त रूप से बरकट्ठा अंचल अंतर्गत छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के क्रम में ग्राम बंडासिंगा रोड से एक ब्लू रंग का स्वराज ट्रैक्टर बालू लोड कर आ रहा था जिसे रोककर उक्त ट्रैक्टर में बालू के संबंध चलाक से कागजात की मांग की। परंतु उनके द्वारा कोई वैध कागजत प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसके बाद बरकट्ठा पुलिस ट्रैक्टर पकड़ कर थाना ले आई।

### शौंडिक समाज की बैठक



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गंगपाचो स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में शौंडिक समाज की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता मनोहर प्रसाद चौधरी व संचालन शशिभूषण प्रसाद ने की। वही प्रखंड के सभी गांव के गणमान्य लोग उपस्थित हुए एवं सामाजिक, सांस्कृतिक व शिक्षा के विकास पर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित लोगों द्वारा स्वजाति को एक सूत्र में बंधे रहने का निर्णय लिया गया। वहीं शौंडिक समाज के विस्तार हेतु गांव से लेकर जिला स्तर तक मजबूती देने की बात लोगों ने कही। तत्पश्चात समाज के सर्वांगीण विकास हेतु उपस्थितों द्वारा संपूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया ।वहीं लोगों ने समाज को मिल रही विभिन्न उपलब्धियों पर खुशी जाहिर की ।मौके पर रामसेवक प्रसाद, दिनेश प्रसाद, इंद्रदेव प्रसाद, डॉक्टर प्रकाश कुमार ,यमुना साव, गोपाल प्रसाद ,सुनील चौधरी, आईपी भारती, प्रकाश चौधरी ,सत्येंद्र प्रसाद, उतीम महतो समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## 'लखी माई' का झारखंड फिल्म फेस्टिवल में चयन






**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** रसोईया धमना के पुरहारा के युवक नितेश कुमार द्वारा निर्देशित डॉक्यूमेंट्री लखी माई का चित्रपट झारखंड फिल्म फेस्टिवल में चयन किया गया है । जो बरही सहित पूरे विधानसभा के लिए गौरव की बात है । जानकारी देते हुए युवा निर्देशक ने बताया कि यह डोक्युमंट्री चावल की खेती की पुरानी परंपरा पर आधारित है । जिसे होरिल यादव फि ल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया गया है । जिसका निर्देशन, एडिटिंग और कैमरा उन्होंने स्वयं किया है। बताया कि इस फेस्टिवल के लिए 102 फि ल्मों का फॉर्म आया था । जिसमे से 60 फिल्मों में 13 डॉक्यूमेंट्री फिल्मों का चयन हुई जिसमें लखी माई भी एक हैं। इसके साथ 8 कैंपस फि ल्म और 39 शॉर्ट फिल्मों का भी चयन हुई हैं। जिसकी स्क्रीनिंग सरला बिरला यूनिवर्सिटी में 24 एवं 25 जून को किया जायेगा । डॉक्यूमेंट्री में किसान के नौ महीने के सफर के माध्यम से चावल की खेती की प्रक्रिया, संघर्ष, त्योहारों, परंपरा और संस्कृति को दिखाने का प्रयास किया गया है । लोक पर्व के साथ साथ लोक गीत भी है जो उनकी नानी जमनी देवी और पिता स्वर्गीय होरिल यादव ने गाया था । फि ल्म को मावेरिक फिल्म्स (रांची), रिवोल्यूशियंडो वैरासिटी (मुंबई), जेसी फि ल्म (चण्डीगढ़), ग्लोबल फोटोग्राफी (बरही) में एडिटिंग किया गया है । इसे पुरा करने में लगभग 5 साल लग गए। इस डॉक्यूमेंट्री में मुख्य भूमिका उनके नाना दामोदर यादव और नानी की है। फि ल्म को पूरा करने का श्रेय भी उन्होंने अपने नाना, नानी, शिक्षक प्रकाश, बीजू टोप्पो और बड़े भाई प्रियर्थ मुखर्जी, तुषार चांद, रूपेश साहू, पुरोषोत्तम, संतोष एचडी विडियोग्राफी, इकराम ग्लोबल फोटोग्राफी, चंदन, आनंद, और अपने गांववासियों को दिया है ।

**आस्था**

### हजारीबाग गौशाला में छप्पन भोग कार्यक्रम का आयोजन

## भक्तों ने की राधा-कृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चना, बांटे प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** शहर में पिछले कई दिनों से लगातार भक्ति भाव का माहौल देखने को मिल रहा है प्रचंड गर्मी के बीच भी लोगों की आस्था बनी हुई है। इसी आस्था के बीच शहर से 12 किलोमीटर दूर स्थित कोलकाता पिंजरापोल सोसायटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला परिसर में मंगलवार को दोपहर 2:00 से भव्य छप्पन भोग का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत सर्वप्रथम राधा कृष्ण मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना के उपरांत प्रारंभ हुआ। जिसके बाद सभी गौ भक्तों ने गौ माता को भोग लगाया। छप्पन भोग में गौ भक्तों की उत्साह काफी देखने को मिली। गौ भक्तों के साथ उनके बच्चे भी कार्यक्रम में उपस्थित हुए। छप्पन भोग व्यंजन में गुड, उरद दाल, मसूर दाल, रोटी, पुरी,चोकर, जलेबी, बुंदिया सहित अनेकों प्रकार के व्यंजन का भोग लगाया गया। मौके पर हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक सह पूर्व सचिव गौशाला चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम आयोजित होने से गौ भक्तों में काफी प्रसन्नता होती है ।कार्यक्रम के दौरान गौ भक्तों की उत्साह को देखकर मन प्रसन्न हुआ। प्रचंड गर्मी में भी लोग गौशाला परिसर पहुंचकर गौ माता को आस्था के



साथ भोग लगाया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने वाले सभी गौ भक्तों का बहुत-बहुत साधुवाद। मौके पर बजरंग अग्रवाल, फतेहचंद अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, संजय कुमार,रितेश खण्डेलवाल,प्रणीत जैन,विकाश तिवारी,विकाश केशरी,लता जैन,मेघा जैन,मंजू जैन,स्वेता अग्रवाल, प्रिशा जैन, अर्हम जैन,अर्शिव जैन,अंकुर जैन सहित कई लोग मौजूद थे।

## हजारीबाग के नौ बीइइओ के वेतन स्थगित शिक्षक संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिला शिक्षा अधीक्षक संतोष गुप्ता ने हजारीबाग जिले के सभी नौ बीइइओ के वेतन को स्थगित कर दिया है। साथ ही शोकॉज पूछा है कि वह अपनी बातों को लेकर मीडिया में क्यों गए। डीएसई ने कहा है कि विभिन्न कारणों से बीइइओ का मई माह का वेतन स्थगित किया गया है। कई माह से बीइइओ का वेतन स्थगित नहीं है। ऐसे में मीडिया में एक बीइइओ के हवाले से यह खबर छपी है कि कई माह के वेतन स्थगित हैं और डीएसई मनमानी कर रहे हैं। इस मामले में सभी बीइइओ से दो दिनों के अंदर शोकॉज का जवाब मांगा गया है। वहीं वाट्सग्रुप में अखबार की कटिंग डालने के आरोप में



कटकमसांडी स्थित मध्य विद्यालय पबरा के प्रभारी प्रधानाध्यापक विनोद कुमार रंजन और कन्या मध्य विद्यालय दारू के सहायक शिक्षक धीरज कुमार से भी डीएसई ने स्पष्टीकरण मांगा है। दरअसल अखबार में जिला शिक्षा स्थापना समिति के खिलाफ समाचार प्रकाशित करने की बात कहते हुए उसे वाट्सएप ग्रुप में डालने पर दोनों शिक्षकों से डीएसई ने कहा है कि यह सरकारी सेवक आचार नियमावली 1976 का उल्लंघन है। शैक्षिक परिवर्तन दल और परिवर्तन दल हजारीबाग के वाट्सएप ग्रुप में न्यूज कटिंग डालने पर तीन दिनों के अंदर जवाब मांगा गया है. डीएसई ने कहा है कि अगर निर्धारित अवधि तक जवाब नहीं दिया गया, तो यह मान लिया जाएगा कि शिक्षकों के पास कोई जवाब नहीं है। फिर एकतरफा विभागीय कार्रवाई शुरू की जाएगी। वहीं शिक्षकों से स्पष्टीकरण मामले में झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मो. अतिकुज्जमा ने बयान जारी कर कहा है कि यह शिक्षकों को डराने का प्रयास है।

# पेंटिंग प्रतियोगिता में कैलाश राय सविमं के दो छात्र पुरस्कृत




**नवीन मेल संवाददाता**
**झुमरी तिलैया।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर कोडरमा जिला द्वारा मिशन लाइव के बैनर तले पर्यावरण संरक्षण से संबंधित थीम पर आधारित जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन ध्वजाधारी धाम के प्रांगण में किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालय तथा शैक्षिक संस्थानों से सैकड़ों छात्र प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए। जिसमें कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर के दो छत्र अंकित और प्रशांत का चयन जिले में तृतीय और चतुर्थ स्थान के रूप में किया गया। तत्पश्चात इन्हें प्रशस्ति पत्र और पारितोषिक प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी जी की गरिमामय उपस्थिति थीं। विशिष्ट अतिथि के रुप में विधायक डॉक्टर नीरा यादव, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, बरकट्ठा विधायक अमित यादव के साथ जिला के उपायुक्त आदित्य रंजन भी उपस्थित थे।भैया के इस सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य शमेंद्र कुमार साहु ने प्रसन्नता वक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रतियोगिता में भाग लेने से भैया बहनों के अंदर छिपी भी प्रतिभा का प्रस्फुटन होता है। विद्यालय के अध्यक्ष नारायण सिंह, सचिव अनुराग सिंह, उपाध्यक्ष नंद राय, कोषाध्यक्ष नवल कुमार ने भैया बहनों को बधाई और शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की मंगल कामना किए।मौके पर विद्यालय के आचार्य दीपक कुमार विश्वकर्मा, नीरज कुमार, वीरेंद्र प्रसाद, संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

# भाजयुमो की बैठक में कई बातों पर चर्चा




**नवीन मेल संवाददाता**
**झुमरी तिलैया।** भाजपा युवा मोर्चा कोडरमा जिला कार्यसमिति की बैठक जिला अध्यक्ष सुरज प्रताप मेहता की अध्यक्षता में कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव के आवासीय कार्यालय में आहूत की गई। बैठक भारत सरकार में शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद कोडरमा अन्नपूर्णा देवी, झारखंड सरकार में पूर्व शिक्षा मंत्री सह विधायक कोडरमा डॉ नीरा यादव एवं जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहां कि प्रदेश द्वारा निर्देशित राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम प्रधानमंत्री के 9 वर्ष पूर्ण होने पर महा जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम में युवा मोर्चा के कार्यकताओं की भी भागीदारी सुनिश्चित की गई है। डॉ नीरा यादव ने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मंडल स्तर पर नव मतदाता सम्मेलन 7 से 10 जून तक करेगी, 10 से 20 जून तक विकास तीर्थ बाइक रैली एवं 19 से 21 जून के बीच लाभार्थी सम्मेलन तथा 25 जून को ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

## अधिकारियों के उदासीनता के कारण

# बूंद-बूंद के लिए तरस रहे कुटुंगीयावासी

### ग्रामीणों ने कहा - आवेदन दे देकर थक गए, न मनरेगा से किसी का कूप बना न ही किसी ने एक नल लगवाया



**नवीन मेल। आलोक कु. साहू**
**जलडेगा।** झारखंड सरकार खुद को कितना भी आदिवासी हितैषी सरकार साबित करने की कोशिश कर ले, लेकिन जमीनी हकीकत की तस्वीरें जैसे ही सामने आती है सरकार के तमाम दावों की पोल खुल जाती हैं। कोई भी आम इंसान पानी को देख कर ही बता सकता है कि ये इस्तेमाल करने लायक नहीं है। पानी इतना गंदा है कि साफ-सफाई के लिए इसका इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं, लेकिन झारखंड में आज भी कई ऐसे ग्रामीण इलाके हैं जहां लोग साफ पानी के लिए तरसते हैं। ऐसा ही एक मामला सिमडेगा जिला के जलडेगा प्रखंड अंतर्गत कुटुंगीया पंचायत के डूडिंग टोली गांव का है 30 परिवार वाले इस गांव के ग्रामीण सालों से गंदा पानी पीकर ही अपना गुजारा कर रहे हैं। गांव वालों के पास कोई दूसरा विकल्प है ही नहीं। गांव में एक नल तक नही है ना ही मनरेगा से किसी का कूप निर्माण हुआ है। जिसके कारण ग्रामीण घरेलु कामकाज के लिए पहाड़ी रास्ता तय कर सालों पहले जन सहयोग से खोदे गए कुएं का गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। इस पानी के लिए ग्रामीणों को जान जोखिम में डालना पड़ता है। ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें 40 से 50 साल हो गए रहते हुए, लेकिन आज तक पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधा नहीं मिली है। गांव में पेयजल के लिए एक कुआं है, जो सालों पहले ग्रामीणों ने जन सहयोग से खोदा गया था। गांव के करीब 30 परिवार इसी कुंए के इसी गंदे पानी पर निर्भर हैं। तपती दोपहरी में महिला, पुरुष व बच्चे सभी पहाड़ी रास्ता तय कर आते हैं।तब जाकर कहीं पानी मिल पाता है। इस कुंए से गंदा पानी निकलता है, इसी पानी को गांव के सभी लोग खुद भी पीते हैं और अपने पालतू जानवरों की भी पिलाते है। ग्रामीणों ने कहा कि कई बार पानी को पीने से बीमार भी हो जाते हैं, लेकिन किसी भी अधिकारी को कोई फर्क नहीं पड़ता।

### जनप्रतिनिधियों-बीडीओ को दे चुके हैं आवेदन

सुरसेन कंडूलना, मरियम कंडूलना, बर्नाट कंडूलना, दुतामी कंडूलना, सरानी कंडूलना, ज्योति कंडूलना, मेरी कंडूलना, जोसेफ कंडूलना, सरोज कंडूलना, सैमुएल कंडूलना, हिलारिया कंडूलना, विलियम, नमजन, दोमनिका, गुलशन, जोलेन, बिनोद, सलीम, मगदली और मार्कुश कंडूलना सहित कई अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पानी को लेकर उन्होंने पंचायत और ब्लॉक में कई बार आवेदन दिया है। ग्राम सभा में भी प्रस्ताव बनाकर दिया गया है, लेकिन अभी तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है। जन प्रतिनिधि चुनाव के समय वोट मांगने आते हैं। वह वादे करके जाते हैं, लेकिन फिर लौट कर नहीं आते। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बीडीओ सहित कई जनप्रतिनिधियों को आवेदन देकर निवेदन कर चुके हैं, लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं है।

## झमाझम बारिश से लोगों को मिली गर्मी से राहत

**झुमरी तिलैया।** मंगलवार की दोपहर हुई झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। अन्य दिनों की तरह मंगलवार को दोपहर दो बजे तक भीषण गर्मी से आम जनजीवन अस्त व्यस्त था। किंतु 2:30 बजे के बाद आकाश में धीरे-धीरे बादल घिरने लगे और फिर बारिश शुरू हो गई। लगभग एक घंटे तक हुई बारिश से मौसम तो सुहाना हुआ ही, लोगों को गर्मी से राहत भी मिली। तेज हवा और बारिश से मौसम का मिजाज बदला-बदला सा नजर आया। सूखे पेड़-पौधों और घास-फूस को मानो नई जिंदगी मिल गई हो। गलियों में पानी बहने लगा। आनुमान बताया जा रहा है कि आने वाले 5 दिनों तक बारिश होने की संभावना बनी रहेगी। इस बारिश में बिजली विभाग को किसी प्रकार का कोई नुकसान पहुंचने की सूचना नहीं है। बादलों की गड़गड़ाहट और बिजली की चमक से वातावरण थोड़ा डरावना जरूर हुआ, पर वज्रपात से कहीं किसी प्रकार के नुकसान की सूचना समाचार लिखे जाने तक नहीं थी। बारिश थमने के बाद छोटे-छोटे बच्चे घरों से बाहर निकले और गलियों में रहने वाले पानी के साथ छपा छप खेल में जुट गए।

## कोडरमा के केटीपीएस में करंट से एक की मौत

**कोडरमा।** जिले के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत केटीपीएस पावर प्लांट में मंगलवार को काम के दौरान करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मंटू यादव के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार युवक पावर प्लांट के मुख्य गेट के समीप बिजली रिपेयरिंग का काम कर रहा था। इसी दौरान करंट के संपर्क में आ गया। घटना के बाद परिजन उसे झुमरीतिलैया शहर के निजी क्लीनिक लेकर पहुंचे, जहां से चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर में चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना के बाद केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री सह कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी सदर अस्पताल पहुंची और मृतक के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि मंटू जिस कंपनी के अधीन काम करता था, उस कंपनी से बात कर उचित मुआवजा दिलाया जायेगा।

## सीओ ने अवैध बालू उठाव करते 4 ट्रैक्टर जब्त

**सिमडेगा।** जिले में अभी तक नदी घाटों का टेंडर नहीं हुआ है ऐसे में अवैध बालू उठाव करते हुए 4 ट्रैक्टरों को सीओ प्रताप मिंज के द्वारा जप्त करते हुए सिमडेगा थाना को सुपुर्द किया है। जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी प्रताप मिंज ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि लगातार चोरी-छिपे पालामड़ा नदी से भारी मात्रा में अवैध रूप से बालू का उठाव हो रहा है। जिसकी सूचना के आलोक में सिमडेगा थाना के सब इंस्पेक्टर मनीता कुमारी एवं पूरे दलबल तथा अंचल के कार्यालय कर्मचारी के साथ टीम बनाकर छापेमारी की गई जहां पर कुल 4 ट्रैक्टरों को अवैध बालू उठाव करते हुए पकड़ा गया सीओ ने लिखित आवेदन देते हुए सिमडेगा थाना में अवैध खनन के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। इधर मामला दर्ज करने के बाद थाना वहीं इधर इसकी सूचना खनन विभाग को दी गई है जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई विभाग के द्वारा की जाएगी।

## बोलबा में 40 लोगों का बना आयुष्मान कार्ड

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय स्थित स्वास्थ्य केंद्र बोलवा में मंगलवार को 10 बजे से 4 बजे तक कैंप लगाकर 40 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया । मौके पर बताया गया की स्वास्थ्य केंद्र बोलवा में स्वास्थ्य विभाग की ओर से निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है । इस योजना से 500000 तक के अपने बीमारी का ग्रामीण इलाज करा सकते हैं । वही बताया गया कि इस योजना का लाभ आप सरकार द्वारा पंजीकृत सभी हॉस्पिटल के माध्यम से ले सकते हैं इस योजना के तहत कोई भी मरीज 500000 तक के बीमारी के इलाज में आसानी से इलाज करा सकेंगे केंद्र सरकार की है योजना का लाभ अधिक से अधिक लोग उठाएं इसके लिए राशन कार्ड आधार कार्ड में नाम एक होना चाहिए जिससे कि बनाने में किसी प्रकार की दिक्कत ना हो । इस मौके पर कंप्यूटर ऑपरेटर विजय बड़ाईक, तुरतन कंडुलना, चिरंजीवी कुमार शाह एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम

**बानो।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रखंड परिसर बृक्षा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, बीडीओ यादव बैठा , प्रखंड एवं अंचल कर्मचारियों , पीएलवी प्रखंड परिसर, एवं बीडीओ , अंचल पदाधिकारी आवास में बृक्षा रोपण किया गया , बीडीओ यादव बैठा ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए बृक्ष लगाना एवं उनका संरक्षण करना बहुत जरूरी है , वर्तमान में दूषित पर्यावरण से कई तरह की बिमारिओ के बढ़ने का खतरा बढ़ गया है , मौके पर प्रखंड नाजिर रेणु देवी, महाबीर सिंह , आसुतोष कुमार , अंचल बड़ा बाबू, सहित सभी कर्मचारी, पीएलवी अशोक तिवारी ने भाग लिया।

# जीईएल चर्च बम्बलकेरा में 16 वां वार्षिक युवा सम्मेलन का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**
**सिमडेगा।** ठेठईटांगर प्रखंड के बम्बलकेरा में मंगलवार को सिमडेगा पेरिस काउंसिल जोकबहार पास्टोरेट का युवा संघ सम्मेलन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का झापा जिलाध्यक्ष मतीयस बागे, युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का उपस्थित थे। सर्वप्रथम आगंतुक अतिथियों का भव्य तरीके से स्वागत किया गया मौके पर पूर्व मंत्री ने युवाओं को जागरुक रहने का आह्वान किया। उनका की बहुत ही पवित्र दिन है जहां पर इस प्रकार का युवा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जहां पर सभी युवा मौजूद है और समाज को एक नई सोच और नई दिशा में ले जाने के लिए कार्य कर रहे हैं। साथ ही कहा कि युवा देश के भविष्य हैं। देश का निर्माण अच्छे समाज से ही होता है। इसलिए युवा वर्ग समाज में व्याप्त बुराईयों को भी दूर करें। समाज को सफलता के शिखर तक ले जाने में युवाओं का ही योगदान होगा। उनका क्षेत्र में आज विकास नहीं होने की एक वजह यह भी है कि यहां की युवा जागरुक नहीं है इसलिए युवा जागरुक हो और अपने हक अधिकार के लिए लड़े जिस प्रकार समाज में असंगठित हैं उसी प्रकार राजनीति पार्टी के लिए भी संगठित रहकर आप सहयोग करें ताकि क्षेत्र में जो अब तक विकास छूटा हुआ है उसे पूरा किया जा सके क्षेत्र की जो जनप्रतिनिधि हैं उन्होंने इस क्षेत्र को ठगने का काम किया है लेकिन वर्तमान समय में अब एक बार फिर से झारखंड पार्टी सेवा के लिए तैयार है इसलिए सभी युवा साथी बढ़-चढ़कर झारखंड पार्टी का सहयोग करे। समाज में अंधविश्वास नशा सहित जो भी कुरीति है उसे दूर करते हैं युवा समाज के उत्थान में सहयोग करें । मौके पर संदेश एक्का ने कहा युवा खुद की ताकत को पहचाने और उसी के अनुरूप अपना रास्ता चुनें।

## पेंशनर समाज बानो की हुई पुनर्गठन, नंदलाल कश्यप बने अध्यक्ष

**बानो।** पेंशनर समाज बानो प्रखंड इकाई की आवश्यक बैठक मंगलवार को धर्मशाला में आयोजित की गई इस दौरान बैठक में जिला के सचिव राम कैलाश राम, एयवा मांझी , देवेन्द्र प्रसाद तिवारी तथा कालीचरण प्रसाद के उपस्थित थे। मौके पर पेंशनर समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष नन्दलाल कश्यप,उपाध्यक्ष -प्रीतिवन्ति लुगुन ,सचिव आह्लाद साहू, सयुक्त सचिव सुमन किशोर सुरीन एवं बहालेन डांग ,कोषाध्यक्ष अहिल्याबाई कुमारी साहू का सर्वसम्मति से चयन किया गया।वही संरक्षक नियरजन जोजोवार,गोसनर लोमगा, निर्मला गोंझु को बनाया गया है। मौके पर जिला सचिव राम कैलाश राम ने कहा हमे अपने संगठन की मजबूरी के लिये मिलकर रहना है, मौके पर नव चयनित समिति के सदस्यों को शुभकामनाएं दिया। बैठक में सेजन मड़की ,देयानी बागे ,पौलिना कंडुलना, आश्रिता बागे ,एमलेन कोनगाडी, सबिता देवी ,गीता देवी व सुगन्धित बागे उपस्थित थे।

## हेल्थ केयर कार्ड-बालिका समृद्धि योजना का रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता**
**ठेठईटांगर।** प्रखंड के दुमकी पंचायत अंतर्गत चेटमाल गांव में जन भावना फाउंडेशन के तहत हेल्थ केयर कार्ड एवं बालिका समृद्धि योजना का रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट हेड खुशीराम कुमार ने कहा कि आज जनभावना फाउंडेशन जिस उद्देश्यके साथ काम कर रही है आने वाले दिनों में सरकार द्वारा प्रदत्त योजना जन जन तक पहुंचेगी। जिस तरह एनजीओ का काम होता है सरकार की योजनाओं को अलग अलग तरीके से लोगों तक पहुँचना। उसी तर्ज पर आपका सहयोग हमारा प्रयास के साथ वर्तमान में सरकार की बालिका समृद्धि योजना के तहत बाल विवाह को रोकना एवं बालिका के 18 वर्ष के बाद विवाह पर जरूरत के सभी सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।अभी स्वास्थ्य के क्षेत्र में सभी उम्र के लोग हेल्थ केयर कार्ड बनवा कर लाभ ले सकते हैं। वर्तमान में जनभावना फाउंडेशन लोगों को सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रही है।इस शिविर में कुल 63 लोगों ने पंजीकरण कराया जिसमें बालिका समृद्धि योजना में 23 एवं हेल्थ केयर कार्ड में 40 लोगों ने पंजीकरण कराया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ठेठईटांगर ब्लॉक हेड बिरसा मांझी, सिमड़ेगा ब्लॉक हेड संगीता डुंगडुंग, केरसई ब्लॉक हेड एनिस केरकेट्टा आदि उपस्थित थे।

**जागरूक** बच्चों ने पृथ्वी के रूपांतरण पर एक नाटक के माध्यम से दिया संदेश, बोलीं शालिनी

# जीवन का एक ही सहारा, सबसे प्यारा पर्यावरण हमारा




**नवीन मेल संवाददाता**
**झुमरी तिलैया।** मोहनआधार शिला ज्ञानपीठ कुमार मोहन रिसर्च एण्ड फाउण्डेशन के तत्वाधान में पर्यावरण विश्व पर्यावरण पखवाडा को लें जागरूकता अभियान शहर के हृदय स्थली झंडा चौक के समीप बच्चों ने सतरंगी छठा बिखेरी। इस अवसर पर बच्चों ने पृथ्वी के रूपांतरण पर एक नाट्य प्रस्तुत किया जिसमें संदेश दिया कि पृथ्वी को एक बार फिर से हरा भरा करना ताकि धरा अपना दुखः भुलकर फिर से खुश हो जाय। इसमें रिचा कुमारी एवं धरा कंबोज का पृथ्वी माँ का भूमिका निभायी। वहीं तितली के रूप अंकिशु मोदी, आशी कुमारी, शिवानी कुमारी, पक्षी की भूमिका शनय प्रभाष आरोही सिन्हा, पेड की भूमिका अनमोल सिंह आशीष यादव प्रियांशु यादव जंगली पशु की भूमिका में अयांश राज विवांश राज कुंदन कुमार अनंत यादव दियांश कुमार आदि शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों एवं राहगीरों को पेड पौधा न काटने और वातावरण का शुद्ध करने के लिए पेड लगाने के लिए शपथ भी दिलायी। वहीं सामुहिक नृत्य में वातावरण से प्यार पर आधरित नृत्य में विद्या कुमारी, पीहू कुमारी, पलक कुमारी, सौभ्या कुमारी, रिद्धि कुमारी, मनीषा कुमारी, अचंला कुमरी नंदनी कुमारी आदि का भूमिका को भी काफी सराहा गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता , स्वामी विवेकानंद संस्था के धर्मेन्द्र सिंह एवं मोहन आधार ज्ञानशिला पीठ के निर्देशिका अर्पणा गुप्ता ने संयुक्त रूप से पौधा रोपण किया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि जीवन का एक ही सहारा सबसे प्यारा पर्यावरण हमारा के तर्ज पर प्रेरित करना है साथ ही युवा से लेकर आम से लेकर खाश लागों को बंजर धरती पर पेड लगाने इसका श्रृंगार करने की जरूरत है। उन्होने कहा कि पर्यावरण संतुलित रखना प्रत्येक मनुष्य का दायित्व है। पेड पौधे प्राकृतिक रूप से हमें कई बहुमुल्य चीज प्रदान करते हैं आज जंगल में जिस तरह से पेड पौधे नष्ट हो रहे है। इससे प्राकृतिक पर भी नुकसान हो रहा है। इसकी सुरक्षा का दायित्व हम सभी का है। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण बचाओ पर कविता ने और नायरा सिंह ने आओ बच्चों पेड लगाएं पर राइम्स प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का मंच संचालन आन्या सिंह और गुलाब राणा ने किया। वहीं कुमार मोहन रिसर्च एण्ड फाउण्डेशन के सिमरन मगधिया, आशीका कुमारी, अनन्या सिंह संदीप यादव , आकाश सिंह, सोनु सिंह के अलावे खुशबू कुमारी, श्वेता राणा, जसलीम कौर, प्रियंका सिंह, श्रवण यादव, हर्ष राज, सुजीत चौरसिया, रामाश्रय शरण, कुंदन सिन्हा , आकाश यादव, मुक्ति कुमारी, पियुष कुमारी, लक्की कुमार, दीपक यादव, रिशु कुमार, आनन्द कुमार , ज्योंति वर्णवाल,खुशबु देवी, स्नेहलता गुप्ता, सुनीता मगधिया, शतरंजन सिंह, सत्येन्द्र वर्णवाल आदि मौजूद थे।

# ओडिशा ट्रेन दुर्घटना से पूर्व मध्य रेलवे ने लिया सबक

**नवीन मेल संवाददाता**
**झुमरी तिलैया ।** ओडिशा ट्रेन दुर्घटना ने रेलवे की सतर्कता बढ़ा दी है। भीषण रेल हादसे ने अधिकारियों के कान खड़े कर दिए हैं। संरक्षा और सुरक्षा को लेकर वे चौतन्य हो गए हैं। पूर्व मध्य रेलवे की पटरियों पर भी निगरानी बढ़ा दी गई है। रात्रिकालीन निरीक्षण के साथ फुट प्लेटिंग पर जोर दिया जा रहा है। रेलवे प्रशासन ने निरीक्षण और निगरानी की जिम्मेदारी तय कर दी है। अधिकारी और सुपरवाइजर रात के समय रेलवे क्रासिंग और स्टेशनों पर पहुंचकर संरक्षा से संबंधित उपकरणों का निरीक्षण कर रहे हैं। खामियां पाए जाने पर दुरुस्त करा रहे हैं। अधिकारी रात के समय इंजनों पर लोको पायलटों के साथ चलकर रेल लाइन का निरीक्षण कर रहे हैं। गर्मी के दिनों में तापमान बढ़ने के साथ पटरियों के टेढ़ा हो जाने की आशंका बढ़ जाती है। पटरियों की निगरानी के लिए ट्रैक मेंटेनर सघन गश्त पर लग गए हैं। ट्रैकमैन 04 से 14 किमी तक चलकर पटरियों का गहन निरीक्षण कर रहे हैं।

### क्या कहते हैं सीपीआरओ

पूर्व मय रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी बिरेन्द्र कुमार ने बताया कि यात्रियों की संरक्षा एवं सुरक्षा रेलवे की पहली प्राथमिकता है। इसे सुदृढ़ बनाए रखने के लिए सतत प्रयास एवं सुधार किया जाता है। पर्यवेक्षकों एवं अधिकारियों द्वारा नियमित संरक्षा निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण में पाई गई कमियों को भी दूर किया जा रहा है। सेफ्टी से जुड़े रेलकर्मियों की काउंसिलिंग की जा रही है। रेल सेफ्टी से जुड़े कार्य जैसे कि रेलपथ नवीनीकरण, गिट्टी की छनाई, सिग्नलिंग सिस्टम एवं कोचों का रख-रखाव प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है।

## अनुमंडलीय अस्पताल के स्टोर रूम में लगी आग, रास्ता नहीं होने के कारण दमकल वाहन से आग नहीं बुझाई जा सकी

# भारी नुकसान : दवा व दस्तावेज समेत लाखों रुपये का सामान जलकर खाक

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
अनुमंडलीय अस्पताल के स्टोर रूम में आग लगने से दवा और दस्तावेज समेत लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। घटना मंगलवार की सुबह लगभग 7 की है। घटना की सूचना मिलने के बाद अस्पतालकर्मियों ने आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।

स्टोर रूम में रखा गया दवा व अन्य सामग्री जलकर खाक हो गया। इसकी सूचना मिलने पर दमकल वाहन भी अस्पताल पहुंचा लेकिन अस्पताल जाने के लिए रास्ता नहीं होने के कारण दमकल वाहन से आग नहीं बुझाई जा सकी। अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक सुबह में सफाईकर्मी राजमति अस्पताल की सफाई के दौरान स्टोर रूम से धुआं निकलता देख वहां जाकर देखा और ड्यूटी पर तैनात डॉ



कैसर आलम को सूचना दी। डॉ कैसर आलम ने डीएस डॉ सुचित्रा को सूचित कर अस्पतालकर्मियों के आग बुझाने में जुट गए। फौरन डीएस डॉ सुचित्रा भी अस्पताल पहुंच गईं, उन्होंने स्टोर रूम में लगे आग को देख ताला तोड़कर सामान को बचाने का प्रयास



किया लेकिन तब तक काफी देर हो चुका था। स्टोर रूम में रखा गया दवा, फर्नीचर, पुराना दस्तावेज सहित अन्य सामान जल चुका था। अस्पताल की बाउंड्री में स्थित आम को तोड़ने वाले बच्चों द्वारा आग लगाने की संभावना जतायी जा रही है। हालांकि गनीमत रही कि आग को समय पर काबू पा लिया गया नहीं तो बड़ा हादसा भी हो सकता था। जले स्टोर रूम के बगल में कुपोषण उपचार केंद्र, दवा भंडार, प्रसव कक्ष, प्रसूति गृह भी आग की चपेट में आ सकता था जिससे बड़ी दुर्घटना घट सकती थी। जानहानि भी हो सकती थी। इस संबंध में डीएस डॉ सुचित्रा कुमारी ने बताया कि सफाईकर्मी राजमति ने सफाई के दौरान देखा कि अस्पताल की बाउंड्री में पीछे कुछ बच्चों को आम तोड़ते देखा था। उन्होंने संभावना जतायी कि आम तोड़ने के क्रम में बच्चों ने ही आग लगा दी जिसके कारण स्टोर रूम जलकर राख हो गया। घटना में एक्सपायर दवाएं, पुराने दस्तावेज, पुराने फर्नीचर व लगभग 40-50 हजार रुपये का अन्य सामान जल गया है। बकौल डीएस उन्होंने इसकी सूचना वरीय अधिकारियों को दे दी है।

## NEWS इन ब्रीफ

### महिंद्रा के शोरूम का किया गया उद्घाटन



**गढ़वा।** शहर के टंडवा में महिंद्रा के एम शॉप मैसर्स कुलदीप ट्रेडर्श का उद्घाटन युवा समाजसेवी विकास दुबे, महिंद्रा टीम देवज्योति मुखर्जी, संतोष गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर काट कर किया। मौके पर प्रोपराइटर अनुज कुमार तिवारी, डीबी रोहित आनंद, गजेंद्र सिंह, डीएसआर सुधांशु पाठक दिलीप तिवारी, पंकज द्विवेदी, रिशु दुबे टिंकू दुबे आदि उपस्थित थे।

### बाइक की चपेट में आने से बच्चा घायल

**गढ़वा।** श्री बंशीधर नगर भवनाथपुर सड़क में तुलसी दामर के समीप मोटरसाइकिल की चपेट में आने से एक बच्चा घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में लाया गया। घायल व्यक्ति श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के अलकर गांव निवासी रामप्रवेश सिंह का 10 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार बताया जा रहा है। बताया गया कि वह टेंपो पर सवार होकर अपना घर जा रहा था। इसी बीच तुलसी दामर के समीप ऑटो से उतर रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक ने धक्का मार दिया।

### बाइक पर सवार एक युवक हुआ घायल

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के पचफेड़ी में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक पर सवार एक युवक घायल हो गया। घायल युवक की पहचान गढ़वा थाना क्षेत्र के संग्रह गांव निवासी उपेंद्र के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह गढ़वा से अपने घर जा रहा था। पचपेड़ी मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। उसे रिम्स रेफर किया है।

### लाखों की चोरी

**मेराल।** थाना क्षेत्र के लखेया गांव के मुरहवा टोला में शनिवार की रात्रि में बरती देवी पति धर्मेंद्र चौधरी के घर में अज्ञात चोरों ने लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। उक्त घटना को लेकर पीड़ित परिवार द्वारा थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए आवेदन दिया है।

## खेल मैदान का बिना समतलीकरण कराए मजदूरी की निकासी

# मनरेगा के तहत संचालित कार्यों में लूट की खुली छूट

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**
भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा योजना के तहत संचालित कार्यों में प्रखंड पदाधिकारियों एवं कर्मियों की मिलीभगत से लूट की खुली छूट मची हुई है। पहला मामला राजकीय बुनियादी विद्यालय भवनाथपुर के खेल के मैदान में मनरेगा व पंचायत निधि मद से 4.83 लाख रुपये की लागत से बनाये जा रहे खेल मैदान का बिना समतलीकरण कराये बगैर मजदूरी मद 2.90 लाख रुपये में से योजना के मेठ द्वारा फर्जी मजदूरों के नाम 38484 रुपये की फर्जी निकासी कर ली गई है, जबकि खेल मैदान का समतलीकरण के नाम पर मेठ द्वारा मैदान में मिट्टी की कटिंग व फिलिंग कराये बिना मैदान के किनारे में सिर्फ दो ट्रैक्टर मिट्टी गिरा कर छोड़ दी गई है।



वहीं रोजगार सेवक धर्मराज सिंह ने बताया कि इसमें मेरा कोई रोल नहीं है। बीडीओ व बीपीओ के कहने पर कार्य चालू कराया गया है, जबकि उसी योजना में 15 वें वित्त की राशि 1.93 लाख रुपये की लागत से हो रहे शौचालय तथा चेंजिंग रूम के निर्माण में संवेदक द्वारा पंचायत कर्मियों की मिलभगत से स्कूल परिसर में वर्षों पूर्व बनाये गये शौचालय को तोड़कर उसमें से निकाली गई घटिया किस्म की ईंटों को शौचालय और चेजिंग रूम में धड़ल्ले से लगाया जा रहा है। इससे उक्त योजना की गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो गया है। इस कारनामे में संवेदक के साथ पंचायत के कर्मियों की मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता। शौचालय व चेजिंग रूम निर्माण में मंगलवार को 9 वीं कक्षा में पढ़ने वाली एक नाबालिग लड़की रेशमी कुमारी काम करती हुई नजर आई। उसने बताया कि वह अपनी मां के बदले में यहां काम कर रही है।

### ज्यादातर कुएं कागजों में खोद डाले

दूसरा मामला कैलान पंचायत का है। यहां सिंचाई की सुविधा बढ़ाकर खेती को बढ़ावा देने हेतु कूप योजना में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। पंचायत कर्मियों की मिलीभगत से ज्यादातर कुएं कागजों में खोद दिए गए। कैलान निवासी रामधनी यादव के खेत में हो रहे कूप निर्माण में योजना के मेठ की जानकारी के बगैर बिचौलियों द्वारा कार्य से अधिक राशि की निकासी मजदूरी भुगतान में रूप में कर ली गई है। वहीं कुएं के नाम पर बिचौलियों द्वारा गड्ढे खोदकर छोड़ दिया गया। उक्त कूप निर्माण में बिचौलियों द्वारा सिर्फ 8 से 10 फीट पूर्व में बने गड्ढे को साफ सफाई कर मजदूरी के रूप में अब तक 79 हजार 200 सौ रुपये फर्जी मजदूरों के नाम पर पैसे की निकासी कर ली गई है। उधर योजना के मेठ रामधनी यादव ने पैसा की निकासी होने के बावजूद अपने खेत में कुआं नहीं खोदे जाने को लेकर बीडीओ व संबंधित कर्मियों से गुहार लगाई है। मेठ रामधनी यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि गांव के स्वयं सेवक उपेंद्र कुमार यादव ने कुआं खोदवाने की बात कह मस्टररोल पर डिमांड भरकर पैसा की निकासी की है। पैसा निकासी होने के बाद जब उससे कूप खोदने की बात कही तो वह सिर्फ 8 फीट गड्ढा खोदकर ज्यों का त्यों छोड़ दिया है। अगर समय पर कूप निर्माण हो जाता है, फसल की पटवन करने में सहूलियत मिलेगी। इस मामले में पूछे जाने पर बीडीओ जयपाल महतो ने कहा कि खेल मैदान में यदि काम कराए बिना पैसे की निकासी हुई है, तो जेई को निर्माण स्थल पर भेजकर जांच कराने के बाद अगली कारवाई की जाएगी।

# देश में दूध का उत्पादन कम : पंडित

## 10 दिवसीय गाय पालन प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार से दस दिवसीय गाय पालन सह वर्मी कंपोस्ट प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला पशुपालन पदाधिकारी सनत कुमार पंडित, अचला पंचायत के मुखिया मुखराम भारती, संस्था के फैकेल्टी मिथिलेश कुमार सिंह और पंकज कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।




प्रशिक्षण का शुभारंभ करते जिला पशुपालन पदाधिकारी सनत कुमार पंडित और जिला पंचायत के मुखिया मुखलाल भारती।

इस मौके पर जिला पशुपालन पदाधिकारी सनत कुमार पंडित ने कहा कि हमारे दूध उत्पादन के मामले में हम विश्व में सबसे ज्यादा है परंतु यह उत्पादन सबसे ज्यादा जानवर होने के कारण है। दूध का औसत उत्पादन हमारे यहां कम है, हम सभी लोगों को मिलकर उत्पादन को बढ़ाने की जरूरत है और यह उत्पादन तभी बढ़ेगी जब हम सभी लोग गाय के रखरखाव और उसके प्रबंधन पर विशेष ध्यान देंगे। हमारे यहां बेहतर प्रबंधन नहीं होने के कारण हमारे यहां के गाय औसत दूध देती है। उन्होंने कहा कि जिले में दूध की उत्पादन बेहतर है, हमारे यहां से दस हजार लीटर दूध जमा कर प्रोसेसिंग के लिए लातेहार भेजा जाता है, फिर वहा से मेघा डेरी के नाम से बाजार में आता है। आप सभी लोग प्रशिक्षण का लाभ उठाएं और प्रशिक्षण के पश्चात गाय पालन कर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करें। मुखिया मुखराम भारती ने कहा कि आप सभी लोग स्वरोजगार प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करने आए हैं। प्रशिक्षण में के दौरान दी जाने वाली जानकारी को आप बेहतर तरीके से हासिल करें ताकि जब आप स्वरोजगार करना शुरू करें तो आपको गाय पालन से संबंधित जानकारी के लिए आपको किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़े। सरकार की ओर से मुख्यमंत्री पशुधन योजना आप लोगों के लिए चलाई जा रही हैं आप लोग सरकार की योजनाओं का लाभ लें सरकार अनुदान पर लोगों को गाय उपलब्ध करा रही है। संस्था के संकाय मिथिलेश कुमार सिंह ने कहां की संस्था की ओर से विभिन्न ट्रेडों में निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। पंकज कुमार वर्मा ने कहा की आप लोगों को दस दिनों तक गाय पालन से संबंधित ट्रेनिग दिया जायगा ट्रेनिग के दौरान संस्था के नियम का पालन करते होए आप लोग प्रशिक्षण लेगे। इस मौके पर रुस्तम अली, अभिषेक तिवारी, सुरेंद्र रविदास शामिल थे।

## ताइकांडो प्रशिक्षण शिविर का समापन




**गढ़वा।** स्वर्गीय विमला देवी मेमोरियल तीन दिवसीय ताइकांडो प्रशिक्षण शिविर का मंगलवार को समापन हो गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक गढ़वा, मुख्यालय पुलिस उपाधीक्षक नीतीश कुमार निशांत विशिष्ट अतिथि और प्रखंड विकास पदाधिकारी डंडा संतोष कुमार रहे। मौके पर गढ़वा जिला ओलंपिक संघ वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, स्वास्थ्य प्रतिनिधि कंचन साहू, संतोष केसरी, गढ़वा बॉक्सिंग संघ सचिव रामप्रवेश तिवारी, डॉ गौरव विक्रम, डे बोर्डिंग प्रशिक्षक प्रभात तिवारी सुबोध पाठक, दिलीप गुप्ता, विकास केसरी संजीव कुमार आदि उपस्थित थे।

### तीन आरोपी गिरफ्तार एक नाबालिग भी धरा

**मेराल।** थाना पुलिस ने नाबालिग लड़के सहित सहित कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया। नाबालिग को बाल गृह सुधार भेजा गया। जतीसर टेटुका गांव निवासी नूरानी अंसारी पिता अयूब अंसारी, लातदाग गांव निवासी उमाशंकर पासवान दुलदुलवा गांव निवासी सदाकत अंसारी के नाम शामिल हैं। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि हासनदाग पंचायत भवन में लगे सोलर प्लेट को चोरी करने के दौरान एक नाबालिग को ग्रामीणों द्वारा पकड़ कर पुलिस को सौंपा गया। पुलिस ने एक चोर नूरानी अंसारी को गिरफ्तार किया, जबकि उमाशंकर को पत्नी को प्रताड़ित करने व आत्महत्या के लिए मजबूर करने के लिए एवं दुलदुलवा गांव निवासी सदाकत अंसारी को अपने भाई पर जानलेवा हमला के आरोप में गिरफ्तार किया है।

# जीयर स्वामी ने महायज्ञ की तैयारी का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी महाराज ने मंगलवार को पाल्हे-जतपुरा गांव में संकल्पित चातुर्मास्य व्रत एवं श्रीरामानुजाचार्य सहस्राब्दी जयंती स्मृति महामहोत्सव सह श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ की तैयारी का जायजा लिया और समिति को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। महाराज ने प्रवचन पंडाल, अतिथिशाला, पाकशाला व बाहर से आने वाले साधु संतों एवं श्रद्धालुओं के विश्रामस्थल, पार्किंग स्थल आदि का जायजा लिया। उन्होंने यज्ञ समिति के लोगों को बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं का आतिथ्य सत्कार करने एवं उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी न हो इस पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। महाराज ने समिति के लोगों को यज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं



की होने वाली संभावित भीड़ को देखते हुये यज्ञ स्थल परिसर में 50 से अधिक शौचालय, 20 यूरिनल, 20 स्नानागार का निर्माण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रकाश एवं पेयजल की भी उत्तम व्यवस्था करने का निर्देश दिया। मौके पर श्यामसुंदर दूबे, तारकेश्वर पांडेय, समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र चौबे, सचिव अनीश शुक्ल, उपसचिव सुनील चौबे, लेखा पदाधिकारी धीरेंद्र चौबे, नरसिंह नारायण शुक्ल, बिरगेश शुक्ल, राजनारायण शुक्ल आदि मौजूद थे।

### मतदाता सूची का विखंडीकरण का निर्देश

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को नगर पंचायत क्षेत्र के सभी बीएलओ की बैठक सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ श्रवण राम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बीडीओ ने बैठक में उपस्थित सभी बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षकों को नगर पंचायत चुनाव को ध्यान में रखते हुये मतदाता सूची का विखंडीकरण करने का निर्देश दिया। प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी उत्तम रंजन ने सभी बीएलओ को मतदाता सूची का विखंडीकरण निष्पक्ष तरीके से करने का निर्देश दिया। बीएलओ पर्यवेक्षक अखिलेश गुप्ता, कौशल कुमार, अशोक कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर मुखलाल उरांव, बीएलओ सुशीला गोस्वामी, रवीना खातून, संगीता देवी उपस्थित थे।

## पहल — श्रीराम वाटिका व निःशुल्क अन्नपूर्णा भोजनालय का उद्घाटन

# 'राम का नाम लेने से ही मिट जाते हैं सब दुःख'

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
प्रसिद्ध श्रीराम कथा वाचक राजन महाराज ने कहा कि राम का नाम लेने मात्र से ही मानव के समस्त दुःख दूर हो जाते हैं। आज के इस आधुनिक व भौतिक युग में भी राम प्रसांगिक हैं। हमें राम को अपने अंदर उतारना है, तभी इस जीवन से मोक्ष मिल सकती है।

राजन महाराज ने शहर के अमवाटीकर मोड़ में श्रीराम वाटिका व निःशुल्क अन्नपूर्णा भोजनालय का वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच उद्घाटन किया। राजन ने अपने संदेश में आगे कहा कि कलयुग में हम लाख जाप व हवन कर लें, हमें वह लाभ नहीं मिलेगा। जिस श्रद्धा व विश्वास से यह सब होना चाहिए वह नहीं हो पा रहा



है। आज तो लोग पारंपरिक विधि-विधान को छोड़ कर आधुनिकता का लिबास ओढ़ कर यज्ञ व हवन करते हैं। इससे कभी पुण्य नहीं होगा। राम सुमीरण से ही मोक्ष मिलेगा। उन्होंने श्रीराम वाटिका के संचालक रामनाथ अग्रवाल व श्याम अग्रवाल को बधाई देते हुए कहा कि इन्होंने अपने इस प्रतिष्ठान का नाम श्रीराम वाटिका रख कर बड़ा नेक काम किया है। इससे यह होगा कि जब-जब भी लोग इस प्रतिष्ठान का नाम लेंगे, उनके मुंह से श्रीराम का नाम निकलेगा। यह बहुत ही पुणित कार्य है। इससे पहले उन्होंने संतोष मिश्र के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच उद्घाटन किया। कार्यक्रम में अग्रवाल ने राजन महाराज का माल्यापर्ण कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में प्रमोद शास्वत, वृंदा प्रसाद, राजधनी प्रसाद यादव, सुशील कुमार अग्रवाल, गजेंद्र प्रसाद, बजरंगी अग्रवाल, अमीत किशोर अग्रवाल, महेंद्र प्रसाद शौंडिक, शत्रुघ्न प्रसाद, सुनील शौंडिक, पंकज तिवारी, जीतेंद्र पाठक, दिनेश महलका, दीपक कुमार अग्रवाल, राकेश कुमार दुबे, राजीव रंजन पांडेय, निर्मल महलका, मनोज विश्वकर्मा, मुरली प्रसाद अग्रवाल, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल व दीपक कुमार अग्रवाल आदि उपस्थित थे. कार्यक्रम के बाद राजन जी महाराज सड़क मार्ग से रांची के लिए प्रस्थान किया।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर अग्रसर : प्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
भारतीय जनता पार्टी जिला लातेहार ने महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत विकास तीर्थ कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व विधायक प्रकाश राम ने कहा कि महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर अग्रसर है। 9 साल कार्यकाल में लातेहार विधानसभा में अनेकों कार्य किए गए हैं। लातेहार प्रखंड के ग्राम पतरातू में एकलव्य आवासीय विद्यालय का निर्माण, ग्राम बिशुनपुर में महिला डिग्री कॉलेज का निर्माण, ग्राम राजहर में एएनएम प्रशिक्षण महाविद्यालय का निर्माण,



ग्राम गोवा में डिग्री कॉलेज, प्रदेश में भाजपा की रघुवर सरकार के सहयोग से लातेहार भाया डीही मुरूप नवादा हेरहंज तक सड़क एवं पुल निर्माण, उदयपुरा से बालूमाथ प्रखंड को जोड़कर लातेहार से बालूमाथ की दूरी लगभग 20 किलोमीटर कम हुई एवं सिकनी से रिचूघूटा तक पथ घाघरी नदी में पुल साथ मे सासंग बाजार टांड से किता होते हुए सोस बलुआही तक सड़क निर्माण, दूबी से जमीरा पंचायत भवन तक सड़क निर्माण जैसे कार्य किये गये हैं।

इस मौके पर जिला मंत्री कुलामन साहू, बृज मोहन राम, मंडल अध्यक्ष बारियातु लव सिंह, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष आशीष सिंह, संजय साहू, मंडल महामंत्री दीपक निषाद, शिवकेश्वर यादव, मंडल मंत्री हीरामणि देवी, वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर साहू, पूर्व मंडल मंडल अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद साहू आदि उपस्थित थे।

ज्ञान की बात

**'यदि आप नेक लोगों की संगत में है तो आपको हमेशा भलाई ही मिलेगी क्योंकि हवा जब फूलों से गुजरती है तो वह भी खुशबूदार हो जाती है'।**
**- गौतम बुद्ध**

## सुरक्षा से समझौता कब तक ?

***रेल मंत्री*** अश्विनी वैष्णव ने बालासोर के बेहद खौफनाक रेल हादसे के एक दिन पहले टी.वी. के जरिए जनता को बताया था कि मोदी सरकार ने भारतीय रेल का कायाकल्प कर दिया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि ट्रेन दुर्घटनाओं को टालने के लिए मोदी सरकार ने विश्व की सबसे आधुनिक सुरक्षा प्रणाली 'कवच' को लागू कर दिया है। हकीकत यह है कि इस तकनीक को लागू करने का फैसला मनमोहन सिंह की सरकार ने 2012 में ले लिया था। तब इसका नाम 'ट्रैफिक कोलिजन अवोइडैंस सिस्टम' था। पुरानी योजनाओं के नाम बदलकर उन्हें अपनी नई योजना बताकर लागू करने में माहिर भाजपा सरकार ने 2022 में उसी योजना को 'कवच' के नाम से लागू किया। प्रश्न है कि पिछले 9 वर्ष से केंद्र सरकार इस सुरक्षा प्रणाली पर कुंडली मारे क्यों बैठी थी ? बालासोर रेल हादसे से सुरक्षा का मुद्दा उभरा है, जिसका सरोकार लापरवाही से ही है। इसके मद्देनजर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) और रेलवे की संसदीय स्थायी समिति की रपटें गौरतलब हैं। दिसंबर, 2016 और मार्च, 2023 में दोनों संस्थाओं ने रेलवे में सुरक्षा के साथ खिलवाड़ को बार-बार उठाया है। कैग और संसदीय स्थायी समिति की तीन रपटों के निष्कर्ष हैं कि रेलवे में सुरक्षा मानकों के अभाव रहे हैं। यह आंतरिक प्रोटोकॉल के भी खिलाफ है। रेलवे में सुरक्षा के अग्रिम और केंद्रीय सरोकारों की कमी हमेशा रही है।

**भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) और रेलवे की संसदीय स्थायी समिति ने रेलवे में सुरक्षा से खिलवाड़ को बार-बार उठाया है। दोनों की रपटों के निष्कर्ष हैं कि रेलवे में सुरक्षा मानकों के अभाव रहे हैं।**

रेलवे सरीखे विराट मंत्रालय में ऐसी लापरवाही और विसंगतियों का नतीजा बालासोर रेल हादसा हो सकता है? सुरक्षा संबंधी कामों को व्यवस्थित, चरणबद्ध और एक निश्चित प्रणाली के तौर पर अंजाम दिया जाना था। अधिकतर फंडिंग आम बजट के जरिए तय की गई थी, ताकि संसाधनों का प्रवाह निरंतर और स्थिर बना रहे। मार्च, 2023 में रेलवे संसदीय स्थायी समिति ने अपनी रपट में खुलासा किया कि पैसा प्राथमिक समस्या कभी नहीं रहा, लेकिन एक बार भी सालाना कोष पूरी तरह खर्च नहीं किया गया। नतीजतन बीते 6 साल के दौरान 1127 रेल हादसे हुए और 370 बार ट्रेन की बोगियां पटरी से उतरीं। मोदी सरकार संसद के भीतर और बाहर दावा करती रही है कि रेल सुरक्षा पर 1 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सरकार ने कितनी राशि आवंटित की और रेलवे ने कितना खर्च किया, अब देश को यह स्पष्टीकरण तो देना ही पड़ेगा। यदि विपक्षी कांग्रेस और पूर्व रेल मंत्री ममता बनर्जी सुरक्षा के सरोकारों को उठा रहे हैं और बालासोर रेल त्रासदी के असल आंकड़ों पर सवाल कर रहे हैं, तो बुनियादी तौर पर वे गलत नहीं हैं। ममता तथा एक और पूर्व रेल मंत्री नीतीश कुमार के कार्यकालों के दौरान कितनी रेल दुर्घटनाएं हुईं और कितने लोगों की जिंदगियां समाप्त हो गईं, यह तुलना करने से कोई लाभ नहीं है। अब रेल मंत्री भाजपा के हैं और देश के प्रधानमंत्री भी भाजपा के हैं, लिहाजा जिम्मेदारी उनकी ही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्राथमिक जांच के कुछ निष्कर्षों को साझा किया है कि इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से छेड़छाड़ की गई है अथवा उसमें बदलाव किया गया है, नतीजतन ट्रेन मेनलाइन छोड़ कर लूप लाइन में चली गई और मौजूदा रेल हादसा हुआ। सिग्नल को लेकर भी छेड़छाड़ की गई है, लिहाजा सीबीआई जांच का मंत्रालय और बोर्ड का निर्णय सटीक है, लेकिन जांच पूरी होने के बाद रेल मंत्री यह खुलासा करने का भी कष्ट करें कि सुरक्षा व्यवस्था से ऐसी छेड़छाड़ किस तरह संभव है, क्या उसकी उच्चस्तरीय जिम्मेदारी किसी भी वरिष्ठ अधिकारी की नहीं है? ऐसा करने वाली चिह्नित 'काली भेड़ें' कौन हैं।

# गौरवशाली अतीत की अभिव्यक्ति


डॉ. दिलीप अग्निहोत्री



***राष्ट्रीय*** गौरव के विषयों पर राष्ट्रीय सहमति दिखनी चाहिए अन्यथा देश विरोधी तत्वों को अनावश्यक प्रतिक्रिया देने का अवसर मिलता है। नये संसद भवन के उद्घाटन पर भी विपक्षी नेताओं ने ऐसी ही मानसिकता दिखाई। पुराना संसद भवन ब्रिटिश शासन द्वारा बनाया गया था। नई संसद आत्मनिर्भर भारत की प्रतीक है लेकिन विपक्ष ने अपनी राजनीति को ही महत्व दिया। उन्होंने राष्ट्रीय गौरव के समारोह का बहिष्कार किया। इतना ही नहीं राहुल गांधी ने अमेरिका जाकर नये संसद भवन की आलोचना की। उनका कहना था कि समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए सरकार ने यह कार्य किया। इस प्रकार विपक्ष ने यहां निर्मिति भारत के गौरवशाली अतीत की कलाकृतियों का भी बहिष्कार किया। इससे पाकिस्तान जैसे देशों का मनोबल बढ़ा। उन्होंने यहां निर्मित अखंड भारत के भित्तिचित्र की निंदा की। इसे भारत की विस्तारवादी मानसिकता मान रहे हैं और इससे भविष्य को लेकर चिंतित हो रहे हैं। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अखंड भारत का दावा भारत की विस्तारवादी मानसिकता का दिखावा है जो उनके पड़ोसी देशों, धार्मिक अल्पसंख्यकों की विचारधारा और संस्कृति को दबाना चाहती है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने भारत से विस्तारवादी विचारधारा से दूर रहने और शांतिपूर्ण तरीके से अपने पड़ोसी देशों के साथ विवादों का निपटारा करने का आग्रह किया है। नेपाल के पूर्व पीएम बाबूराम भट्टराई ने इस बारे में अपनी चिंता जाहिर करते हुए भारत से स्पष्टीकरण मांगा है। नेपाल के पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली ने भी चिंतित स्वर में इसे अनुचित बताया है। यह भारत का अतीत है। प्रत्येक देश को अपने गौरवशाली अतीत का स्मरण करने, उनको कलाकृतियों में समेटने का अधिकार है। भारत ने यही किया है। वर्तमान में वह सभी देशों की स्वतंत्रता सम्प्रभुता का सम्मान करता है। पाकिस्तान ने भारत को विस्तारवादी बताया लेकिन यह वही पाकिस्तान है जिसे भारत ने युद्ध में गई जमीन ताशकंद और शिमला समझौते के तहत वापस कर दी थी। पाकिस्तान का जन्म हुआ था। जन्म लेने वाले देश जब अपने अतीत पर विचार करेंगे, तब उन्हें सच्चाई दिखना शुरू हो जायेगा। नेपाल के दो पूर्व प्रधानमंत्री और विपक्ष के नेताओं ने अखंड भारत कलाकृति की आलोचना की है। इनको उसी प्रकार महत्व नहीं देना चाहिए जैसे भारत के विपक्षी नेताओं के बयानों को विदेशों में कोई महत्व नहीं दिया जाता है। नेपाल के वर्तमान प्रधानमंत्री प्रचंड इसी समय पर भारत यात्रा पर आये थे। उन्होंने अखंड भारत की कलाकृति पर बयान नहीं दिया। कहा कि उनकी यात्रा से भारत नेपाल के बीच मित्रता, आपसी समझ और साझेदारी मजबूत हुई है। भारत के नये संसद भवन में लगे अखंड भारत के म्यूरल आर्ट में प्राचीनकाल में भारत के नक्शे को दर्शाया गया है। अखंड भारत के इस नक्शे में वर्तमान का पाकिस्तान, नेपाल अफगानिस्तान, मालदीव, श्रीलंका, म्यांमार और बांग्लादेश दिखाये गये हैं। पहले ये भारत का हिस्सा थे। अखण्ड भारत में आज के अफगानिस्थान,

**पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अखंड भारत का दावा भारत की विस्तारवादी मानसिकता का दिखावा है जो उनके पड़ोसी देशों, धार्मिक अल्पसंख्यकों की विचारधारा और संस्कृति को दबाना चाहती है।**

**इन दिनों**

पाकिस्तान, तिब्बत, भूटान, म्यांमार, बांग्लादेश, श्रीलंका आते हैं। प्राचीन काल में भारत का साम्राज्य में आज के मलेशिया, फिलीपीन्स, थाईलैण्ड, दक्षिण वियतनाम, कम्बोडिया, इण्डोनेशिया आदि में सम्मिलित थे। 1857 से 1947 के बीच भारत के कई खंड हुए। कैलाश मानसरोवर से पूर्व में वर्तमान का इंडोनेशिया है। पश्चिम में ईरान प्रदेश हिमालय के अंतिम छोर पर हैं। श्रीलंका या कन्याकुमारी से पूर्व व पश्चिम की तरफ हिंद महासागर इंडोनेशिया ईरान तक ही है। इनके बाद ही दोनों ओर महासागर का नाम बदलता है। हिमालय, हिंद महासागर, आर्यान ईरान व इंडोनेशिया के बीच का पूरे भू-भाग को आर्यावर्त अथवा भारतवर्ष कहा जाता था। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा है कि यह सम्राट अशोक के शासनकाल में भारत के मानचित्र को दर्शाता है। भारत ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह मुद्दा एक दिन पहले भारत और नेपाल के प्रधानमंत्रियों के बीच हुई बैठक में भी नहीं उठा था। यह कलाकृति लोक आधारित शासन व्यवस्था को बताता है। भित्ति चित्र के पास यह जानकारी भी लिखी है। 1937 में अहमदाबाद में हिंदू महासभा के वार्षिक सत्र में भारतीय कार्यकर्ता और हिंदू महासभा के नेता विनायक दामोदर सावरकर ने एक अखंड भारत की धारणा को प्रतिपादित किया कि कश्मीर से रामेश्वरम तक, सिंध से असम तक एक और अविभाज्य रहना चाहिए। उन्होंने कहा था कि सभी नागरिक जो भारतीय राष्ट्र और भारतीय राज्य के प्रति अविभाजित वफादारी और निष्ठा रखते हैं, उनके साथ पूर्ण समानता के साथ व्यवहार किया जायेगा। जाति, पंथ या धर्म के बावजूद कर्तव्यों और दायित्वों को समान रूप से साझा करेंगे, और प्रतिनिधित्व भी करेंगे या तो एक व्यक्ति एक वोट के आधार पर या पृथक निर्वाचक मंडल के मामले में जनसंख्या के अनुपात में और सार्वजनिक सेवाएं अकेले योग्यता के आधार पर होंगी। परतंत्रता काल में कन्हैयालाल मणिक लाल मुन्शी ने अखंड भारत के प्रति समर्थन व्यक्त किया था। इस प्रस्ताव से महात्मा गांधी भी सहमत थे। उनका कहना था कि ब्रिटेन फूट डालो और राज करो की नीति अपनाकर अपने साम्राज्य को बनाये रखना चाहता है। एकता के बल पर उसके प्रयासों को विफल करना आवश्यक है। मूल संविधान में प्रत्येक अध्याय के प्रारंभ में चित्रों को सजाया गया था। प्रारंभ में अशोक की लाट का चित्र है। उसके साम्राज्य को अखंड भारत कलाकृति में दिखाया गया। संविधान की प्रस्तावना को सुनहरे बार्डर से घेरा गया है, जिसमें मोहन जोदड़ो के घोड़ा, शेर, हाथी और बैल के चित्र बने हैं। भारतीय संस्कृति के प्रतीक कमल का भी चित्र है। अगले भाग में मोहन जोदड़ो की सील है। इसके बाद वैदिक काल की झलक है। इसमें ऋषि आश्रम में बैठे गुरु, शिष्य और यज्ञशाला है। मूल अधिकार वाले भाग के प्रारंभ में त्रेतायुग है। इसमें भगवान राम रावण को हराकर सीताजी को लंका से वापस ले कर आ रहे हैं। राम धनुष-बाण लेकर आगे बैठे हुए हैं और उनके पीछे लक्ष्मण और हनुमान हैं। नीति निर्देशक के प्रारंभ में श्रीकृष्ण भगवान का गीता उपदेश वाला चित्र है। भारतीय संघ के पांचवें भाग में गौतम बुद्ध की जीवन यात्रा से जुड़ा एक दृश्य है। संघ और उनका राज्य क्षेत्र एक में भगवान महावीर को समाधि की मुद्रा में दिखाया गया है। आठवें भाग में गुप्तकाल से जुड़ी एक कलाकृति है। दसवें भाग में गुप्तकालीन नालंदा विश्वविद्यालय की मोहर दिखाई गई है। बारहवें भाग में नटराज की मूर्ति बनाई गई है। तेरहवें भाग में महाबलिपुरम मंदिर है। शेषनाग के साथ अन्य देवी-देवताओं के चित्र हैं। भागीरथी तपस्या और गंगा अवतरण को भी इसी चित्र में दर्शाया गया है। जब इन चित्रों को मूल संविधान में लगाया गया था, तब अखंड भारत की कलाकृतियों को नई संसद में सजाना अनुचित कैसे हो सकता है।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

**बोधि वृक्ष**

### *आईये सुनें माता सती की कथा*



***शक्ति*** के बल पर ही हम संसार में विद्यमान हैं। शक्ति ही ब्रह्मांड की ऊर्जा है। मां पार्वती को शक्ति भी कहते हैं। वेद, उपनिषद और गीता में शक्ति को प्रकृति कहा गया है। प्रकृति कहने से अर्थ वह प्रकृति नहीं हो जाती। हर मां प्रकृति है। जहां भी सृजन की शक्ति है वहां प्रकृति ही मानी गई है। इसीलिए मां को प्रकृति कहा गया है। प्रकृति में ही जन्म देने की शक्ति है। अनादिकाल की परंपरा ने मां के रूप और उनके जीवन रहस्य को बहुत ही विरोधाभासिक बना दिया है। वेदों में ब्रह्मांड की शक्ति को चिद् या प्रकृति कहा गया है। गीता में इसे परा कहा गया है। इसी तरह प्रत्येक ग्रंथों में इस शक्ति को अलग-अलग नाम दिया गया है, लेकिन इसका शिव की अर्धांगिनी माता पार्वती से कोई संबंध नहीं। इस समूचे ब्रह्मांड में व्याप्त है सिद्धियां और शक्तियां। स्वयं हमारे भीतर भी कई तरह की शक्तियां है। ज्ञानशक्ति, इच्छाशक्ति, मनःशक्ति और क्रियाशक्ति आदि। अनंत है शक्तियां। वेद में इसे चित्त शक्ति कहा गया है। जिससे ब्रह्मांड का जन्म होता है। यह शक्ति सभी के भीतर होती है।

**शाक्त धर्म का उद्देश्य :** शक्ति का संचय करो। शक्ति की उपासना करो। शक्ति ही जीवन है। शक्ति ही धर्म है। शक्ति ही सत्य है। शक्ति ही सर्वत्र व्याप्त है और शक्ति ही हम सभी की आवश्यकता है। बलवान बनो, वीर बनो, निर्भय बनो, स्वतंत्र बनो और शक्तिशाली बनो। तभी तो नाथ और शाक्त सम्प्रदाय के साधक शक्तिमान बनने के लिए तरह-तरह के योग और साधना करते रहते हैं।

*(समाप्त)*

# ह्यू से खरगे तक कांग्रेस का सफर, क्या खोया क्या पाया


ऋतुपर्ण दवे

***कभी*** लगता है कि कांग्रेस लक्ष्य से भटकी हुई है, कभी लगता है कि उम्मीद की किरण बाकी है। लेकिन सच यही है जनादेश वक्त के साथ अच्छे-अच्छों को हैसियत बता देता है। चाहे दल हों या राजनीतिज्ञ। आज कर्नाटक जीत के बाद भले कांग्रेस ऊर्जा से भरी होने का भ्रम पाल रही हो लेकिन इस कड़वे सच को मानना ही होगा कि जनसाधारण की रुचि दिनों दिन दूसरे दलों में ज्यादा दिखने लगी है। इसे कोई क्षेत्रवाद का विस्तार कहे या पूरे देश में बरसों बरस एकछत्र शासन कर चुके ऐसे राष्ट्रीय दल की विडंबना जो बहुत पहले अपने ही बिछाये जाल में खुद फंसती चली गई। कुछ यूं उलझी कि जनमानस के मस्तिष्क में कांग्रेस को लेकर उलझी गुत्थी कब सुलझेगी पता नहीं। ये सवाल बेहद अहम और राजनीतिक पण्डितों को भी समझ नहीं आता होगा कि गुणनफल क्या होगा? देश की राजनीति और मतदाताओं की परिपक्व सोच ने तमाम दावों और रणनीतिकारों को कई बार धूल चटाया। आम चुनाव और राज्यों के चुनावों के बीच बहुत कम समय के फासले के बावजूद अलग नतीजे इसका सबूत है। मजबूत लोकतंत्र और उससे भी ज्यादा समझदार हो चुका जनमानस अपनी सोच और दलों के भविष्य का खाका खींचते वक्त बेहद सतर्क होता है। इसके आगे बड़े-बड़े गणित और समीकरण भी असफल रहते हैं। जन सरोकारों और घर-घर संवाद के पुराने तौर-तरीकों को खो चुकी कांग्रेस, लोगों से रू-ब-रू होने के लिए सोशल मीडिया और रील, मीम्स से करिश्मे की उम्मीद बांधे बैठा है, जो नये दौर में और भी कठिन है। सच तो यह है कि जिस दल ने अपनी स्थापना के उद्देश्य और विचारधारा को ही धीरे-धीरे भुला दिया हो, उससे भला भविष्य में कितनी और कैसी अपेक्षाएं लोग करें? कांग्रेस के रहनुमाओं को चिन्ता इस बात की होनी चाहिए कि लोगों का रुझान किन कारणों से कम हो रहा है? लेकिन हो उल्टा रहा है। जो हैं वो अपने पुराने ठाठ और रुतबे का गुरूर भुलाए नहीं भूलते। शायद यही वजह है कि पूरे देश में कांग्रेस खुद को लोगों से जोड़े रखने मे जबरदस्त रूप से विफल हो रही है। अपवाद स्वरूप एक-दो प्रान्त छोड़ दें तो कहीं भी भविष्य में कांग्रेस की स्थिति पर कुछ ठोस नजर आता नहीं। जिस तरह से मध्य प्रदेश में हाथ आई सरकार गई, पूर्व में कई राज्यों (गोवा सहित कुछ अन्य) के उदाहरण हैं, राजस्थान में सरकार रहते कलह के नये-नये रूप दिखे, महाराष्ट्र में विपक्षी एकता के बावजूद गठबन्धन के दरकने की बेफिक्री के आलम से लगता है कि पार्टी में संगठनात्मक मजबूती को लेकर न मंथन है न चिंतन। एक-एक कर जिस तरह से कांग्रेस से दिग्गज व क्षत्रप पलायन करते गये उससे सवाल तो बहुत उठे। लेकिन गहराई में छिपे राज को जानकर भी अनजान कर्णधार क्यों नहीं वो सुधार कर पाये जो किसी दल के लिए सबसे अहम होते हैं। सबसे बड़ी सच्चाई यह कि अनुशासन जहां नहीं होता, वहां स्थिति खुद बेकाबू हो जाती है। नेतृत्व की स्वीकार्यता सबसे अहम होती है चाहे वह शीर्ष हो या फिर गांव, कस्बे, वार्ड, नगर, शहर, प्रान्त और केन्द्र का हो। शायद राहुल गांधी का पहली बार राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाना और 2019 की हार के बाद तुरंत इस्तीफा देना भले निजी राजनीतिक फैसला रहा हो, इसके बाद सोनिया गांधी का अंतरिम अध्यक्ष बनना अन्दरूनी मसला हो सकता है परन्तु इससे जनमानस में गये संदेश को भांपने की विफलता की बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ी। सच है कि एक वक्त वो भी था जब सोनिया गांधी चाहतीं तो प्रधानमंत्री बन सकती थीं। लेकिन उन्होंने ऐसा न कर विपक्ष और दूसरे दलों को एक बड़ा और साहसिक संदेश दिया। ये बात अलग है कि उस दौर में प्रधानमंत्रियों को रबर स्टाम्प तक कहा गया।


**कांग्रेस के रहनुमाओं को चिंता इस बात की होनी चाहिए कि लोगों का रुझान किन कारणों से कम हो रहा है? लेकिन हो उल्टा रहा है। जो हैं वो अपने पुराने ठाठ को भुलाये नहीं भूलते।**

**राजनीति**

**फोटो की दुनिया**




**फेसबुक वॉल से**




# प्रचंड सरकार को अस्थिर करने की कोशिश


यशोदा श्रीवास्तव

***तीसरी*** बार प्रधानमंत्री बने प्रचंड अपने विदेशी दौरों में भारत को पहली प्राथमिकता देकर एक बार फिर भारत और नेपाल के बीच संबंधों की प्रगाढ़ता पर बल दिया है। प्रचंड की भारत की यह दूसरी यात्रा है जब उन्होंने विदेश यात्रा के क्रम में भारत को प्राथमिकता दी है। इसके पहले जब वे दूसरी बार प्रधानमंत्री बने थे तब भी अपनी पहली विदेश यात्रा में भारत ही आये थे। प्रचंड की इस बार की भारत यात्रा दोनों देशों के लिए काफी महत्वपूर्ण रही। भारत और नेपाल के प्रधानमंत्रियों के बीच दोनों देशों के रिश्तों और विकास के कई योजनाओं पर चर्चा हुई तो कई पर तत्काल काम शुरू होने पर सहमति हुई। बड़ी बात यह थी कि भारत ने नेपाल से भारी मात्रा में बिजली खरीदने की सहमति जताई। भारत और नेपाल के सहयोग से बिजली परियोजनाओं के शुरू होने से नेपाल में उत्पादित बिजली की भारी खरीद वाला भारत पहला देश होगा। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह वादा कि नेपाल के विकास में सरहद कोई बाधा नहीं बन सकता, नेपाल के लिए बड़ी बात है। नेपाल का जब कोई राष्ट्राध्यक्ष भारत आए और चीन टकटकी न लगाये,यह कैसे हो सकता है। प्रचंड की भारत यात्रा पर चीन टकटकी लगाये हुए था। दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच क्या चल रहा है,चीन यह सब जानने को उतावला था। प्रचंड की भारत यात्रा के बीच नेपाल में विपक्ष द्वारा जो बवाल काटा गया उसके पीछे चीन का हाथ माना जा रहा है। चीन नहीं चाहता कि नेपाल में उसके अलावा अन्य किसी का दखल हो जबकि नेपाल सिर्फ चीन पर नहीं निर्भर रहना चाहता। उसकी नीति अपने पड़ोसी देशों के साथ समानांतर व्यवहार की है। इधर प्रचंड के भारत दौरे के समय नेपाल में गैर जरूरी मुद्दे को लेकर प्रचंड के बहाने भारत का विरोध हुआ। नेपाली नागरिकों को भारत के खिलाफ भड़काने की कोशिश हुई। नागरिकता संशोधन विधेयक को लेकर जगह जगह आगजनी के साथ विरोध प्रदर्शन हुआ। विपक्षी दल एमाले के इस विरोध प्रदर्शन के पीछे प्रचंड सरकार को अस्थिर और परेशान करने की है। प्रचंड एक कट्टर कम्युनिस्ट है, इसमें दो राय नहीं लेकिन दो साल पहले अपने इकलौते पुत्र प्रकाश के निधन से वे टूट गये हैं। वे अपेक्षाकृत धार्मिक हो गये हैं और पूजा पाठ में यकीन करने लगे हैं। कम्युनिस्ट लोग पूजा पाठ आदि में विश्वास नहीं करते। प्रचंड के उज्जैन में महाकाल की पूजा और दर्शन को भी मुद्दा बनाकर उनके समर्थकों को भड़काने की कोशिश की गई। कहा गया कि यह नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाने का संकेत है। नेपाल और भारत के बीच तमाम मुद्दों को लेकर असहमति भी है जिसमें बड़ा मुद्दा लिपिलेख व काला पानी का है जहां से भारत ने मानसरोवर के लिए सड़क मार्ग का निर्माण कर लिया है। नेपाल इस भू-क्षेत्र को अपना हिस्सा मानता है। प्रधानमंत्री रहते हुए चीन समर्थक के पी शर्मा ओली ने इसे लेकर भारत के खिलाफ खूब आग उगला और तब भी नेपालियों को भारत के खिलाफ भड़काने की कोशिश की। प्रचंड जब सरकार में नहीं थे तब उन्होंने इस मुद्दे को बातचीत से हल करने की बात कही थी। बतौर प्रधानमंत्री जब वे भारत आये तो भारत के प्रधानमंत्री के साथ उनकी जिन तमाम मुद्दों पर बात हुई उसमें लिपुलेख और कालापानी मुद्दा भी था। प्रचंड ने इस विवाद को खत्म करने के लिए भारतीय प्रधानमंत्री मोदी से उसके बदले सिलीगुड़ी कारीडोर से बांग्लादेश के लिए रास्ते की मांग की। भारत के लिए प्रचंड का यह प्रस्ताव मान लेना आसान नहीं है क्योंकि यहां चीन भी नजर गड़ाये हुए है।

**प्रधानमंत्री रहते हुए चीन समर्थक के पी शर्मा ओली ने इसे लेकर भारत के खिलाफ खूब आग उगली और तब भी नेपालियों को भारत के खिलाफ भड़काने की कोशिश की।**

**देश-विदेश**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## NEWS इन ब्रीफ

### बंगाल के कई जिलों में चलेगी लू, 40 डिग्री के पार रहेगा तापमान

**कोलकाता।** महानगर कोलकाता समेत दक्षिण बंगाल के विस्तृत इलाके में अगले 24 से 48 घंटे तक लू चलने वाली है। मौसम विभाग की ओर से मंगलवार को जारी बयान में इस बारे में जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि कोलकाता के साथ.साथ हावड़ाए हुगलीए उत्तर और दक्षिण 24 परगनाए पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुरए पुरुलियाए बांकुड़ा समेत अन्य जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार रहने वाला है जबकि न्यूनतम तापमान करीब 30 डिग्री सेल्सियस रहेगा। इन जिलों में दोपहर के समय लू चलने लगेगी इसलिए लोगों को बिना वजह घरों से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी गई है। उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वारए कूचबिहारए जलपाईगुड़ीए दार्जिलिंग और कलिंगपोंग में हालांकि बुधवार तक छिटपुट बारिश होती रहेगी जिसकी वजह से वहां मौसम सामान्य रहने वाला है।

### एक दिन के कलेक्टर शैलेंद्र ध्रुव का निधन

**रायपुर।** एक दिन के कलेक्टर शैलेंद्र ध्रुव का निधन हो गया है। इस खबर के बाद परिजनों समेत आस.पास के इलाकों में शोक की लहर दौड़ गई है। प्रोजेरिया बीमारी से ग्रसित शैलेंद्र का मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक दिन का कलेक्टर बनाकर सपना पूरा किया था।

गरियाबंद जिले के छुरा के ग्राम मेडकी डबरी के रहने वाले शैलेंद्र लाइलाज बीमारी प्रोजेरिया से ग्रसित थे। बीती देर रात अचानक तबीयत बिगड़ी और शैलेंद्र का निधन हो गया। इस बीमारी के कारण बचपन में ही उनका शरीर बुजुर्गों जैसा हो गया था। उनसे जब पूछा गया था की उनका सपना क्या है तो उन्होंने बताया था कि उनको कलेक्टर बनना है। इसके बाद उनके इस सपने को पूरा करते हुए राज्य शासन ने 2 साल पहले उन्हें एक दिन का कलेक्टर बनाया था। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उन्हें अपने निवास में आमंत्रित कर उनके साथ भोजन भी किया था।

### नेशनल बेसबॉल प्लेयर ने की आत्महत्या, फंदे पर लटका मिला शव

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में बेसबॉल की एक राष्ट्रीय स्तर की महिला खिलाड़ी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को जांच में कोई भी सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी अनुसार सिवनी जिले के धूमा निवासी संजना बरकड़े (20) वर्षीय बेसबॉल की राष्ट्रीय खिलाड़ी थी। वह जबलपुर में रहकर मानकुंवर बाई कॉलेज में बीए सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रही थीं। वह शहर के संजीवनी नगर थाना इलाके के गंगा नगर में अपने माता पिता के साथ रहती थीं। सोमवार देर रात उन्होंने फांसी के फंदे पर लटककर अपनी जान दे दी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कालेज भेजा। संजना के आत्महत्या का कारण अज्ञात है। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, संजना के परिजन शादी में शामिल होने के लिए हर्रई गए हुए थे। इस दौरान घर पर उनकी बेटी संजना अकेली थी और उसने यह खौफनाक कदम उठाया। सोमवार की रात जब वह घर वापस आए और संजना को आवाज दिया। तब काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर उन्होंने हाथ डालकर कुंडी खोली तो देखा कि उनकी बेटी संजना पंखे पर लटकी हुई थी। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस का कहना कि संजना के पास से कोई भी सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। संजना ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में गुजरात, राजस्थान, देवास, उज्जैन में भाग लिया था।

## जम्मू कश्मीर के पूर्व उप मुख्यमंत्री कविंदर गुप्ता ने कहा,

# पीओके जल्द हमारा होगा

**एजेंसी। कोलकता**

पाक अधिकृत कश्मीर पीओके पर जल्द हमारा कब्जा होगा। जल्द ही पाकिस्तान के कई टुकड़े होंगे। यह तय है कि पाकिस्तान को टूटना ही है। केवल समय का इंतजार है। यह कहना है जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंदर गुप्ता का।

भारतीय जनता पार्टी के सांगठनिक विस्तार के सिलसिले में कोलकाता दौरे पर पहुंचे गुप्ता ने न्यूज एजेंसी से विशेष तौर पर बातचीत की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पाकिस्तान की जो दुर्दशा हैए उससे कश्मीर में शांति स्थापित करने में काफी मदद मिली है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले जब पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो पाक अधिकृत कश्मीर में गए थे तो वहां के स्थानीय लोगों ने गो बैक के नारे लगाए थे। पाकिस्तान फिलहाल दुनिया का सबसे अस्थिर देश है। सिंध, कराची,



बलूचिस्तान सब अलग होंगे। वहां सरकार अलग शासन चला रही है। सेना का अलग शासन चलता है और आईएसआई का अलग शासन चल रहा है। पाकिस्तान के टूटने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। कश्मीरी लोगों को दबाए जाने संबंधी विपक्ष के आरोपों के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि 21 मई को कश्मीर में तीन दिनों तक जी-20 सम्मेलन हुआ है। 40 देशों के प्रतिनिधियों ने इसमें हिस्सा लिया। उन्होंने देखा है कि कश्मीर को लेकर भारत के संबंध में जो दुष्प्रचार किया जाता है वह पूरी तरह से निराधार है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने काफी पहले कहा था कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। स्वाधीनता के बाद सरदार वल्लभ भाई पटेल ने सभी राज्यों को एक कर भारत में मिलाया था। कश्मीर के लिए अलग से समझौता कर समस्या की शुरूआत तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने की थी और उसी का दुष्परिणाम आज तक पूरा देश भोग रहा है।

दरअसल, पाक अधिकृत कश्मीर की आबादी 52 लाख है और यहां 10 जिले हैं। इसकी सीमा चीन, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से लगती है। इस संबंध में रुख स्पष्ट करते हुए जम्मू-कश्मीर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रहे कविंदर ने कहा कि पूरा कश्मीर हमारा है। लोकसभा में यह प्रस्ताव भी पारित हो चुका है। कश्मीर हमारा है, सारा का सारा है। पीओके हमारा होगा ही। इसमें कोई शक नहीं है। जम्मू कश्मीर में नगर निगम के तीन बार मेयर रह चुके कविंदर गुप्ता से जब यह पूछा गया कि वहां शांति बहाल करने में स्थानीय लोगों की कितनी मदद मिल रही है।

इसके जवाब में उन्होंने कहा कि कश्मीर में राजशाही के समय से ही रक्षक के तौर पर गोरखा लोग रहे हैं। सफाई कर्मी के तौर पर बाल्मीकि समाज है। उन्हें हाल में स्वीकृति मिली है। अब वे लोग वहां जमीन खरीद सकते हैं।

केंद्र सरकार ने नियम बना दिया है कि वहां जो 15 सालों से रह रहा है। उन्हें डोमिसाइल यानी स्थाई निवास मिलेगा। लोग अब वहां शांति बहाल करना चाहते हैं। समझ गए हैं कि यहां पर्यटन होगा, पशुपालन होगाए सर्दी के कपड़े बिकेंगे। अगर शांति स्थापित नहीं होगी तो रोजगार भी नहीं होगा।

## बंगाल स्कूल नौकरी मामलाः वकीलों की मौजूदगी चाहता है सुजय भद्र, ईडी की आपत्ति

**एजेंसी। कोलकता**

पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के स्कूल भर्ती मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए सुजय कृष्ण भद्र उर्फ कालीघाटर काकू कालीघाट के चाचा ने केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों द्वारा पूछताछ के दौरान अपने वकील की उपस्थिति के लिए विशेष अदालत की अनुमति मांगी है। सोमवार को दायर याचिका में भद्र के वकील ने केंद्रीय एजेंसी पर भद्र पर उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों को स्वीकार करने के लिए दबाव डालने का आरोप लगाया है। इस बाबत भद्र की ओर से एक पत्र इसी कोर्ट में जमा किया गया है।

हालांकि, अनुचित दबाव के आरोपों से इनकार करते हुए ईडी के वकील ने दावा किया कि मौजूदा कानूनी प्रक्रियाओं के तहत आरोपी के वकील की उपस्थिति की अनुमति नहीं है। ईडी के वकील फिरोज डुल्जी के अनुसार, राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के महासचिव ने भी पूछताछ के दौरान अपने वकील की उपस्थिति के लिए अदालत से इसी तरह की अपील की थी, जिसे अदालत ने भी खारिज कर दिया था। उन्होंने यह भी बताया था कि भद्र की ईडी हिरासत के आखिरी छह दिनों के दौरान उन्हें दो बार अपने वकील से मिलने की अनुमति दी गई थी। उन्होंने कहा कि यहां तक कि केंद्रीय एजेंसी ने हिरासत की अवधि के दौरान उनकी बेटी को एक बार उनसे मिलने की अनुमति दी थी। इस बीच, पर्यवेक्षकों को ईडी द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों को स्वीकार करने के लिए ईडी द्वारा लगाए गए अनुचित दबाव के भद्र के आरोप और घोटाले के एक अन्य आरोपी द्वारा लगाए गए इसी तरह के आरोपों और तृणमूल कांग्रेस के नेता कुंतल घोष को स्कूल भर्ती मामले में अभिषेक बनर्जी का नाम देने के लिए दबाव डालने का आरोप लगाया था।

## कैबिनेटः बाढ़,सुखाड़ के लिए 50 करोड़ स्वीकृत,10 एजेंडों पर मुहर

**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार दोपहर संपन्न हुई मंत्रिमंडल की बैठक में संभावित बाढ़-सुखाड़ की स्थिति से निपटने के लिए 50 करोड़ रुपये की स्वीकृति सहित कुल 10 एजेंडों पर मुहर लगाई है। कैबिनेट की बैठक में कृषि, सामान्य प्रशासन, पथ निर्माण, भू एवं राजस्व समेत कई अन्य विभागों के एजेंडों पर मोहर लगी है।

कैबिनेट सचिव एस सिद्धार्थ ने मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि बाढ़ और सूखे जैसी स्थिति से निपटने के लिए कुल 50 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है। पटना हाई कोर्ट में स्टाफ कार चालक के 27, जमादार के 77, स्टेनोग्राफर एक पद का सृजन किया गया है। इसके अलावा हाई कोर्ट की स्थापना में अनुवादक संवर्ग में संयुक्त निबंधक के एक पद और उप निबंधक के एक पद के सृजन की भी कैबिनेट से स्वीकृति मिल गई है। सिद्धार्थ ने बताया कि हाई कोर्ट की स्थापना में जमादार के वर्तमान 77 पदों को वेतन स्तर दो में उत्क्रमित करने की स्वीकृति मिली है। साथ ही बिहार विधान सभा के अष्टम-सत्र तथा बिहार विधान परिषद के 203वें सत्र बजट सत्र के सत्रावसान संलेख पर स्वीकृति दी गई है। बिहार पुलिस के अन्तर्गत गठित स्पेशल ऑक्जिलरी पुलिस में बहाल किए गए भारतीय सेना के सेवानिवृत्त सैनिकों के कार्यरत कुल बल 3,566 की अनुबंध अवधि वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए विस्तारित करने की स्वीकृति दी गई है।

इसके अलावा ऑडिट ऑफिस में 06 पदों का सृजन करने की स्वीकृति दी गई है। राज्य के किसानों के लिए अच्छी खबर है। सरकार ने अहम फैसला लिया है। बाढ़ और सूखे जैसी स्थिति में आकस्मिक फसल योजना के अंतर्गत बीज वितरण के लिए 50 करोड़ की राशि को मंजूरी मिल गई है।बिहार राज्य में कास्ट आधारित उद्योगों की संख्या का पुनर्निर्माण के लिए स्वीकृति मिली है। राज्य में कार्यरत क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के पूंजीकरण के लिए वर्ष 2022- 23 के बकाए राशि 84.87 करोड़ रुपये का बिहार आकस्मिकता निधि से अग्रिम स्वरूप उप बंद किए जाने एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही में एकमुश्त भुगतान की स्वीकृति मिली है।

### कांकेर के दत्तक ग्रहण केंद्र में बालिका की पिटाई पर प्रकरण दर्ज करने के निर्देश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर के दत्तक ग्रहण केंद्र में एक कर्मचारी द्वारा बालिका की बेरहमी से पिटाई किए जाने का वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा ने प्रदेश सरकार पर हमला बोला है। वहीं राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने प्रकरण दर्ज कर पूरे मामले का विस्तृत ब्योरा मंगाया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक महिला बच्चे की बेरहमी से पिटाई कर रही है। यह वीडियो कांकेर के दत्तक ग्रहण केंद्र का बताया जा रहा है। वीडियो को ट्वीट करने के साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने लिखा है, दत्तक केंद्र कांकेर का यह सीसीटीवी फुटेज भयावह है। मासूम बच्चों के साथ जानवरों जैसा व्यवहार हो रहा है। बच्चों से कृत्य करने वाली संस्थान की व्यवस्थापक बताई जा रही है।

## विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया कांग्रेस की प्रचंड जीत का दावा

**एजेंसी। रायपुर**

छत्तीसगढ़ में 2023 के विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस की जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा, भाजपा का हाल कर्नाटक जैसा छत्तीसगढ़ में होने वाला है। कोंडागांव रवाना होने से पहले पत्रकारों से चर्चा करते हुए भूपेश बघेल ने कहा, भाजपा में सिर्फ प्रयोग चल रहा है। मुझे तो लगता है कि चुनाव से पहले प्रभारी न बदल दिए जाएं। क्योंकि दुग्गाबती बदल गईंए जामवाल आए एमगर उन्हें किनारे रखा। नितिन नबीन भी हासिये पर हैं। इसी तरह की स्थिति वरिष्ठ नेता ओम माथुर की है। वे भाजपा के सभी नेताओं को एक मंच पर नहीं ला पा रहे हैं। अकेले बिना स्थानीय नेताओं के बस्तर घूम रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय



उपाध्यक्ष रमन सिंह की स्थिति को लेकर तंज कसते हुए भूपेश बघेल ने कहा, वो कमांडो घेरे से बाहर नहीं आ पा रहे हैं। वो कार्यकर्ता से दूर हो गए। पूर्व मुख्यमंत्री होने के बाद भी वर्तमान मुख्यमंत्री से ज्यादा सुरक्षा घेरे में हैं। साय को भाजपा ने बदल दिया। कौशिक को बदलकर चंदेल को नेता प्रतिपक्ष बनाया। भाजपा में प्रयोग ही चल रहा है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के छत्तीसगढ़ में संभावित दौरों के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा, मैं जब बस्तर गया था तब कहा जा रहा था प्रधानमंत्री आने वाले हैं। यहां आया तो पता चला केंद्रीय गृहमंत्री आ रहे हैं। मीडिया से पता चला है नड्डा भी आ रहे हैं। चुनाव है इसलिए सब आएंगे। 4 महीने बचे है, इसलिए सब आकर प्रदेश सरकार के कामों को देखेंगे। कैसे 4 सालों में हमने छत्तीसगढ़ के लिए काम किया।

बालासोर की घटना दुर्भाग्य जनक बताते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि रेल मंत्री कवच की बात कह रहे थे कि एक किलोमीटर दूर से ही ट्रेन रुक जाएगी। वह कवच भी छिन्न भिन्न हो गया। क्या उस कवच की भी जांच होगी क्याघ सी बी आई की जो जांच चल रही हैए इसमें ये बिंदु भी जोड़ा जाएगा ए ये बताना चाहिए।

## मप्रः विधानसभा का मानसून सत्र 10 जुलाई से

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश की पंद्रहवीं विधानसभा का पंद्रहवां सत्र (मानसून सत्र) आगामी 10 जुलाई सोमवार से शुरू होगा, जो कि 14 जुलाई, 2023 शुक्रवार तक चलेगा। राज्यपाल मंगुभाई पटेल के आदेशानुसार इस आशय की अधिसूचना मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय ने मंगलवार को जारी की है। विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि 10 जुलाई से आरंभ होने वाले पांच दिवसीय सत्र में कुल पांच बैठकें होंगी। सत्र के दौरान शासकीय कार्य संपादित किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि इस साल के अंत में मप्र विधानसभा के चुनाव होने हैं क्योंकि 15वीं विधानसभा का कार्यकाल छह जनवरी, 2024 को पूरा हो रहा है। संभवतः 15वीं विधानसभा का यह अंतिम सत्र होगा क्योंकि शीतकालीन सत्र नवंबर-दिसंबर में बुलाया जाता है।

उस समय तक प्रदेश में विधानसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो चुकी होगी। विधानसभा सचिवालय द्वारा मानसून सत्र को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। संभावना है कि इस सत्र में वित्त विभाग वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए प्रथम अनुपूरक बजट प्रस्तुत करेगा।

### मुशर्रत बानो हत्याकांड मामले का खुलासाए आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी। अररिया**

अररिया पुलिस ने कुआड़ी बाजार में 27 मई की रात घर में अकेली महिला मुशर्रत बानो की जघन्य तरीके से की गई हत्याकांड मामले का खुलासा कर लिया है।हत्यारा कोई और नहीं बल्कि सगा भतीजा निकला। जिसने केवल मां को चाची के द्वारा अपशब्द कहने पर तेज धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी। हत्याकांड को उस समय अंजाम दिया गया जब मुशर्रत के पति शमसाद अपने बच्चों को लेकर रात के आठ बजे चाउमीन खिलाने के लिए बाजार गया हुआ था। पुलिस ने आरोपी भतीजा हुसैन आलम को पश्चिम बंगाल के कूचविहार से गिरफ्तार किया।

## रेल हादसे में राज्य के 103 लोगों की मौतः ममता

**एजेंसी। कोलकाता**

ओडिशा के बालासोर में हुए कोरोमंडल ट्रेन हादसे में मरने वाले बंगाल के लोगों की संख्या 103 हो गई है। यह जानकारी खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दी है। मंगलवार को वह कटक पहुंची हैं। जहां अस्पताल में इलाजरत लोगों से मुलाकात की है। इसके बाद मीडिया से मुखातिब ममता ने कहा कि मरने वालों में 103 लोग बंगाल के हैं। उनकी पहचान हो चुकी है और अधिक शिनाख्त हो रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि फिलहाल 97 लोग ओडिशा के विभिन्न अस्पतालों में इलाजरत हैं जो बंगाल के रहने वाले हैं। एक बार फिर लापरवाही



की ओर इशारा करते हुए ममता ने कहा कि रेल हादसे में जो भी हकीकत है या जो भी जानकारी है वह छिपाई नहीं जानी चाहिए बल्कि सार्वजनिक की जानी चाहिए। हालांकि किस तरह की जानकारी छिपाई जा रही है और क्या कुछ सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है इस बारे में खुलकर नहीं बोलीं।

ममता ने अस्पताल के डॉक्टरोंए नर्सों और स्वास्थ्य कर्मियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने ओडिशा सरकार को भी धन्यवाद दिया। इसके सीबीआई जांच पर उन्होंने कहा कि सच छुपाना नहीं चाहिए। हादसे ने राज्य में कई लोगों की जान ले ली है। कई गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को कटक और भुवनेश्वर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडिशा में राज्य के 40 अधिकारी हैं। वे घायलों की देखभाल कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने उन्हें शारीरिक रूप से स्वस्थ हो चुके लोगों को राज्य भेजने के निर्देश दिए हैं। ममता ने यह भी कहा कि राज्य के 31 लोगों का अभी तक कोई पता नहीं चला है।

**प्रोजेक्ट टाइगर** सुलभ और सस्ती स्वास्थ्य सेवा सरकार की प्राथमिकता रही है।

# वरदान साबित हो रहा है आयुष्मान भारत योजना

**एजेंसी। पटना**

दुनिया में भारत का डंका बजा रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के बेमिसाल नौ वर्ष पूरे हो चुके हैं। इस दौरान समावेशी, प्रगतिशील और सतत विकास लाने के लिए समर्पित मोदी सरकार सभी नागरिकों के लिए समानता और अवसरों के सृजन की अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ रही।

पिछले नौ वर्षों के दौरान नरेन्द्र मोदी सरकार के लिए स्वास्थ्य और आरोग्य क्षेत्र प्रमुख मुद्दों में से एक रहा है। सभी के लिए सुलभ और सस्ती स्वास्थ्य सेवा सरकार की प्राथमिकता रही है। भारत के नागरिकों के लिए एक वास्तविकता बन गई है। पहले कम आय वाले परिवारों के लिए चिकित्सा पर होने वाले खर्च भारी आर्थिक बोझ डाल देता था और अक्सर उन्हें कर्ज के जाल में फंसा देता था।

इस दुख को समझ कर 2018 में मोदी सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के रूप में दुनिया के सबसे बड़े स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम की शुरूआत की थी। यह योजना करीब करोड़ों देशवासी को इलाज खर्च के बोझ से बड़ी राहत दे रही है। जिससे आयुष्मान भारत योजना जन-जन का सुरक्षा कवच बन गया है।

केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह कहते हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आयुष्मान भारत योजना शुरू किए जाने से अब गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार के लोग इलाज के लिए बेचैन नहीं होते हैं। इलाज




के दौरान पैसा के अभाव में लोगों की मौत नहीं होती है। मोदी सरकार में शुरू किए गए आयुष्मान भारत से देश के 33 करोड़ लोग जुड़ चुके हैं। आठ करोड़ से अधिक लोगों का इलाज 64 हजार करोड़ खर्च कर किया गया है।

गिरिराज सिंह ने बताया कि बिहार में इसकी गति धीमी है। इसके बावजूद एक करोड़ से अधिक लोग जुड़े तथा 18 लाख लोगों को अब तक फायदा मिला है। बेगूसराय संसदीय क्षेत्र में भी साढ़े तीन लाख कार्ड बनाए जा चुके हैं। अब तक 25 हजार 294 को लाभ मिला तथा 21 करोड़ को क्लेम दिया गया है। एक बार फिर आयुष्मान भारत कार्ड बनाने की गति तेज कर दी गई है तथा वार्ड स्तर पर कैंप लगाकर कार्ड बनाए जाएंगे। इसके अलावा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) डिजिटल रूप से जुड़े। स्वास्थ्य सेवा पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लक्ष्य को साकार कर रहा है। 25 करोड़ से अधिक लोगों के स्वास्थ्य रिकॉर्ड को उनके आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता से जोड़ा गया है। डिजिटल रूप से उपलब्ध स्वास्थ्य रिकॉर्ड एबीएच धारकों को एबीडीएम नेटवर्क में कागज रहित स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने में सक्षम बना रहा है। गिरिराज सिंह ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना को सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त करने के लिए शुरू किया गया है। कार्यान्वयन के पांच वर्ष में यह योजना चिकित्सा उपचार के लिए जेब खर्च को कम करके गरीब और कमजोर परिवारों के करोड़ों लाभार्थियों की मदद कर रही है। लगातार प्रयासों से कई मील के पत्थर हासिल करने में मदद मिली है। योजना से लाभार्थी 27 विभिन्न विशिष्टताओं के तहत 1949 प्रक्रियाओं के अनुरूप उपचार का लाभ उठा सकते हैं। चिकित्सा ऑन्कोलॉजी कैंसर उपचार, आपातकालीन देखभाल, आर्थोपेडिक एवं यूरोलॉजी (किडनी से संबंधित) बीमारियों में बड़े पैमाने पर लाभार्थियों द्वारा उपचार का लाभ उठाया गया है।

### नाबालिग बच्ची की सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या

**बस्ती।** बीती रात को गौर थाना क्षेत्र के विरउपुर चौराहे के पास एक घर में नाबालिग बच्ची के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म हत्या मामले को लेकर आईजी आरके भारद्वाज ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आरोपितों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। गौर थाना क्षेत्र में बीती रात लगभग 14 वर्षीय बालिका का शव विरउपुर तिराहा से 100 मीटर दूर रोड के किनारे मिला था। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचायतनामा की कार्यवाही कर छानबीन शुरू की।

लोगों की मानें तो नाबालिग बालिका अपने घर से साइकिल से सब्जी लेने के लिए वीरउपुर चौराहे पर गई थी। चौराहे से लगभग 100 मीटर दूर बालिका का शव पाया गया। घटनास्थल के बगल कुंदन सिंह पुत्र अंजनी सिंह का मकान है जो बंद रहता है।

## स्कॉट बोलैंड ऑस्ट्रेलिया की अंतिम एकादश का हिस्सा होंगे : पैट कमिंस




**एजेंसी। लंदन**

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने मंगलवार को पुष्टि की कि तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड बुधवार से द ओवल में भारत के खिलाफ शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए अंतिम एकादश का हिस्सा होंगे। बोलैंड, जोश हेजलवुड के स्थान पर आएंगे, और माइकल नेसर को बाहर करेंगे, जो 15 सदस्यीय डब्ल्यूटीसी टीम में देर से शामिल हुए थे। नेसर को रविवार को डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में बुलाया गया था, जब हेजलवुड को उनके चल रहे बाएं अकिलिस और बाईं बगल की परेशानी के कारण मार्की मैच से बाहर कर दिया गया था। ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को चयन कॉल किया और जबकि कमिंस ने फाइनल के लिए पूरी टीम का नाम नहीं बताया, उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि बाकी टीम के मेकअप में कोई आश्चर्य नहीं है।

बोलैंड का चयन उनके टेस्ट करियर के सर्वोच्च रिकॉर्ड के पीछे आता है, उन्होंने अपने पहले सात मैचों में केवल 13.42 की औसत से 28 विकेट लिए। वह ऑस्ट्रेलिया के अपेक्षित गेंदबाजी आक्रमण में कमिंस, कैमरन ग्रीन, मिशेल स्टार्क और नाथन लियोन के साथ शामिल होंगे। उनका 13.42 का औसत 20वीं सदी की शुरूआत के बाद से कम से कम 1000 गेंदों को फेंकने वाले किसी भी टेस्ट क्रिकेटर में सबसे कम है।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने स्वीकार किया कि बोलैंड तेज गेंदबाजों की प्रमुख तिकड़ी के स्तर के करीब है, जिसमें चयन पदानुक्रम के मामले में खुद कमिंस, मिशेल स्टार्क शामिल हैं। कमिंस के हवाले से क्रिकेट.कॉम.एयू ने कहा, हम हर किसी को थोड़ा अलग तरीके से गेंदबाजी करने में माहिर हैं। स्कॉट अच्छी लेंथ पर तेज गेंदबाजी करने वाला गेंदबाज है, लेकिन वह जोश हेजलवुड से थोड़ा अलग गेंदबाजी करता है और स्टार्सी का बाएं हाथ का गेंदबाज होना थोड़ा अलग है।

उन्होंने कहा, इसलिए, मुझे नहीं लगता कि कोई पेकिंग ऑर्डर है। आप उन तीन लोगों के बारे में सोचते हैं जिन्हें आप बाहर जाकर खेलना चाहते हैं।

बोलैंड के कैमरन ग्रीन के बाद इंग्लैंड में अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैचों में भाग लेने वाले केवल दो ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में से एक होने की संभावना है। यूके में 34 वर्षीय का एकमात्र अनुभव 2018 में ऑस्ट्रेलियाई स्वदेशी टीम के दौरे से आता है।

# एशिया कप: भारत ने की वापसी कोरिया से मैच किया ड्रा

**एजेंसी। काकामिगहारा (जापान)**

भारतीय महिला हॉकी टीम ने मंगलवार को यहां जूनियर एशिया कप 2023 के अपने तीसरे मैच में कोरिया के खिलाफ 2-2 से रोमांचक ड्रा खेला। युजिन ली (15') और जियोन चोई (30') ने कोरिया के लिए गोल किये, जबकि दीपिका सोरेंग (43') और दीपिका (54') ने गोल कर भारत को बराबरी दिलाई। भारत ड्रॉ हासिल करने और पूल ए के शीर्ष पर अपनी स्थिति बनाए रखने में सफल रहा। कोरिया तेजी से लय में आ गया और पहले क्वार्टर में भारत पर हावी हो गया। कोरिया ने कुछ पेनल्टी कार्नर जीते लेकिन भुनाने में नाकाम रहा। हालांकि, जब युजिन ली (15') ने डी के अंदर से अच्छी तरह से लगाए गए शॉट के



माध्यम से एक मैदानी गोल किया और कोरिया को बढ़त मिल गयी। कोरिया ने 1-0 की बढ़त के साथ दूसरे क्वार्टर में आक्रामक रुख के साथ प्रवेश किया और भारत पर हावी होने के लिए दबाव वाला खेल खेला। हालाँकि, आधे समय के ब्रेक से कुछ मिनट पहले, भारत ने पलटवार करके दबाव बनाना शुरू किया, लेकिन वे बराबरी करने में असमर्थ रहे। इस बीच, कोरिया ने गियर बदल दिया और अधिक आक्रामक रूप से खेलना शुरू कर दिया जिससे उन्हें अपनी बढ़त को दोगुना करने में मदद मिली क्योंकि जियोन चोई (30') ने एक पेनल्टी कॉर्नर को पूरी सटीकता के साथ गोल में बदल दिया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कोरिया 2-0 की बढ़त के साथ आधे समय के ब्रेक में चला गया। तीसरे क्वार्टर की शुरूआत कोरिया द्वारा फिर से हमला करने और शुरूआती पेनल्टी कॉर्नर जीतने के साथ हुई, जिसे भारतीय गोलकीपर अदिति माहेश्वरी ने बचा लिया। फिर, भारत ने अपने खेल में सुधार किया और कोरिया की बैकलाइन को दो हिस्सों में बांटना शुरू किया, जिसका नतीजा तब निकला जब दीपिका सोरेंग (43') ने टीम के लिए मैदानी गोल किया।

कोरिया अपनी बढ़त को बनाए रखने के लिए उत्सुक था और चौथे क्वार्टर में गेंद को अपने कब्जे में रखने पर ध्यान केंद्रित कर रहे था जिसने भारत को बराबरी हासिल करने से नहीं रोका क्योंकि दीपिका (54') ने पेनल्टी स्ट्रोक को शांति से स्कोर बराबर करने के लिए बदला।

खेल में वापस आने के बाद आत्मविश्वास से भरे भारत ने अपने हमलों में वृद्धि कर दी लेकिन अंतिम क्वार्टर में कोई और गोल नहीं हुआ क्योंकि मैच 2-2 से बराबरी पर छूटा। भारत अब चौथे और आखिरी पूल ए मैच में आठ जून को चीनी ताइपे से खेलेगा।

### डब्ल्यूटीसी फाइनल 2023

# ऑस्ट्रेलिया अब भारत को हल्के में नहीं लेता है: विराट कोहली

## टेस्ट टीम के रूप में सम्मान मिला

**एजेंसी। लंदन**

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा है कि भारतीय टेस्ट टीम ने ऑस्ट्रेलिया को उसी की सरजमीं पर दो बार हराकर काफी सम्मान हासिल किया है और अब उन्हें पारंपरिक प्रारूप में हल्के में नहीं लिया जाता। भारत ने ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर 2018-19 और 2020-21 में बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2-1 के समान अंतर से टेस्ट श्रृंखला जीती।

विराट कोहली ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा, शुरूआत में प्रतिद्वंद्विता काफी कड़ी थी, माहौल भी काफी तनावपूर्ण था। लेकिन जब से हमने ऑस्ट्रेलिया में दो बार जीत हासिल की है, प्रतिद्वंद्विता सम्मान में बदल गई है और अब हमें एक टेस्ट टीम के रूप में हल्के में नहीं लिया जाता है। उन्होंने कहा, हम उस सम्मान को महसूस कर सकते हैं जब हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलते हैं कि उन्होंने हमें स्वदेश में



लगातार दो बार हराया है और यह बराबरी की लड़ाई होगी।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बुधवार से द ओवल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल खेला जाएगा। इस करिश्माई भारतीय बल्लेबाज ने कहा कि वह हमेशा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित रहते हैं क्योंकि वे शायद ही कभी अपने विरोधियों को अच्छा प्रदर्शन करने का मौका देते हैं। कोहली ने कहा, मैं उस मानसिकता को समझता हूं कि सभी 11 खिलाड़ियों की सोच समान है और वे प्रत्येक मौके का फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। इसलिए इस टीम (ऑस्ट्रेलिया) के खिलाफ मेरी प्रेरणा बढ़ जाती है जो इतनी जागरूक और प्रतिस्पर्धी है कि मुझे अपने खेल के स्तर को ऊपर उठाना पड़ता है। भारत के पूर्व कप्तान का मानना है कि डब्ल्यूटीसी फाइनल का नतीजा टीमों के परिस्थितियों से तालमेल और सामंजस्य बैठाने पर निर्भर करेगा। ऑस्ट्रेलिया और भारत दोनों ने द ओवल में संघर्ष किया है। जहां ऑस्ट्रेलिया ने अपने 38 टेस्ट मैचों में से सिर्फ सात जीते हैं, वहीं भारत यहां 14 मैचों में सिर्फ दो जीत हासिल कर पाया है। कोहली ने कहा, मुझे लगता है कि ओवल में खेलना चुनौतीपूर्ण होगा, हमें सपाट विकेट नहीं मिलेगा और बल्लेबाजों को सतर्क रहने की जरूरत है।

## श्रीकांत जीते, पीवी सिंधु और प्रणय सिंगापुर ओपन से बाहर

**एजेंसी। सिंगापुर**



किदांबी श्रीकांत ने मंगलवार को यहां दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और एचएस प्रणय सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के पहले दौर में विपरीत अंदाज में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने पुरुष एकल के पहले दौर में थाईलैंड के केंटाफोन वेंगचारोन को सीधे गेम में 21-15 21-19 से हराया। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत अगले दौर में जापान के केंटा निशिमोटो और चीनी ताइपे के चियो हाओ ली के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। गत चैंपियन सिंधू को दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी जापान की अकाने यामागुची को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद एक घंटे से अधिक चले मुकाबले में तीन गेम में 21-18 19-21 17-21 से हार झेलनी पड़ी। वह पिछले हफ्ते थाईलैंड ओपन के भी पहले दौर में हार गईं थी। मलेशिया मास्टर्स के रूप अपना पहला बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने के बाद इस टूर्नामेंट में उतरे प्रणय के पास युवा कोडाई नेरोका की चुनौती का कोई जवाब नहीं था। जापान के तीसरे वरीय खिलाड़ी ने 56 मिनट चले मुकाबले में 21-15 21-19 से जीत दर्ज की। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की पुरुष युगल जोड़ी हालांकि लुकास कार्वी और रोनान लबार की जोड़ी को पहले दौर के मुकाबले में 21-16 21-15 से हराने में सफल रही।

# एडिडास-बीसीसीआई ने नई भारतीय क्रिकेट टीम जर्सी का किया अनावरण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम के आधिकारिक किट प्रायोजक एडिडास ने मंगलवार को खेल के सभी 3 प्रारूपों में पहनी जाने वाली राष्ट्रीय टीम की नई जर्सी का अनावरण किया है। नई किट को आगामी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम द्वारा पहली बार पहना जाएगा। इसके बाद आगामी एकदिनी, टी-20 और टेस्ट फिक्स्चर में पुरुष, महिला और युवा टीमों द्वारा नई जर्सी का उपयोग किया जाएगा। हाल ही में एक घोषणा में एडिडास ने भारतीय क्रिकेट में एक नए युग को चिह्नित करते हुए बीसीसीआई के साथ अपनी साझेदारी की पुष्टि की। भारतीय पुरुषों, महिलाओं और अंडर-19 टीमों के लिए जर्सी, किट और अन्य वस्तुओं के डिजाइन और निर्माण के विशेष अधिकारों के साथ, नई साझेदारी एडिडास को




अपने अभिनव डिजाइन और विशेषज्ञता को क्रिकेट के सबसे बड़े मंच पर लाने का अवसर देती है। प्रतिष्ठित टीम इंडिया की जर्सी भारत की समृद्ध विरासत और शिल्प कौशल को प्रदर्शित करती है। नई ओडीआई जर्सी भारत के राष्ट्रीय पशु - बाघ की शक्ति और निर्विवाद ताकत का प्रतिनिधित्व करती है। कपड़े को सजाने वाली जटिल डिजाइन को पारंपरिक इकत पैटर्न का उपयोग करके बुना गया है, जो बाघ की धारियों को जीवंत करता है और भारतीय क्रिकेट की आभा को दशार्ता है। पहली बार, भारतीय क्रिकेट टीम द्वारा पहनी जाने वाली असली टी20, टेस्ट और वनडे जर्सी को 100% रिसाइकिल सामग्री से बनाया गया है। इसमें एडिडास का हिट ड्राई नमूना भी शामिल है, जो- एक हल्का कपड़ा होता है और खिलाड़ियों को ठंडा रखने के लिए हवा के प्रवाह को अधिकतम करता है।

## रूण ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीतने जा रहा है : मैट्स विलेंडर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व स्वीडिश टेनिस स्टार मैट्स विलेंडर का मानना है कि पिछले डेढ़ साल में एटीपी रैंकिंग में उल्लेखनीय वृद्धि के बाद युवा टेनिस सनसनी होल्गर रूण आने वाले वर्षों में ग्रैंड स्लैम जीत हासिल करना चाहेंगे। वर्ल्ड नंबर 6 रूण ने 2022 की शुरूआत के बाद से उल्लेखनीय प्रगति का अनुभव किया है। डेन ने पिछले साल जनवरी में दुनिया में नंबर 99वां स्थान प्राप्त किया था, लेकिन रैंकिंग के माध्यम से तेजी से चढ़ गए है। 20 वर्षीय ने पिछले साल पेरिस मास्टर्स जीता था और इस साल मोंटे कार्लो और इटैलियन ओपन के फाइनल में पहुंचे थे। वह अब लगातार दूसरे साल फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं।

रूण रौलां गैरो में नाटकीय परिस्थितियों में पहली बार पांच सेट के विजेता बने, जहां छठी वरीयता प्राप्त डेन ने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को मात दी और 7-6 (3), 3-6, 6-4, 1-6, 7-6(10-7) से चौथे दौर



में जीत हासिल की।

नॉर्वे के कैस्पर रूड के खिलाफ रूण के क्वार्टर फाइनल मैच से पहले, जिसे उन्होंने पिछले साल ग्रैंड स्लैम के उसी चरण में खेला था, विलेंडर ने जोर देकर कहा कि डेन के पास भविष्य में ग्रैंड स्लैम जीत हासिल करने की क्षमता है।

विलेंडर ने यूरोस्पोर्ट से कहा, मैं निश्चित रूप से उनकी समस्या को सुलझाने के कौशल से बहुत प्रभावित हूं। जाहिर है, जब आप टूर्नामेंट के इस समय में पांच-सेट खेल रहे होते हैं, तो आप हमेशा थोड़ा चिंतित रहते हैं, विशेष रूप से चौथा सेट 6-1 से हारने पर।

# फॉरवर्ड लुइस डियाज की कोलंबियाई टीम में वापसी

**एजेंसी। बोगोटा**

लिवरपूल के फॉरवर्ड लुइस डियाज की इराक और जर्मनी के खिलाफ आगामी दोस्ताना मैचों के लिए कोलंबिया की टीम में वापसी हुई है। 26 वर्षीय डियाज को पिछले साल अक्टूबर में आर्सेनल के खिलाफ मैच के दौरान घुटने में चोट लग गई थी, तब से उन्होंने अपने देश का प्रतिनिधित्व नहीं किया है। यह मैच लिवरपूल 3-2 से हार गया था।

वह एवर्टन सेंटर-बैक येरी मीना के साथ 24-सदस्यीय टीम में शामिल हैं। मीना चोट के कारण जनवरी 2022 से राष्ट्रीय टीम से बाहर थे। हालांकि टीम में अनुभवी फारवर्ड रेडमेल फाल्काओ को जगह नहीं



मिली है, जो पिछले एक साल से खराब फॉर्म और फिटनेस की समस्याओं से जूझ रहे हैं।

मुख्य कोच नेस्टर लोरेंजो ने टीम में अनकैप्ड मिडफील्डर ऑस्कर कोर्टेस और एंड्रेस सालजार को शामिल किया है, जिन्होंने अर्जेंटीना में इस साल के अंडर-20 विश्व कप में अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया था। कोलंबिया 16 जून को वालेंसिया में इराक से और चार दिन बाद 20 जून को जेलसेनकिर्चेन में जर्मनी से खेलेगा।

**एशिया कप** | श्रीलंका-अफगानिस्तान और बांग्लादेश ने 'हाइब्रिड मॉडल' किया खारिज

# एशिया कप से हट सकता है पाकिस्तान!

**एजेंसी। कराची**

श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के प्रस्तावित 'हाइब्रिड मॉडल' को खारिज करने के बाद मेजबान पाकिस्तान सितंबर में होने वाले एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट से हट सकता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख नजम सेठी द्वारा प्रस्तावित हाइब्रिड मॉडल के अनुसार पाकिस्तान को एशिया कप के तीन या चार मुकाबले स्वदेश में कराने थे जबकि भारत के मुकाबले तटस्थ स्थल पर खेले जा सकते थे। भारत के सुरक्षा चिंताओं के कारण पाकिस्तान का दौरा करने से इनकार करने के बाद यह विचार पेश किया गया था। हालांकि अब यह स्पष्ट हो गया है कि श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान सभी ने टूर्नामेंट को पाकिस्तान से बाहर आयोजित कराने के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) का समर्थन किया है।




मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया, अब यह सिर्फ औपचारिकता रह गई है कि एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के कार्यकारी बोर्ड के सदस्य वर्चुअल या सदस्यों की मौजूदगी में बैठक करें। उन्होंने कहा, लेकिन पीसीबी को अब पता है कि श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान एशिया कप के लिए उसके हाइब्रिड मॉडल के प्रस्ताव का समर्थन नहीं कर रहे। सूत्र ने कहा कि सेठी पहले ही अपनी क्रिकेट प्रबंधन समिति के सदस्यों और संबंधित सरकारी अधिकारियों के संपर्क में हैं जिससे कि स्वदेश में एशिया कप के मुकाबलों की मेजबानी का मौका नहीं मिलने की स्थिति में पाकिस्तान के रुख पर चर्चा कर सकें। सेठी ने बार-बार कहा है कि अगर टूर्नामेंट का आयोजन पाकिस्तान की जगह तटस्थ देश में होता है तो वह प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेगा और सूत्र ने कहा कि पीसीबी एशिया कप का बहिष्कार कर सकता है।

एसीसी के एक सूत्र ने कहा, पाकिस्तान के पास केवल दो विकल्प हैं। टूर्नामेंट को तटस्थ स्थान पर खेले या टूर्नामेंट से हट जाए। उन्होंने कहा, अगर पाकिस्तान नहीं खेलता है तब भी इसे एशिया कप कहा जाएगा लेकिन प्रसारणकर्ता पाकिस्तान की अनुपस्थिति में सौदे पर फिर से बातचीत करेगा।

श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और भारत सभी ने यह रुख अपनाया है कि पाकिस्तान और साथ ही किसी अन्य देश में एशिया कप की मेजबानी करना तार्किक या वित्तीय रूप से संभव नहीं है और इसे एक देश श्रीलंका में आयोजित किया जाना चाहिए क्योंकि भारत पाकिस्तान की यात्रा नहीं कर सकता है। सूत्र ने यह भी कहा कि ऐसी संभावना है कि इस साल एशिया कप पूरी तरह से रद्द हो सकता है और भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान विश्व कप से पहले 50 ओवरों के प्रारूप में एक बहु टीम प्रतियोगिता खेल सकते हैं।

सूत्र ने कहा, इस बात की पूरी संभावना है कि इस साल एशिया कप का आयोजन नहीं हो पाएगा क्योंकि पाकिस्तान और भारत के मैचों के बिना प्रसारणकर्ता के उतनी राशि की पेशकश करने की संभावना नहीं है जितनी वे पाकिस्तान की मौजूदगी में एसीसी को दे रहे थे। सूत्र ने कहा कि भारत भी एशिया कप नहीं होने की स्थिति में उसी समय स्वदेश में चार या पांच देशों के टूर्नामेंट के आयोजन की तैयारी कर रहा है। श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के फैसले का इन बोर्ड के पीसीबी के साथ संबंधों पर क्या प्रभाव पड़ता है, यह देखा जाना बाकी है। पाकिस्तान ने श्रीलंका के दो टेस्ट के दौरे के दौरान वहां कुछ एकदिवसीय मैच खेलने के प्रस्ताव को पहले ही खारिज कर दिया है। श्रीलंका के एशिया कप के सभी मुकाबलों की मेजबानी की पेशकश करने के बाद पाकिस्तान ने यह कदम उठाया। सूत्र ने कहा कि हालिया घटनाक्रम पाकिस्तान को विश्व कप के लिए अपनी टीम भारत नहीं भेजने के लिए मजबूर कर सकता है।



NEWS इन ब्रीफ

## पेट्रोलियम मंत्रालय ने ओपन एकरेज लाइसेंसिंग प्रोग्राम लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम मंत्रालय ने ओपन एकरेज लाइसेंसिंग प्रोग्राम (ओएएलपी) लॉन्च किया है, जिसके तहत आठवें दौर के तहत अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली के लिए 10 ब्लॉकों की पेशकश की जाएगी। सरकार ने इस विशेष दौर के लिए बोली बंद करने की तिथि 5 जुलाई तक बढ़ा दी है। मंत्रालय ने हाल ही में संविदात्मक ढांचे और प्रोत्साहन संरचना में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। ओएएलपी आठ दौर का पुरस्कार 34,364.53 वर्ग किमी क्षेत्र को और जोड़ेगा और ओएएलपी के तहत संचयी अन्वेषण क्षेत्र को 242,055 वर्ग किमी तक ले जाएगा।

## डिजिटल एकोनॉमी बनेगी भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए नया ग्रोथ इंजन

**नई दिल्ली।** भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था 2030 तक 6 गुना बढ़कर एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकती है। इसमें सबसे बड़ा योगदान ई-कॉमर्स सेक्टर का होगा। मंगलवार को गूगल, टेमासेक और ब्रैन एंड कंपनी की ओर से जारी की गई एक संयुक्त रिपोर्ट में ये बात कही गई। गूगल इंडिया के मैनेजर एंड वाइस प्रेसीडेंट, संजय गुप्ता की ओर से दिए गए बयान में कहा गया कि भारत की इंटरनेट अर्थव्यवस्था 2030 तक 6 गुना बढ़कर एक ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को छू सकती है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भविष्य में ज्यादातर सामान ऑनलाइन ही खरीदा जाएगा। टेमासेक के प्रबंध निदेशक, विशेष श्रीवास्तव ने बताया कि मौजूदा समय में भारत वर्ल्ड की जीडीपी के लिए ग्रोथ का नया इंजन है।

# सेंसेक्स 5 अंक चढ़कर 62,792 पर बंद



**एजेंसी। मुंबई**

मंगलवार को बाजार में सपाट कारोबार देखने को मिला। सेंसेक्स 5 अंक चढ़कर 62,792 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 5 अंकों की तेजी रही, ये 18,59 के लेवल पर बंद हुआ। शुरूआती कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 में तेजी और 12 में गिरावट देखने को मिल रही है। अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर आज 2.99% चढ़ा है। ऑटो सेक्टर 1.09% चढ़ा। वहीं, क्ळ में 1.88% की गिरावट रही। बैंक निफ्टी 0.14% चढ़कर बंद हुआ। रियल्टी में 1.19% की तेजी रही। मंगलवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 3 पैसे चढ़कर 82.60 रुपए पर बंद हुआ। आरबीआई की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग आज से भारतीय रिजर्व बैंक यानी फ्ढक की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग आज मंगलवार (6 जून) से शुरू हो गई है जो 2 दिन चलेगी। इसके बाद 8 जून को टढउ के फैसलों का ऐलान किया जाएगा। मई 2022 से फरवरी 2023 तक आरबीआई ने दरों में 2.50% की बढ़ोतरी की है। पिछली मीटिंग जो अप्रैल में हुई थी उसमें रेपो रेट को 6.50% पर अपरिवर्तित रखा गया था। मॉनेटरी पॉलिसी की मीटिंग हर दो महीने में होती है। एमईडी लाइटिंग सॉल्यूशंस प्रोवाइड कराने वाली कंपनी 'क्ङक्ङ लाइटिंग लिमिटेड' का आईपीओ आज से ओपन हो गया है। रिटेल निवेशक इस आईपीओ के लिए 6 जून से 8 जून तक बोली लगा सकेंगे। 16 जून को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी के शेयर लिस्ट होंगे। रिटेल निवेशक को मिनिमम एक लॉट यानी 52 शेयरों के लिए अप्लाय करना होगा। कंपनी ने आईपीओ का प्राइज बैंड 270-285 रुपए प्रति शेयर रखा है। यदि आप आईपीओ के अपर प्राइज बैंड 285 रुपए के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं तो आपको 14,820 रुपए लगाने होंगे।

## ग्राहक बिना एटीएम कार्ड के जरिये भी पैसे निकाल सकते हैं

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने ग्राहकों को बड़ी खुशखबरी दी है। इस बार बैंक ने एक नया फीचर शुरू किया है। अब ग्राहक बिना एटीएम कार्ड के जरिये भी पैसे निकाल सकते हैं। बैंक ने ग्राहकों को ध्यान में रखते हुए ये सुविधा शुरू की है। अब ग्राहक एटीएम में यूपीआई ऐप के जरिये पैसे निकाल सकते हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा ने इस सुविधा को लेकर कहा है कि वह पब्लिक सेक्टर का पहला बैंक है, जिसमें ये सुविधा ग्राहकों को दी गई है। अब ग्राहक आईसीसीडब्ल्यू सुविधा का लाभ उठाकर भीम प या अन्य यूपीआई एप्लिकेशन के जरिये एटीएम से नकद निकासी कर सकेंगे। अन्य बैंकों के ग्राहक भी इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम से पैसे निकालने के लिए ग्राहकों को डेबिट कार्ड की जरूरत नहीं होगी।

# यूपीआई के जरिये 2022-23 में 83.71 अरब लेनदेन हुए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मार्च में खत्म वित्त वर्ष में सरकारी बैंकों का कुल मुनाफा पहली बार 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा 1,04,649 करोड़ हो गया। 2017-18 में इन बैंकों को 85 हजार करोड़ का घाटा हुआ था। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के सीनियर डायरेक्टर अरुण कुमार अय्यर ने कहा, बैंकों ने फिनटेक कंपनियों को बिजनेस पार्टनर बनाया। इससे डिपॉजिट, निकासी और फंड ट्रांसफर जैसे काम बैंक से बाहर होने लगे। यदि ये सारे ट्रांजेक्शन बैंक ब्रांच या एटीएम के जरिये होते तो बैंकों का खर्च बढ़ता। इंडियन ओवरसीज बैंक के पूर्व सीएमडी एम नरेंद्र ने बताया कि फिनटेक ने बैंकों के छोटे लोन पर खर्च बचा दिए। ये नए खाते खोलने में भी मददगार साबित हुए। यूको बैंक के रिटायर्ड ईडी अजय व्यास कहते हैं, फिनटेक के बेहतर रिस्क एनालिसिस से लोन डिफॉल्ट और खर्च घटे हैं। मसलन, 2017-18 में सबसे बड़े बैंक एसबीआई की आय के मुकाबले खर्च का अनुपात 50.18% था। अभी ये घटकर 35.58% पर आ गया है। 2022-23 में 83.71 अरब लेनदेन यूपीआई के जरिये हुए। तीन साल में ये 4 गुना बढ़े हैं। ब्रांच में हर लेनदेन पर 24 रुपए, एटीएम ट्रांजेक्शन पर 15-18 रुपए और पीओएस पर हर कार्ड स्वैप का खर्च 3-5 रुपए बैठता है। फिनटेक के जरिये ट्रांजेक्शन से ये खर्च बच रहे हैं। पेनियरबॉय फिनटेक के उएड और टऊआनंद बजाज कहते हैं कि 7.25 लाख गांवों के लिए सिर्फ 25 हजार बैंक ब्रांच हैं। फिनटेक ने गांवों को फाइनेंशियल सर्विसेज से जोड़ा।

# टाटा कंज्यूमर वृद्धि की बुनियाद तैयार करने में जुटी: चंद्रशेखरन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

टाटा समूह की कंपनी टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेज (टीसीपीएल) के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने मंगलवार को कहा कि वृहद-आर्थिक हालात में उतार-चढ़ाव और भू-राजनीतिक कारणों से वैश्विक परिवेश के चुनौतीपूर्ण बने रहने के बावजूद कंपनी अपनी वृद्धि की मजबूत बुनियाद तैयार करने में जुटी हुई है। चंद्रशेखरन ने कंपनी के शेयरधारकों की वार्षिक आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि टीसीपीएल इस समय कायाकल्प के दौर से गुजर रही है और पिछले तीन साल में यह लगातार प्रगति करते हुए दैनिक उपभोग के सामान बनाने वाली प्रमुख एफएमसीजी कंपनी बन चुकी है। उन्होंने कहा, बदलाव के इस दौर में कुछ निर्णायक कदम उठाए गए हैं जिससे यह वृद्धि-उन्मुख कंपनी बने और एक मजबूत संगठनात्मक क्षमता तैयार हो सके।" टाटा संस के भी चेयरमैन चंद्रशेखरन ने कहा कि टाटा कंज्यूमर अपने प्रमुख कारोबार पर ध्यान केंद्रित करने के साथ ही ग्राहक आधार में विस्तार पर भी नजरें टिकाए हुए है। टीसीपीएल का बिक्री एवं वितरण नेटवर्क तिगुना होकर 15 लाख दुकानों तक पहुंच चुका है। पिछले साल कंपनी ने उससे पहले के साल की तुलना में दोगुनी संख्या में नए उत्पाद उतारे थे।

# बेमौसम बारिश की मार से आसमान पर पहुंचे टमाटर व अदरक के दाम



**एजेंसी। नई दिल्ली**


टमाटर ने एक बार फिर से अपना रुद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। बीते एक पखवाड़े में टमाटर और अदरक की कीमतों में रॉकेट की रफ्तार जितना इजाफा हुआ है। हाल ही में हुई बेमौसम बारिश ने उत्तर भारत में टमाटर की फसल को प्रभावित किया है, यहां अदरक के दाम में भी लगभग डबल इजाफा देखा गया है और इसके रेट आसमान पर जा पहुंचे हैं। पिछले 15 दिनों में ही टमाटर के दाम दोगुने हो गए हैं और इसके रेट 40 रुपए से सीधा 80 रुपए किलो हो गए हैं। ये दाम रिटेल बाजार के लिए दिखाई दे रहे हैं। दिल्ली की आजादपुर मंडी में इस समय टमाटर की आमद कम हो गई है और इसका सबसे बड़ा कारण बेमौसम की बारिश है जिसके चलते टमाटर की फसलों को बेहद नुकसान पहुंचा है। उधर अदरक के दाम भी उछाल पर हैं जो अदरक पहले 30 रुपए का 100 ग्राम मिलता था वो रेट अब 50-80 रुपए प्रति 100 ग्राम तक चले गए हैं। इसके पीछे कारण बताया जा रहा है कि पिछले साल किसानों ने अदरक की फसल नुकसान पर बेची थी और इस साल वो इसका ख्याल रखते हुए कम संख्या में अदरक की सप्लाई सब्जी मंडियों में कर रहे हैं। अब जब अदरक के दाम बाजार में चढ़ चुके हैं तो वो इसे बाजार में ऊंची कीमत पर बेचने के लिए ऑफलोड कर रहे हैं।

## विदेश

## सऊदी अरब पहली बार अंतर्राष्ट्रीय योग चैंपियनशिप में लेगा भाग

**दुबई।** सऊदी अरब की राष्ट्रीय टीम नेपाल के काठमांडू में 8 से 10 जून तक आयोजित होने वाली दूसरी माउंट एवरेस्ट अंतर्राष्ट्रीय योग चैंपियनशिप में अपनी पहली बार अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पूरी तरह तैयार है। सऊदी की अरब न्यूज ने बताया कि सऊदी अरब की टीम एक जून को राजधानी पहुंची जहां वे मुख्य कोच विजय यादव की देखरेख में विशेष ट्रेनिंग ले रही है। समाचार रिपोर्ट के अनुसार, विजय यादव ने अपने करियर के दौरान पांच स्वर्ण सहित 50 से अधिक पदक जीते हैं। सऊदी योग समिति के अध्यक्ष नौफ अल-मरवाई ने कहा कि उन्हें टीम पर गर्व है। अरब न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि टीम कई अन्य देशों से बेहतर प्रदर्शन करेगी। नौफ अल-मरवाई ने आगे कहा कि टीम में अहमद शिलाती, समहेर अल-मल्की, जौदा शराफ, जौद अबेद और बदर अल-गमदी शामिल हैं।

# एपल का सबसे पतला लैपटॉप लॉन्च



**एजेंसी। कैलिफोर्निया**

टेक कंपनी एपल ने सोमवार देर रात अपनी एनुअल डेवलपर्स कॉन्फ्रेंस-डब्ल्यूडब्ल्यूडीसी 23 में 15 इंच डिस्प्ले वाला दुनिया का सबसे पतला (11.5एमएम) लैपटॉप मैकबुक एयर लॉन्च किया है। भारत में इसकी शुरूआती कीमत 1.34 लाख रुपए है। 10 हजार का स्टूडेंट डिस्काउंट भी मिलेगा। एपल ने 9 जून तक चलने वाली अपनी कॉन्फ्रेंस में लैपटॉप के अलावा 3 और प्रोडक्ट लॉन्च किए हैं। इसमें मिक्स्ड रियलिटी हेडसेट विजन प्रो, डेक्सटॉप मैक प्रो और स्टूडियो शामिल हैं। इसके अलावा एपल ने अपने ऑपरेटिंग सिस्टम आइओएस 17 के फीचर्स भी अनवील किए हैं। 15 इंच वाले दुनिया के सबसे पतले लैपटॉप को भारत में 1.34 लाख रुपए में पेश किया गया है। इसमें 18 घंटे बैकअप वाली बैटरी है। यह चार कलर मिडनाइट, स्टारलाइट, सिल्वर और स्पेस ग्रे में अवेलेबल है। नए मैकबुक के फीचर्स 13-इंच मैकबुक एयर एम2 के तरह ही हैं। जैसे 3.5एमएम हेडफोन जैक के साथ मैगसेफ चार्जिंग, दो थंडरबोल्ट पोर्ट आदि। यह कंपनी का पहला मिक्स्ड रियलिटी हेडसेट विजन प्रो है। 3,499 डॉलर यानी करीब 2.88 लाख रुपए की कीमत वाला एपल विजन प्रो अगले साल की शुरूआत में अमेरिका में उपलब्ध होगा। भारत में ये कब तक मिलेगा इसकी जानकारी कंपनी ने नहीं दी है। इस हेडसेट को आंखों के रेटिना और हाथों के मूवमेंट से ऑपरेट किया जा सकता है। इस डिवाइस को बनाने के लिए कंपनी पिछले 7 साल से इस पर काम कर रही थी। सीइओ टिम कुक ने एपल विजन प्रो को एक नई शुरूआत बताया है। कंपनी का कहना है कि यूजर्स विजन प्रो को पहनने के बाद वर्चुअल स्पेस में अपनी फोटोज और वीडियोज को स्क्रॉल कर सकेंगे। इसके अलावा, 3डी मूवी देख और गेम खेल सकेंगे। एपल के इवेंट में डिज्नी के सीइओ बॉब इगोर ने बताया कि डिज्नी प्लस में पहले से विजन प्रो में देखने वाला कंटेट अवेलेबल है। एपल ने एम2 अल्ट्रा चिपसेट के साथ दो नए डेस्कटॉप 'मैक प्रो' और 'मैक स्टूडियो' भी लॉन्च किए। नया मैक प्रो इन्टेल बेस्ड मैक प्रो से 3 गुना फास्ट है। नया मैक प्रो 64जीबी और 128जीबी यूनिफाइड मेमोरी ऑप्शन के साथ आता है। इसमें 1टीबी एसएसडी स्टोरेज भी मिलता है। इस डेस्कटॉप का फ्रेम स्टेनलेस स्टील से बनाया गया है।

## चेतावनी के बावजूद सिडनी में हुआ जनमत संग्रह

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस की चेतावनी के बावजूद सिडनी में खालिस्तान जनमत संग्रह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में खालिस्तान समर्थक शामिल हुए। इस दौरान खालिस्तानी समर्थक खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते नजर आए। इससे पहले 4 जून को सिख फॉर जस्टिस का जनमत संग्रह कार्यक्रम होने की बात सामने आई थी लेकिन सुरक्षा एजेंसियों की सलाह पर कार्यक्रम की बुकिंग रद्द कर दी गई थी। इसके बाद भिंडरावाले की 39वीं बरसी पर आज खालिस्तान जनमत संग्रह सिडनी के पास एक निर्माण स्थल पर हुआ। आयोजकों ने फ्री बसों के जरिए बड़ी संख्या में लोगों को शामिल करने की कोशिश की। मेलबोर्न और ब्रिस्बेन जनमत संग्रह में मतदान करने वाले परिचित चेहरे भी इसमें शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद खालिस्तान समर्थकों को बड़ा झटका लगा था।

## जापान का हाइड्रोजन ईंधन पर बड़ा दांव

# 107 अरब डॉलर खर्च करेगा



**एजेंसी। तोक्यो**

जापान सरकार ने कार्बन उत्सर्जन को कम करने के प्रयास के तहत ईंधन इस्तेमाल की देश की योजना में बदलाव किया है। अब जापान का इरादा ईंधन के रूप में हाइड्रोजन का इस्तेमाल बढ़ाने पर है। इस योजना के तहत हाइड्रोजन की सालाना आपूर्ति मौजूदा से छह गुना बढ़ाकर 2040 में 1.2 करोड़ टन करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया गया है। इस योजना के तहत जापान ने अगले 15 साल में निजी और सार्वजनिक क्षेत्र से 15,000 अरब येन (107 अरब डॉलर) के वित्तपोषण की प्रतिबद्धता जताई है। कॉर्बन उत्सर्जन में कमी लाने की जापान की रणनीति स्वच्छ कोयले, हाइड्रोजन और परमाणु ऊर्जा पर केंद्रित है। रूस-यूक्रेन युद्ध ने ऊर्जा सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है और प्रयासों को और मुश्किल कर दिया है लेकिन अन्य उन्नत पश्चिमी देश सौर, पवन और भू-तापीय जैसी अक्षय ऊर्जा की स्वीकार्यता को बढ़ावा दे रहे हैं। जापान फिलहाल मुख्य रूप से जीवाश्म ईंधनों के उपयोग से पैदा किए गए हाइड्रोजन पर निर्भर है।

## कारोबार — आदित्य बिड़ला ग्रुप अब ज्वेलरी रिटेल बिजनेस में करेगा एंट्री

# 5,000 करोड़ रुपये का होगा निवेश



**एजेंसी। नई दिल्ली**

टेलीकॉम, टेक्सटाइल, सीमेंट, मेटल सहित अन्य सेक्टर में अपना कारोबार फैलाने के बाद अब आदित्य बिड़ला समूह ब्रांडेड ज्वेलरी के रिटेल बिजनेस में अपना हाथ अजमाने जा रहा है। आदित्य बिड़ला ग्रुप ने मंगलवार कहा कि इसके लिए ग्रुप 5,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। इस बिजनेस में एंट्री के बाद बिड़ला समूह का सीधा सामना कल्याण ज्वैलर्स और टाटा की तनिष्क ब्रांड से होगा। आदित्य बिड़ला समूह के एक बयान में कहा गया है कि ज्वैलरी बिजनेस का नाम नॉवेल ज्वेल्स होगा। बयान में समूह ने कहा कि इस बिजनेस के लिए आदित्य ग्रुप देश भर में नॉवेल ज्वेल्स इन-हाउस ज्वेलरी ब्रांडों के साथ बड़े प्रारूप वाले एक्सक्लूसिव ज्वैलरी रिटेल स्टोर खोलेगा। आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा कि ज्वैलरी बिजनेस ग्रपु के बिजनेस पोर्टफोलियो को और विकसित करेगा और भारतीय ग्राहकों को ज्वैलरी में अन्य विकल्प भी प्रदान करेगा। कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा कि भारतीय की बढ़ती डिस्पोजेबल आय के साथ वो समझदार हो गए हैं और उन्हें डिजाइन-आधारित उच्च गुणवत्ता वाले आभूषणों ज्यादा पसंद आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम पहले से लाइफस्टाइल रिटेल में मौजूद हैं और अब ज्वेलरी बिजनेस उपभोक्ता वरीयताओं की बारीक समझ को समझने में मदद करेगा। कंपनी का लक्ष्य देश में डिजाइन आधारित, बीस्पोक और उच्च गुणवत्ता वाले आभूषणों की बढ़ती मांग को पूरा करना है। कंपनी ने कहा कि नॉवेल ज्वेल्स यूनिक डिजाइन और देश की अलग-अलग क्षेत्रीय जरूरतों के हिसाब से एक राष्ट्रीय ब्रांड बनाकर ग्राहकों के अनुभव को बदलने की कोशिश करेगा। आदित्य बिड़ला की नॉवेल ज्वेल्स बाजार में तनिष्क, कल्याण ज्वैलर्स, रिलायंस ज्वेल्स जैसे रिटेल बिजनेस में अपना व्यापार जमा चुके ब्रांड़ो के साथ टक्कर लेगी। भारत के रत्न और आभूषण बाजार का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 7 प्रतिशत का योगदान है। आपको बता दें कि आभूषण बाजार के 2025 तक 90 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ने का अनुमान है।

## अफगानिस्तान में कार बम धमाके में उप गवर्नर और उसके ड्राइवर की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के पूर्वोत्तर इलाके में मंगलवार को एक कार बम धमाके में एक प्रांतीय उप गवर्नर और उनके वाहन चालक की मौत हो गई। एक स्थानीय अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि बदख्शां प्रांत के फैजाबाद शहर में हुए बम विस्फोट में दस अन्य लोग भी घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक किसी भी संगठन ने विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है। बदख्शां के सांस्कृतिक निदेशक मोअजुद्दीन अहमदी के मुताबिक, उप गवर्नर मौलवी निसार अहमद अहमदी, कार में हुए विस्फोट में घायल हो गए थे, जिसके बाद उन्हें एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। गौरतलब है कि पिछले साल दिसंबर महीने में भी इसी तरह एक कार में बम विस्फोट हुआ था, जिसमें बदख्शां के पुलिस प्रमुख की मौत हो गयी थी। उस वक्त इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के क्षेत्रीय सहयोगी के रूप में पहचाने जाने वाले 'इस्लामिक स्टेट इन खुरसान प्रोविंस' ने विस्फोट की जिम्मेदारी ली थी।

# गेमिंग कंपनी के शेयरों में ज्यादा की वृद्धि



**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**

गेमिंग कंपनी यूनिटी के शेयरों में 17 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि हुई, जब एप्पल ने कहा कि वह अपने विजन प्रो हेडसेट के लिए गेम-डेवलपमेंट सॉफ्टवेयर निमार्ता के साथ काम कर रहा है। उधर, एप्पल का स्टॉक 0.76 फीसदी टूटा। सीएनबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, आईफोन निमार्ता द्वारा अपने एआर हेडसेट के लिए यूनिटी के साथ सहयोग का खुलासा करने के बाद, 2020 की इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) के बाद से यूनिटी ने अपना दूसरा सबसे बड़ा एकल दिवसीय लाभ देखा। अपने डेवलपर कॉन्फ्रेंस में, एप्पल ने कहा कि डेवलपर्स की एक कम्युनिटी है जो सालों से अविश्वसनीय 3डी ऐप बना रही है। एप्पल के वर्ल्डवाइड डेवलपर रिलेशन्स के उपाध्यक्ष सुसान प्रेस्कॉट ने कहा, आज, हम यह साझा करने के लिए उत्साहित हैं कि हम उन ऐप्स को विजन प्रो में लाने के लिए यूनिटी के साथ काम कर रहे हैं, इसलिए पॉपुलर यूनिटी-बेस्ड गेम और ऐप पासथ्रू, हाई-रिजॉल्यूशन रेंडरिंग और नेटिव जेस्चर जैसी विजनओएस फीचर्स तक एक्सेस प्राप्त कर सकते हैं। यूनिटी ने सीएनबीसी को बताया कि वह एप्पल विजन प्रो के लिए पावरफुल और फैमिलियर रीयल-टाइम 3डी टूल्स और क्षमताओं को वितरित करने के लिए उत्साहित है। कंपनी ने एक बयान में कहा, विजनओएस और यूनिटी की पॉलीस्पेशियल टेक्नोलॉजी क के साथ, हम उन नए ऐप्स और गेम्स को देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते हैं, जो यूनिटी डेवलपर्स विजन प्रो के लिए बनाएंगे। यूनिटी एक क्रॉस-प्लेटफॉर्म गेम इंजन है जिसे यूनिटी टेक्नोलॉजीज द्वारा डेवलप किया गया है, जिसे पहली बार जून 2005 में एप्पल डब्ल्यूडब्ल्यूडीसी मैक ओएस एक्स गेम इंजन के रूप में घोषित और जारी किया गया था। इसके बाद से इंजन को धीरे-धीरे विभिन्न प्रकार के डेस्कटॉप, मोबाइल, कंसोल और वर्चुअल रियलिटी प्लेटफॉर्म का समर्थन करने के लिए बढ़ाया गया है। इसे ऐतिहासिक बताते हुए, एप्पल के सीईओ टिम कुक ने 3,499 डॉलर विजन प्रो एआर हेडसेट की घोषणा की है जो लोगों को स्थानिक कंप्यूटिंग से परिचित कराता है। विजन प्रो यूजर्स को डिजिटल कंटेंट के साथ इस तरह से बातचीत करने की अनुमति देता है जिससे ऐसा लगता है कि यह उनके स्थान पर फिजिकल तौर से मौजूद है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### एनआईए ने पंजाब और हरियाणा में 10 ठिकानों पर की छापेमारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) मंगलवार को पंजाब और हरियाणा में खालिस्तानी संगठन से जुड़े लोगों के 10 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। सूत्रों ने कहा कि खालिस्तान टाइगर फोर्स से जुड़े लोगों के पंजाब में नौ ठिकानों और हरियाणा में एक ठिकाने पर छापेमारी की जा रही है। सूत्र ने कहा, खालिस्तानी चरमपंथी संगठन द्वारा रची गई आतंकवादी साजिशों को उजागर करने के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है, जिससे सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों, हथियारों और विस्फोटकों की तस्करी के लिए धन इकट्ठा किया जा रहा है। फिलहाल, एनआईए ने इस मामले में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

### बीएसएफ ने दो पाकिस्तानी को पाक रेंजर्स को सौंपा

**चंडीगढ़।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मंगलवार को पंजाब के तरनतारन सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा से पकड़े गए दो पाकिस्तानी नागरिकों को पाकिस्तानी रेंजर्स को सौंप दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बीएसएफ के एक अधिकारी ने कहा कि दोनों पाकिस्तानी सोमवार को सीमा पार कर अनजाने में भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर गए थे। उनकी पहचान 25 साल के सबीब खान और 21 साल के मोहम्मद चांद के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान, यह पुष्टि की गई थी कि वे व्यक्तिगत सामान और 1,000 रुपये की पाकिस्तानी मुद्रा ले जा रहे थे।

# प्रवासी भारतीयों को ओआईसी कार्ड नियमों में छूट : राष्ट्रपति

**एजेंसी। पारामारिबो**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने घोषणा की है कि भारत ने सूरीनाम में मूल भारतीय प्रवासियों के 'ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्ड के लिए पात्रता मानदंड को चौथी पीढ़ी से छठी पीढ़ी तक बढ़ाने का फैसला किया है, जो 150 साल पुराने द्विपक्षीय संबंधों में उनके महत्व को दशार्ता है। मुर्मू ने सोमवार को यहां इंडिपेंडेंस स्क्वायर पर एक समारोह को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। इससे पहले, सूरीनाम के अपने समकक्ष चंद्रिका प्रसाद संतोखी के साथ वह सूरीनाम में भारतीयों के आगमन के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक सांस्कृतिक समारोह की गवाह बनीं। विदेश में बसे और वहां की नागरिकता ले चुके भारतीय लोगों के लिए ओसीआई कार्ड की सुविधा प्रदान की गई है।



उल्लेखनीय है कि 452 भारतीय मजदूरों को लेकर 5 जून, 1873 को पहला जहाज लल्ला रूख सूरीनाम की राजधानी पारामारिबो पहुंचा था। इनमें ज्यादातर मजदूर पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के रहने वाले थे। मुर्मू ने कहा, आज, इस ऐतिहासिक अवसर पर, मुझे इस मंच पर यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि मेरी सरकार ने ओसीआई कार्ड के लिए पात्रता मानदंड को चौथी पीढ़ी से छठी पीढ़ी तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि ओसीआई कार्ड को भारत के साथ उनके 150 साल पुराने संबंधों की एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में देखा जा सकता है। उन्होंने प्रवासी भारतीयों से भारत के साथ अपने संबंधों को बनाए रखने के प्रयास जारी रखने का आग्रह किया। इससे पहले, ओसीआई सुविधा भारत से सूरीनाम पहुंचे समुदाय के मूल पूर्वजों की केवल चार पीढ़ियों तक के लिए ही थी। नतीजतन, पांचवीं और बाद की पीढ़ियों से संबंधित समुदाय के कई युवा सदस्य इस लाभ से वंचित थे। मुर्मू ने कहा, हम सभी सूरीनाम में भारतीयों के आगमन की 150वीं वर्षगांठ मनाने के लिए आज यहां एकत्र हुए हैं, जो सूरीनाम के इतिहास में मील का एक महत्वपूर्ण पत्थर है। इस अवसर पर, मैं अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं और उन लोगों को सलाम करती हूं जिन्होंने इस राष्ट्र के निर्माण में मदद की। उन्होंने कहा कि एक बहुसांस्कृतिक समाज और अवसरों की भूमि के रूप में, सूरीनाम ने उन सभी विभिन्न समुदायों का स्वागत किया है जो यहां आए और बस गए। उन्होंने कहा कि इन वर्षों के दौरान, विविध समुदाय एक परिवार और एक देश के रूप में विकसित हुए। उन्होंने एकता और समावेशिता के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए सूरीनाम के लोगों की सराहना भी की।

### राष्ट्रपति मुर्मू को सूरीनाम का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू को सोमवार को सूरीनाम के सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड ऑर्डर ऑफ द चेन ऑफ द येलो स्टार' से नवाजा गया। मुर्मू देश के राष्ट्रपति बनने के बाद सूरीनाम की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर हैं। उन्होंने अपने आधिकारिक राष्ट्रपति भवन हैंडल से एक ट्वीट में कहा, मैं सूरीनाम का सर्वोच्च सम्मान, ग्रैंड ऑर्डर ऑफ द चेन ऑफ द येलो स्टार प्राप्त कर बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं। उन्होंने कहा, यह मान्यता न केवल मेरे लिए बल्कि भारत के उन 1.4 बिलियन



लोगों के लिए भी अत्यधिक महत्व रखती है, जिनका मैं प्रतिनिधित्व करता हूं। मैं यह सम्मान भारतीय-सूरीनाम समुदाय की आने वाली पीढ़ियों को भी समर्पित करता हूं, जिन्होंने हमारे दोनों देशों के बीच भ्रातृत्व को समृद्ध करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राष्ट्रपति ने कहा, सूरीनाम में भारतीय आगमन की 150वीं वर्षगांठ के ऐतिहासिक स्मरणोत्सव के दौरान यह सम्मान प्राप्त करना इसे और विशेष बनाता है। यदि यह सम्मान हमारे दोनों देशों में महिलाओं के लिए सशक्तिकरण और प्रोत्साहन के प्रकाश स्तंभ के रूप में कार्य करता है, तो यह और भी सार्थक बन जाता है।

### लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा में मंथन

# शाह ने नड्डा व बीएल संतोष के साथ की दूसरी बैठक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा में शीर्ष स्तर पर बैठकों का दौर शुरू हो गया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष ने 15 घंटे के अंदर दो बार मैराथन बैठक कर चुनावी तैयारियों से जुड़े संगठनात्मक पहलुओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। अमित शाह, जेपी नड्डा और बीएल संतोष की पहली बैठक सोमवार देर रात भाजपा मुख्यालय के केन्द्रीय कार्यालय में हुई। सोमवार को देर रात तक कई घंटे चली इस मैराथन बैठक के बाद तीनों नेताओं ने



मंगलवार को फिर से बैठने का फैसला किया। महज 15 घंटे के अंदर भाजपा के तीनों शीर्ष नेताओं ने एक बार फिर से मंगलवार को केन्द्रीय कार्यालय विस्तार में मैराथन बैठक की।

पार्टी के तीनों शीर्ष नेताओं की इस मैराथन बैठक को लोक सभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर पार्टी संगठन को नए रूप-रंग और कलेवर देने की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी के राष्ट्रीय संगठन से लेकर कई प्रदेशों में संगठन में बदलाव का खाका इन दोनों बैठकों में तैयार किया गया है जिसकी घोषणा पार्टी आने वाले दिनों में कर सकती है।

बताया जा रहा है कि पार्टी आलाकमान राष्ट्रीय पदाधिकारियों की टीम में खाली पदों को भरने के साथ ही दायित्वों में भी बदलाव कर सकता है। देशभर से कुछ नए चेहरों को राष्ट्रीय टीम में शामिल किया जा सकता है। लोक सभा चुनाव के मद्देनजर संगठन को चुस्त-दुरूस्त करने और साथ ही और ज्यादा सक्रिय बनाने के लिए कई प्रदेशों के प्रभारी भी बदले जा सकते हैं।

### ओडिशा ट्रेन दुर्घटना

## सीबीआई ने शुरू की जांच, रेलवे को सिस्टम में छेड़छाड़ का संदेह

**भुवनेश्वर।** सीबी की एक टीम ओडिशा के बालासोर जिले में रेलवे बहानागा स्टेशन के पास तीन-ट्रेन दुर्घटना स्थल पर पहुंच गई है और जांच शुरू कर दी है। रेलवे बोर्ड ने रविवार को इस दुर्घटना की सीबीआई जांच की सिफारिश की, इसमें मरने वालों की संख्या 278 हो गई है, क्योंकि तीन और घायलों ने दम तोड़ दिया है। सीबीआई की 10 सदस्यीय टीम सोमवार शाम बालासोर पहुंची थी और उन्होंने मंगलवार को मामले की जांच शुरू की। एक अधिकारी ने कहा कि सीबीआई के अधिकारी दुर्घटनास्थल, ट्रैक, सिग्नलिंग रूम, कंट्रोल रूम आदि की जांच कर रहे हैं। शैलेश कुमार पाठक ने सोमवार को दुर्घटनास्थल का दौरा किया जहां वह बहनागा बाजार रेलवे स्टेशन के कंट्रोल रूम, सिग्नल रूम और सिग्नल प्वाइंट पर गए।

### 19 वर्ष पहले बृजभूषण के बेटे शक्ति सिंह ने कर ली थी आत्महत्या

# अपने पिता को ठहराया था दोषी

**आरएनएम। नई दिल्ली**

उप्र के कैसरगंज संसदीय सीट से भारतीय जनता पार्टी सांसद बृजभूषण शरण सिंह इन दिनों 7 महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन शोषण के आरोपों और उस पर अपने दबंगई वाले बयानबाजी को लेकर चर्चा में हैं। उनका जीवन विवादास्पद रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आज से 19 वर्ष पहले बृजभूषण शरण सिंह के बेटे शक्ति सिंह ने आत्महत्या कर ली थी। उसने 17 जून, 2004 की सुबह गोंडा जिले के नवाबगंज इलाके में अपने पिता के पैतृक घर में खुद को गोली मार ली थी। वह लखनऊ के बाबू बनारसी दास इंजीनियरिंग कॉलेज का छात्र था। उसने एक सुसाइड नोट में अपने पिता को इस कृत्य के लिए दोषी ठहराया था। बृजभूषण ने अपने 22 वर्षीय बेटे शक्ति सिंह के कमरे से गोली चलने की आवाज सुनी और कमरे में पहुंचे तो शक्ति को मृत पाया। उसने अपनी जीवन लीला समाप्त करने के लिए अपने पिता की लाइसेंसी पिस्टल का प्रयोग किया था। तब मीडिया रिपोर्ट में शक्ति सिंह का सुसाइड नोट प्रकाशित हुआ था। जिसमें लिखा था, आप अच्छे पिता साबित नहीं हो सके। आपने हम भाई-बहनों की सुख सुविधा का कोई ख्याल नहीं रखा। आपने हमेशा अपने बारे में ही सोचा और हमारी कोई चिंता नहीं की। अब तो बहन भी बड़ी हो रही है। लेकिन हम लोगों को अपना भविष्य अंधकार में ही दिख रहा है। इस लिए अब जीने का कोई औचित्य नहीं है। उनके अन्य दो बेटे प्रतीक भूषण सिंह और करण भूषण सिंह हैं। प्रतीक गोंडा सदर सीट से लगातार दो बार के विधायक हैं। करण 2018 में उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुने गए थे। बृजभूषण शरण सिंह जब 1996 में टाडा के तहत तिहाड़ जेल में बंद थे। तो उनकी पत्नी केतकी सिंह ने गोंडा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था और कांग्रेस उम्मीदवार आनंद सिंह को 80000 वोटों से हराया था। हाल ही में वह भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद से कार्यकाल पूरा होने के चलते हटे हैं। लेकिन अब अपने बेटे को उस पद पर लाना चाहते हैं। देश के शीर्ष पहलवानों, जिनमें बजरंग पूनियाए विनेश फोगाट और साक्षी मलिक प्रमुख है, उन्होंने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ मोर्चा खोला है और उन पर यौन शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं। इस सिलसिले में दिल्ली पुलिस ने 1 नाबालिग सहित 7 महिला पहलवानों की शिकायत के आधार पर बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ 2 प्राथमिकी भी दर्ज की है।

# चुनाव हमारा अधिकार है, भीख नहीं मांगेंगे : उमर अब्दुल्ला

**एजेंसी। श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि चुनाव लोगों का अधिकार है और वह चुनाव कराने के लिए किसी से भीख नहीं मांगेंगे। पत्रकारों से बात करते हुए उमर ने कहा, हमारा भी कुछ स्वाभिमान है और हम यहां चुनाव कराने के लिए किसी से भीख नहीं मांगेंगे। चुनाव लोगों का अधिकार है और चुनाव आयोग को इस सवाल का जवाब देना चाहिए। उमर ने कहा, क्या मुख्य चुनाव आयुक्त ने यह नहीं कहा कि जम्मू-कश्मीर में एक खालीपन है जिसे भरने की जरूरत है। उस खालीपन को क्यों



नहीं भरा जा रहा है? यदि चुनाव आयोग दबाव में है तो उसे यह स्पष्ट रूप से कहना चाहिए कि वह दबाव में है और वह यही कारण है कि वे यहां चुनाव नहीं करा सकते। उन्होंने कहा कि श्रीनगर में जी20 बैठक आयोजित करना और कश्मीर को दुनिया के सामने दिखाना कि सब ठीक है अलग बात है। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोगों को वास्तविकता जाननी चाहिए।

# सांसद प्रज्ञा ने छात्रा को दिखाई 'द केरल स्टोरी', वह घर छोड़ युसूफ के साथ रहने लगी

**आरएनएम। नई दिल्ली**

भोपाल में सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने जिन छात्राओं को फिल्म दिखाई, उन पर ही द केरल स्टोरी का कोई असर नहीं हुआ। फिल्म देखने वाली 19 साल की एक युवती शादी से ठीक पहले घर छोड़कर भाग गई और अब अपनी मर्जी से किसी युसूफ नामक व्यक्ति के साथ रह रही है। लव जिहाद पर बनी फिल्म द केरल स्टोरी को लेकर मचा सियासी बवाल अब तक शांत नहीं हुआ कि नया मामला सामने आ गया। भाजपा के कई नेताओं ने अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों के साथ यह फिल्म देखी और लोगों को फ्री में दिखाई भी। भोपाल में सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने जिन छात्राओं को फिल्म दिखाई, उन पर ही द केरल स्टोरी का कोई असर नहीं हुआ। 19 साल की एक युवती शादी से ठीक पहले घर छोड़कर भाग गई और अब अपनी मर्जी से किसी युसूफ नामक शख्स के साथ रह रही है। साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने नर्सिंग की छात्रा को सलाह भी दी थी कि वह उस युवक से दूर रहे। इसके बाद भी उस पर कोई असर नहीं हुआ। छात्रा की 30 मई को शादी होनी थी। अब उसके परिजन बेहाल है क्योंकि युवती अपने साथ कैश और जेवरात भी लेकर गई है। परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि युसूफ आपराधिक प्रवृत्ति का है।

### युसूफ ने युवती के नाम पर लिया है ऋण

**युवती** के पिता का कहना है कि उनकी बेटी को बहलाया-फुसलाया गया है। युसूफ ने युवती के नाम पर लोन ले रखा है। उस पर पहले से पांच-छह केस दर्ज है। ऐसे में युवती को उसके साथ रहने की अनुमति कैसे दी जा सकती है। लड़की 18 साल की हो चुकी है। इस वजह से अपने फैसले खुद ले सकती है। ऐसे में पुलिस की भी अपनी कानूनी सीमा है, जिसका वह पालन कर रही है।




## 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 2' होस्ट करेंगे सलमान खान

**बॉलीवुड** सुपरस्टार सलमान खान 'बिग बॉस ओटीटी हिंदी' के दूसरे सीजन की मेजबानी करते नजर आएंगे, जिसका प्रीमियर 17 जून को होगा। आईपीएल की अभूतपूर्व सफलता के बाद, जियोसिनेमा अब मनोरंजन का स्तर 'बिग बॉस ओटीटी' से बढ़ाने के लिए तैयार है। अपनी चुंबकीय स्क्रीन उपस्थिति और करिश्माई होस्टिंग शैली के साथ, सलमान निश्चित रूप से ड्रामा और मनोरंजन का तड़का लगा कर शो को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की कोशिश करेंगे। प्रतियोगियों के बारे में विवरण अभी भी स्पष्ट नहीं है। यह शो 17 जून से जियोसिनेमा पर शुरू होगा।



## लैंगिक समानता पर बोलीं आलिया भट्ट, हुई ट्रोल



बॉलीवुड की प्रमुख अभिनेत्रियों में शामिल आलिया भट्ट ने 2012 में फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इन 11 सालों के दौरान आलिया ने बॉलीवुड में अपनी एक अलग पहचान बनाई है और कुछ दिन पहले ही ग्लोबल ब्रांड 'गुच्ची' के वर्ल्ड ब्रांड एंबेसडर के तौर पर आलिया भट्ट के नाम की घोषणा की गई है। ब्रांड एंबेसडर बनने के बाद अभिनेत्री ने हाल ही में 'गुच्ची' के एक कार्यक्रम में भाग लिया। इस बार आलिया ने लैंगिक समानता पर अपने विचार व्यक्त करने वाले वीडियो को देखने के बाद उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया। अभिनेत्री आलिया भट्ट ने गुच्ची ब्रांड के एक कार्यक्रम में लैंगिक समानता के विषय पर बात की।


### रिसर्च

## फूलों की खुशबू वाले साबुन लगाया तो मच्छर काटेंगे ज्यादा

# नारियल वाले साबुन हो सकते हैं मच्छर रोधी

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

जुलाई-अगस्त में वर्षा के समय मच्छर जनित रोगों का खतरा बढ़ जाता है। यही कारण है कि इन महीनों में डेंगू-चिकनगुनिया और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी ज्यादा होता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं। केवल मानसून में ही नहीं, सभी मौसमों में मच्छरों से बचाव किया जाना बहुत आवश्यक हैं। मलेरिया जैसे रोगों का खतरा पूरे साल बना रहता है। मच्छरों से बचाव के लिए साफ-सफाई रखना और रात में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग सबसे सुरक्षित माना जाता है। लेकिन आपको यह भी जानना चाहिए कि कुछ कारणों से मच्छर आपको अधिक काट सकते हैं। किस ब्लड ग्रुप को मच्छर ज्यादा काटते हैं। इसको लेकर किए गए अध्ययनों के बाद अब शोधकताओं



ने बताया कि आप नहाने के लिए जो साबुन इस्तेमाल करते हैं उसकी गंध भी मच्छरों को आकर्षित कर सकती है। यानी कुछ प्रकार प्रकार के साबुन की खुशबू के प्रति मच्छर अधिक आकर्षित होते हैं।

बॉडी सोप मच्छरों को कैसे आकर्षित करते हैं इसे समझने के लिए वर्जीनिया के शोधकताओं ने चार लोकप्रिय साबुन के परीक्षण किया। इनमें से तीन ब्रांड को संभावित रूप से मच्छरों को अधिक आकर्षित करने वाला पाया गया है। मतलब यह है कि मच्छर फल और फूल की खुशबू वाले सुगंधित साबुन को पसंद करते हैं। जबकि जिन साबुन में नारियल की खुशबू आती है, उसे नापसंद। अध्ययन में जानने की कोशिश की गई कि मच्छर साबुन की गंध को कितना पसंद करते हैं। यह इस बात पर निर्भर करता है कि साबुन किसी व्यक्ति के शरीर की प्राकृतिक गंध के साथ कैसे इंटरेक्ट करता है। आई साइंस के लिए शोधकताओं ने यूएस में 53 प्रतिशत लोगों के पसंदीदा ब्रांड वाले चार साबुन पर शोध किया। यहां ये समझना जरूरी है कि किसी व्यक्ति के शरीर से आने वाली गंध का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा उसके द्वारा उपयोग किए जाने वाले साबुन के कारण होता हैए जबकि शेष 40 प्रतिशत शरीर की प्राकृतिक गंध होती है। चार प्रतिभागियों ने अलग-अलग ब्रांड के साबुनों का इस्तेमाल किया। इसके बाद उनके शरीर से आने वाली गंध को उपकरणों के माध्यम से कंटेनर में एकत्रित किया गया। इसके बाद इसे अलग-अलग जार में बंद मच्छरों के बीच छोड़ा गया। शोधकताओं ने बताया कि जिन ब्रांड के साबुनों में फल या फूलों की सुगंध थी उस जार वाले मच्छर अधिक सक्रिय दिखे, उनका मूमेंट भी अधिक था। हालांकि जिस जार में नारियल के गंध को डाला गया था, उसमें मच्छरों ने अधिक प्रतिक्रिया नहीं दी। वे काफी शांत रहे। इस आधार पर शोधकताओं ने सुझाव दिया कि नारियल के तेल की सुगंध वाले साबुन का उपयोग मच्छर से बचाव के लिए भी किया जा सकता है।

# मां बनने वाली हैं स्वरा भास्कर, पति फहाद के साथ फैंस को दी खुशखबरी

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस स्वरा भास्कर ने एक खुशखबरी दी है। जनवरी में समाजवादी पार्टी के नेता फहद अहमद से शादी करने वाली स्वरा को एक नए मेहमान से प्यार हो गया है। स्वरा प्रेग्नेंट हैं और जल्द ही मां बनने वाली हैं। स्वरा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर अपने फैंस को यह खुश खबरी दी है। स्वरा भास्कर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पति फहद अहमद के साथ एक तस्वीर शेयर की है। इस फोटो में स्वरा अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट कर रही हैं। कभी-कभी सबकी दुआ काम कर जाती है। स्वरा ने पोस्ट में कहा, हम जीवन के इस नए चरण में कदम रखने के लिए उत्साहित और खुश हैं। उन्होंने पोस्ट में कहा है कि अक्टूबर के महीने में स्वरा और अहमद की जिंदगी में एक नए मेहमान का आगमन होगा। इस पोस्ट पर उनके फैंस ने कमेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। बता दे कि स्वरा और फहद अहमद ने जनवरी के महीने में कोर्ट मैरिज की थी। एक महीने बाद स्वरा ने फोटो पोस्ट कर बताया कि उन्होंने शादी कर ली है।

